


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

**वर्ष-27 अंक** : 141 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण शु.7, 2079 **गुरुवार, 4 अगस्त** 2022

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये**

### बिश्नोई का इस्तीफा : आज थामेंगे भाजपा का दामन

चंडीगढ़ , 3 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा कांग्रेस के बागी नेता कुलदीप बिश्नोई ने बुधवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। वह चार अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे।

उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को अपना इस्तीफा सौंपा है। इस दौरान पूर्व विधायक रेणुका बिश्नोई, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, भाजपा विधायक दूड़ाराम और लक्ष्मण नापा मौजूद रहे।कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि मनमुटाव परिवार में भी हो जाते हैं। मनमुटाव दुश्मनी में नहीं बदलने चाहिए। कांग्रेस आदमपुर से चुनाव जीतकर दिखाए, मैं चुनाव हारा तो राजनीति छोड़ दूंगा। भाजपा में एक कार्यकर्ता के तौर पर ज्वाइन करूंगा।

# नेशनल हेराल्ड केस में दूसरे दिन ईडी का एक्शन

### यंग इंडिया का दफ्तर सील, राहुल कर्नाटक दौरा छोड़कर दिल्ली लौटे


कांग्रेस मुख्यालय में रणनीतिक विचार-विमर्श करते हुए कांग्रेस पदाधिकारी

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार लगातार दूसरे दिन कार्रवाई की है। ईडी ने दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में स्थित यंग इंडिया कंपनी का ऑफिस सील कर दिया है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की है। यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का ऑफिस सील होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान आया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी 2-3 उद्योगपतियों के लिए काम करती है। उन्होंने छोटे, मध्यम व्यापारियों के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस नेता बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर कर्नाटक पहुंचे थे, लेकिन वो अपना दौरा छोड़कर दिल्ली वापस आ रहे हैं। राहुल रात करीब 10:30 बजे दिल्ली पहुंचेंगे। मंगलवार को ही ईडी की टीम ने सुबह से देर शाम तक नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई थी।

ईडी की कार्रवाई के बाद कांग्रेस नेता अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेस कर कहा कि यह विनाश काल है, विनाश काले विपरीत बुद्धि। बीजेपी हमें डराना चाहती है, लेकिन हम जनता के मुद्दों पर आवाज उठाते रहेंगे। ईडी की कार्रवाई के बाद कांग्रेस नेता अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा बीजेपी हमें डराना चाहती है। कांग्रेस ने 5 अगस्त को महंगाई, बेरोजगारी और जीएसटी जैसे मुद्दों पर देश और प्रदेशों में प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। हम प्रधानमंत्री आवास और राष्ट्रपति आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। >12

### कांग्रेस का दावा-पांच अगस्त को विरोध-प्रदर्शन की नहीं मिली मंजूरी

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। ईडी ने दिल्ली में हेराल्ड हाउस की इमारत में यंग इंडियन के कार्यालय को सील कर दिया है। वजह बताई गई कि तलाशी के दौरान कार्यालय में कोई भी उपलब्ध नहीं था और इसलिए वे तलाशी पूरी नहीं कर पाए। आदेश में कहा गया है कि एजेंसी से बिना पूर्व अनुमति के परिसर नहीं खोला जाएगा। इस बीच एआईसीसी मुख्यालय की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही 10 जनपथ यानी कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

सूत्रों की मानें तो ईडी कभी भी कांग्रेस दफ्तर पर छापेमारी की कार्रवाई कर सकती है। इन अटकलों के बीच कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, सलमान खुर्शीद, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम और अन्य दिग्गज एआईसीसी मुख्यालय पहुंचने लगे हैं। >12

# आंध्र प्रदेश की क्लॉथ फैक्ट्री में गैस लीक

> 95 लोग अस्पताल में भर्ती, इनमें अधिकतर महिला कर्मचारी

> *गैस सैंपल जांच के लिए हैदराबाद भेजा गया*

विशाखापट्टनम, 3 अगस्त (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में मंगलवार को एक क्लॉथ फैक्ट्री में गैस लीकेज हुआ था। यहां के अत्चुतापुरम इलाके में हुए लीकेज की वजह से अस्पताल में एडमिट होने वालों की संख्या बढ़कर 95 हो गई है, इनमें ज्यादातर महिलाएं हैं। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई है।

पुलिस के मुताबिक, घटना मंगलवार शाम 7 बजे की है। फैक्ट्री में मौजूद अन्य सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया। फिलहाल लीक के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने गैस सैंपल को जांच के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, हैदराबाद भेज दिया है।

**जांच पूरी होने तक फैक्ट्री बंद करने के आदेश**

सभी गैस पीड़ितों का अत्चुतापुरम, अनकापल्ली और विशाखापट्टनम के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इनमें गैस सूंघने के बाद मतली और उल्टी के लक्षण देखे गए। राज्य के उद्योग मंत्री गुडीवाड़ा अमरनाथ ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने कहा- फैक्ट्री में 2 महीने के भीतर दूसरी बार ऐसा हुआ है, इसलिए जांच पूरी होने तक उसे बंद कर दिया गया है। वहीं, विपक्षी दलों ने इस तरह के हादसे रोकने में विफल रहने पर राज्य सरकार की आलोचना की है।

**पिछले हादसे की जांच रिपोर्ट का इंतजार**

बीते 2 महीने में इस फैक्ट्री में दूसरी बार गैस लीक की घटना सामने आई है। इससे पहले 3 जून को हुए लीक में 300 से अधिक महिला कर्मचारी बेहोश हो गईं थी। इनकी आंखों में जलन, मतली और उल्टी की शिकायत हुई थी। हैदराबाद में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी) के एक्सपर्ट्स की एक टीम ने 3 जून को हुए गैस लीक पर राज्य सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसे अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। अनाकापल्ली जिले के डीएम की अध्यक्षता वाली एक कमेटी की जांच रिपोर्ट भी लोगों के सामने नहीं आई है। माना जा रहा है कि इस दौरान अमोनिया गैस लीक हुई थी।

## पीएमएलए पर 'सुप्रीम' फैसले को विपक्षी दलों ने बताया 'खतरनाक', 17 दलों ने की समीक्षा की मांग

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) में संशोधन को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का टीएमसी और आम आदमी पार्टी सहित 17 विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। इन 17 दलों ने बुधवार को इस अधिनियम में संशोधनों को बनाए रखने वाले उच्चतम न्यायालय के फैसले के दीर्घकालिक प्रभाव के बारे में आशंका व्यक्त की। विपक्ष ने इसकी समीक्षा की मांग करते हुए इसे 'खतरनाक' बताया। इन दलों ने इसे लेकर एक साझा बयान भी जारी किया। संयुक्त बयान में, विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा कि सर्वोच्च अदालत का ये निर्णय सरकार के हाथों को मजबूत करेगा जो अपने विरोधियों को निशाना बनाने के लिए 'राजनीतिक प्रतिशोध में लिप्त' है। इस बयान में विपक्ष ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह "खतरनाक फैसला अल्पकालिक" होगा और संवैधानिक प्रावधान लागू होंगे।

नेताओं ने बयान में कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के हाल ही में दिए गए उस आदेश के होने वाले दूरगामी असर को लेकर गहरी चिंता प्रकट करते हैं, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने धनशोधन निवारण कानून, 2002 में किए गए संशोधनों को पूरी तरह से बरकरार रखा है और इसकी छानबीन नहीं की कि इनमें से कुछ संशोधन वित्त विधेयक के जरिये किए गए। नेताओं ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आगे कहा कि हम इस बात से बहुत निराश हैं कि अधिनियम में नियंत्रण और संतुलन की कमी पर एक स्वतंत्र फैसला देने के लिए आमंत्रित सर्वोच्च न्यायिक प्राधिकरण ने कठोर संशोधनों के समर्थन में कार्यपालिका द्वारा दिए गए तर्कों को पुन: प्रस्तुत किया है। हमें उम्मीद है कि यह खतरनाक फैसला अल्पकालिक होगा और संवैधानिक प्रावधान जल्द ही लागू होंगे। इस साझा बयान पर जिन दलों ने हस्ताक्षर किए हैं उनमें कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, आप, राकांपा, शिवसेना, माकपा, भाकपा, आईयूएमएल, आरएसपी, एमडीएमके, राजद और रालोद शामिल हैं।

### पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात एसआई पर चाकू से हमला

हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मारेडपल्ली पुलिस थाने के सब-इंस्पेक्टर को शराब नशे में धुत बाइक सवारों ने चाकू मार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। एसआई घटना के समय सब-इंपेक्टर ए. विनय कुमार बुधवार तड़के पेट्रोलिंग ड्यूटी कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि घटना तड़के करीब 3 बजे हुई, जब एसआई सिकंदराबाद में एंकर चैरिटी हेवन्स अपार्टमेंट के पास गश्त कर रहे थे। सब-इंपेक्टर ने आरोपियों को कथित तौर पर नशे की हालत में पाया और सार्वजनिक उपद्रव करने से रोक रहे थे। इससे नाराज होकर आरोपियों ने उन्हें चाकू मार दिया।

# शिवसेना पर आज फिर सुनवाई

***सीजेआई ने कहा-हमने सुनवाई टाली, आपने सरकार बना ली***




नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सियासी संकट पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट की ओर से दाखिल 5 याचिकाओं पर दोनों पक्षों के वकीलों में गरमागरम बहस हुई। सुप्रीम कोर्ट ने शिंदे पक्ष के वकील से कहा- हमने 10 दिन के लिए सुनवाई टाली थी। आपने सरकार बना ली, स्पीकर बदल दिया। इस पर शिंदे गुट के वकील हरीश साल्वे ने कहा- उद्धव ठाकरे ने खुद ही सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। एक व्यक्ति या नेता पूरी पार्टी नहीं हो सकता है। सीजेआई एनवी रमना ने कहा- हम गुरुवार को इस केस को सुबह साढ़े दस बजे सुनेंगे।

**सिब्बल बोले-विधायक या तो किसी पार्टी में विलय करें या नई पार्टी बनाएं**

सबसे पहले उद्धव कैंप के वकील कपिल सिब्बल ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- अगर 2 तिहाई विधायक शिवसेना से अलग होना चाहते हैं, तो उन्हें किसी से विलय करना होगा या नई पार्टी बनानी होगी। वह नहीं कह सकते कि वह मूल पार्टी हैं। सीजेआई ने पूछा कि मतलब आप कह रहे हैं कि उन्हें बीजेपी में विलय करना चाहिए था या अलग पार्टी बनानी थी। सिब्बल बोले- कानूनन तो यही करना था।

**सिब्बल बोले-** जिस तरह से उन्होंने (शिंदे गुट) पार्टी की सदस्यता छोड़ दी है। वे मूल पार्टी होने का दावा नहीं कर सकते। >12

# 14 महीने बाद ममता कैबिनेट का विस्तार

***9 कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली, पूर्व भाजपा सांसद बाबुल को भी दीदी ने बनाया मंत्री***




कोलकाता, 3 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में 14 महीने बाद बुधवार को ममता बनर्जी कैबिनेट का दूसरी बार विस्तार हुआ। राजभवन में राज्यपाल एल गणेशन ने 9 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। इनमें 7 कैबिनेट और 2 मंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। ममता ने विधानसभा चुनाव के बाद सितंबर 2021 में भाजपा छोड़ तृणमूल में आए पूर्व सांसद बाबुल सुप्रियो को भी मंत्री बनाया है। कैबिनेट मिनिस्टर: बाबुल सुप्रियो, स्नेहाशीष चक्रबर्ती, पार्थ भौमिक, उदयन गुहा, प्रदीप मजूमदार, तजमुल हुसैन, सत्यजीत बर्मन।

**मंत्री स्वतंत्र प्रभार: बीरबाहा हंसदा, बिप्लब रॉय चौधरी।**

पार्थ चटर्जी मामले में काफी किरकिरि होने के बाद ममता बनर्जी ने अपने मंत्रियों को हिदायत दी है कि गलत काम करने से बचें। उन्होंने कहा- मैं किसी गलत इंसान को नहीं बचाऊंगी।

ममता बनर्जी कैबिनेट विस्तार से पहले परफॉर्मेंस के आधार पर 3-4 मंत्रियों को हटा सकती है। इन सभी को संगठन के कामकाज में लगाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार जिन मंत्रियों को हटाने की चर्चा है उनमें सोमेन महापात्रा, परेश अधिकारी, चंद्रकांत सिंह और मलय घटक का नाम है।

**बड़े-बड़े विभागों में मंत्री नहीं**

ममता कैबिनेट के बड़े-बड़े विभागों में अनुभवी मंत्रियों की कमी है। सुब्रत मुखर्जी और साधन पांडे के निधन की वजह से पंचायती राज, पीएचई, खाद्य एवं उपभोक्ता और सहकारिता विभाग में कोई मंत्री नहीं है, जबकि पार्थ के हटने से वाणिज्य और उद्योग का प्रभार भी ममता के पास है। ऐसे में इन विभागों की जिम्मेदारी किसे दी जाएगी, ये भी देखना होगा।

# 10 वर्षीय बच्चे ने बैंक से उड़ाए 35 लाख रुपए

पटियाला, 3 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के पटियाला में बुधवार को चौंकाने वाली घटना सामने आई। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की पटियाला मेन शाखा से 10-15 साल का एक बच्चा 35 लाख रुपए से भरा बैग लेकर रफू चक्कर हो गया। लाखों रुपए की यह राशि बैंक के बाहर लगे एटीएम में डालने के लिए रखी थी। बैग गायब मिलने पर बैंक में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में बैंक में लगे सीसीटीवी चैक किए गए और वारदात की सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही एसपी सिटी वजीर सिंह पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। छानबीन के बाद एसपी ने बताया कि सुबह साढ़े 11 बजे के करीब एक नाबालिग बालक बैंक में आया था और यहां से 35 लाख रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गया। इससे पहले उसने 15-20 मिनट तक बैंक में रेकी की। जैसे ही मौका मिला, बैग लेकर फुर्र हो गया।

एसबीआई में जिस तरह से वारदात की गई है, वह एक सोची समझी साजिश थी। बच्चा भी किसी कुख्यात चोर गिरोह का सदस्य लग रहा है। पुलिस ने शहर में नाकाबंदी की है और रुपए का बैग लेकर निकले नाबालिग की तलाश की जा रही है। बताया गया कि बच्चा बैंक में अकेला नहीं था, बल्कि उसके साथ 25 साल का एक दूसरा युवक भी दिखाई दे रहा है। एसपी ने बताया कि पुलिस की कई टीमें जांच में लगी हैं।




### देश में आईएएस अफसरों के 1472 पद खाली

**बिहार में 377 सीट वैकेंट; सेंट्रल डेप्यूटेशन पर आने वाले अफसरों की संख्या में कमी**

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। देश में आईएएस अफसरों के 1472 पद खाली हैं। इनमें से 850 ऐसे हैं जिनकी आईएएस में यूपीएससी के जरिए सीधी भर्ती होनी थी। वहीं, 622 ऐसे पद खाली हैं, जिन्हें राज्य सरकारों के तरफ प्रमोशन के आधार पर भरा जाना था। तय संख्या में अफसरों की नियुक्ति नहीं होने से लैटरल एंट्री और दूसरी सेवाओं के अफसरों से काम लिया जा रहा है। अफसरों की कमी से हर साल राज्यों से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अफसरों की संख्या में कमी आ रही है। आईएएस अधिकारियों की कमी का राष्ट्रीय औसत 22 फीसदी है। केंद्र सरकार जॉइंट सेक्रेटरी और अन्य सीनियर ऑफिसरों की कमी से लैटरल एंट्री कर जरूरत पूरी कर रहा है। बसवान कमेटी की सिफारिशों के आधार पर हर साल सीधी भर्ती से 180 से ज्यादा अफसर नियुक्त नहीं किए जा सकते। कमेटी का कहना है कि इससे ज्यादा संख्या बढ़ाई जाती है, तो उनकी गुणवत्ता से समझौता हो सकता है।

बिहार में आईएएस के अधिकारियों के कुल स्वीकृत 359 पद है, जिसमें से 157 पद रिक्त हैं। यानी 377 आईएएस अफसरों की कमी है। केवल 202 पदों पर ही अधिकारी कार्यरत हैं। खाली पदों के कारण एक दर्जन से अधिक आईएएस अधिकारियों को कई-कई विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। अभी बिहार में कार्यरत 202 अधिकारियों में मुख्य सचिव स्तर के 11 आईएएस कार्यरत हैं।

## शोक-संदेश



## श्रीमती मनभावती बाई

(धर्मपत्नी : स्व. श्री ग्यारसीलालजी अग्रवाल)

स्वर्गवास बुधवार, दि. 3 अगस्त 2022 को हुआ।

नास्ति मातृसमा छाया नास्ति मातृसमा गतिः।
नास्ति मातृसमं त्राणं नास्ति मातृसमा प्रपा।।

अर्थात: माँ के जैसा न कोई छाया दे सकता है और ना ही कोई आश्रय ही दे सकता है और माँ के समान ना ही कोई हमें सुरक्षा ही दे सकता है माँ इस पूरे ब्रह्माण्ड में जीवन दायिनी है और उसके जैसा कोई दूसरा नहीं हैं।

शोकाकुल : लक्ष्मीनारायण अग्रवाल (देवर), जगदीश प्रसाद (भतीजा),
महेश कुमार, सुरेश कुमार, सुभाष कुमार (पुत्र), सुशीला देवी, शारदा देवी (पुत्री)
नवीन, अरूण, पवन, मुकेश, अविनाश, विकास, मनीष (पौत्र)
मयंक, कृषांग, हर्ष, हार्दिक, हर्षिल, रियांश (प्रपौत्र) एवं समस्त दिल्लीवाला परिवार

फर्म : ग्यारसीलाल महेश कुमार (दिल्लीवाले)

प्लॉट नं. 403, रोड नं. 12, बंजारा हिल्स, हैदराबाद. फोन: 9963655700, 9985172000

# पेलोसी की यात्रा से बौखलाया चीन

**नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से पता चलता है कि अमेरिका इस देश को चीन के खिलाफ समर्थन देने के लिए तैयार है। यानी वो ताइवान की आजादी का समर्थन कर रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय ने एक कड़ा बयान जारी कर कहा कि उनकी यात्रा 'एक-चीन सिद्धांत और चीन-अमेरिका के तीन संयुक्त सहमति पत्रों के प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन है।**



नैंसी पेलोसी रात ताइवान पहुंची पेलोसी की यात्रा से चीन बुरी तरह चिढ़ा लगातार इस यात्रा का विरोध कर रहा चीन



ताइपे, 3 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी चीन की धमकियों को दरकिनार करते हुए ताइवान पहुंच गई हैं वहीं इससे चीन बुरी तरह बौखला गया है। नैंसी के ताइवान पहुंचते के बाद चीन ने अपनी ताकत दिखानी शुरू की और ताइवान की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए उसके 21 फाइटर जेट दक्षिणी पश्चिमी ताइवान के एयर डिफेंस जोन में जा घुसे। हालांकि इस दौरान टकराव होते-होते बचा। ताइवान की मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस ने चीन की इस हरकत की पुष्टि की है। इस बीच नैंसी पेलोसी ने ताइवान की राष्ट्रपति से मुलाकात की।

### ताइवान ने दी वार्निंग, एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को एक्टिव किया

ताइवान मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस की ओर से ट्वीट कर इस बात की पुष्टि की गई है कि पीएलए के 21 विमान (जे-11*8, जे-16*10, केजे-500 एक ईडब्ल्यू और सी, वॉय-9 ईडब्ल्यू और वॉय-8 ईएलआईएनटी) 2 अगस्त को ताइवान के दक्षिण-पश्चिम में एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेश जोन में घुस गए। इसके जवाब में चीन ने भी अपने कॉम्बैट पेट्रोल को जुटा लिया और रेडियो सिग्नल के जरिए वार्निंग दी। साथ ही एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को भी एक्टिवेट कर दिया। ताइवान की डिफेंस मिनिस्ट्री ने एक बयान में कहा कि उसे चीन की गतिविधियों की पूरी जानकारी है और उसकी धमकियों के जवाब में जरूरत के मुताबिक सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे।

### चीन ने व्यापार प्रतिबंधों को लागू करना शुरू किया

**बैखलाए चीन ने ताइवान पर व्यापर प्रतिबंधों को लागू करना शुरू कर दिया है। उसे ताइवान को प्राकृतिक रेत के निर्यात को रोकने का ऐलान कर दिया। इसका ऐलान चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने किया। चीन ने पोलोसी की यात्रा के विरोध में यह कदम उठाया है।**

### हम यहां आपकी बात सुनने और आपसे सीखने आए हैं-पेलोसी

ताइवान पहुंचने पर नैंसी पेलोसी ने कहा-' हम यहां आपकी बात सुनने और आपसे सीखने के लिए हैं कि हम एक साथ कैसे आगे बढ़ सकते हैं। हम आपको कोविड के मुद्दे को सफलतापूर्वक संबोधित करने के लिए बधाई देते हैं जो स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और शासन का मुद्दा भी है। हमें इस बारे में बातचीत की प्रतीक्षा है कि कैसे हम मिलकर इस ग्रह को जलवायु संकट से बचाने के लिए काम कर सकते हैं। हम आपके नेतृत्व के लिए धन्यवाद करते हैं और चाहते हैं कि दुनिया इसे पहचाने। हमारी यात्रा मानवाधिकारों, अनुचित व्यापार प्रथाओं, सुरक्षा मुद्दों को लेकर है।

## मुफ्त चुनावी रेवड़ियों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### कही ये बात, केंद्र ने भी किया समर्थन



नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। चुनाव में राजनीतिक दलों के मुफ्त सुविधाएं देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मुफ्तखोरी देश अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है. ये गंभीर मसला है. चुनाव आयोग इस पर ध्यान दे. सरकार ने भी चुनाव में मुफ्त सुविधाओं का वादा करने वाले दलों पर लगाम लगाने की मांग का समर्थन किया है.

**चुनाव आयोग से कही ये बात**

चुनाव में मुफ्त सुविधाओं का वादा करने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, कोर्ट ने चुनाव आयोग से इस मामले की और ध्यान देने को कहा है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ये मामला बेहद गंभीर है. दिक्कत ये है कि हर राजनीतिक दल ऐसी घोषणाओं का फायदा उठाता है. किसी एक राजनीतिक दल की बात नहीं है. क्या संसद में इस पर चर्चा होगी?

**सभी पक्षों से मांगे सुझाव**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मामले से जुड़े सभी पक्ष लॉ कमीशन, नीति आयोग, सभी दल, लॉ कमीशन अपने सुझाव दें. सभी पक्ष उस संस्था के गठन पर विचार दें, जो हल निकाल सके. साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, चुनाव आयोग, वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल और याचिकाकर्ताओं से एक एक्सपर्ट कमैटी के गठन पर अपने सुझाव 7 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने को कहा, जो इस बात की जांच करेगी कि मुफ्त वादों को कैसे विनियमित किया जाए और इसकी एक रिपोर्ट तैयार की जाए. इस मामले में अगली सुनवाई 11 अगस्त को होगी.

## नेहरू की वजह से तिब्बत और ताइवान को किया चीन के हवाले...

# सुब्रमण्यम स्वामी ने वाजपेयी को भी घसीटा



नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्रियों, जवाहर लाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इनके कारण भारतीयों ने इस बात को स्वीकार किया कि तिब्बत और ताइवान चीन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अब चीन परस्पर सहमत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान भी नहीं करता और लद्दाख के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया है। सुब्रमण्यम स्वामी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला तेज करते हुए कहा कि जहां चीन ने लद्दाख के कुछ हिस्सों को हड़प लिया है, वहीं मोदी का यह कहना है कि कोई आया ही नहीं। उनका बयान स्तब्ध करने वाला है। सुब्रमण्यम स्वामी ने ट्वीट कर कहा, "हम भारतीयों ने नेहरू और एबीवी (अटल बिहारी वाजपेयी) की मूर्खता के कारण तिब्बत और ताइवान को चीन के हिस्से के रूप में स्वीकार किया। चीन को पता होना चाहिए कि हमारे पास फैसला करने के लिए चुनाव हैं।" चीन द्वारा बार-बार 'चेतावनी' देने के बावजूद अमेरिकी हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बीच स्वामी का यह बयान आया है।

### गोवंश की तस्करी के शक में भीड़ ने 3 लोगों को पीटा

भोपाल, 3 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में कथित तौर पर एक मॉब लिंचिंग की एक घटना सामने आई है। यह मामला मंगलवार देर रात का बताया जा रहा है। लोगों की भीड़ ने गोवंश परिवहन के शक में तीन लोगों पर हमला कर दिया। हमले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। दरअसल एक ट्रक गोवंश लेकर जा रहा था। सिवनी मालवा के आगे एक गांव के कुछ लोगों ने देर रात उस ट्रक को रुकवाया। उसमें सवार तीन लोगों के साथ मारपीट की। उन लोगों को शक था कि गायों का परिवहन अवैध तरीके से हो रहा है।

# अमेरिका को आंख दिखाने वाला चीन

## शेख हसीना की एक घुड़की से डर गया, शर्मिंदगी के मारे बदली यात्रा की तारीख



कोलकाता, 3 अगस्त (एजेंसियां)। ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका से भिड़ने वाला चीन इन दिनों बांग्लादेश की एक घुड़की की वजह से पूरी दुनिया के सामने शर्मिंदा हो गया है। यहां तक की बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी को अपनी यात्रा की तारीख तक बदलने पर मजबूर कर दिया है। अब ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जिस देश को बांग्लादेश जैसा देश हड़का दे रहा है वह दुनिया के सुपर पावर अमेरिका को कैसे टक्कर देगा। दरअसल, चीन के विदेशमंत्री वांग यी अगस्त में बांग्लादेश के दौरे पर जाना चाहते थे, इसके लिए उन्होंने तारीख भी तय कर ली, लेकिन बांग्लादेश सरकार से इस बारे में कोई बातचीत नहीं की। शायद चीन को लगा होगा कि वह इतना ताकतवर देश है कि उसे बांग्लादेश कहां कुछ कह पाएगा। लेकिन जब चीन ने अचानक अपने विदेश मंत्री के बांग्लादेश दौरे की बात शेख हसीना सरकार से कही तो बांग्लादेश सरकार ने इस पर दो टूक जवाब देते हुए नाराजगी जाहिर कर दी। शेख हसीना सरकार ने इस यात्रा पर खुले तौर से आपत्ति जताई। जिसके बाद चीनी विदेश मंत्री को अब अपनी यात्रा की तारीखें बदलनी पड़ी हैं। वांग यी इससे पहले 2017 में बांग्लादेश के दौरे पर गए थे।

**बांग्लादेश ने ऐसा क्यों किया?**

बांग्लादेश ने ऐसा करने के पीछे की वजह बताई है कि उसके विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन का न्यूयॉर्क और कंबोडिया का दौरा पहले से निर्धारित था, इसलिए वह चीनी विदेश मंत्री को समय नहीं दे सकते थे। हालांकि जानकार बताते हैं कि बांग्लादेश सरकार के ऐसा करने के पीछे की एक वजह ये भी हो सकती है कि वह अमेरिका को बता सके कि उसके लिए चीन से पहले अमेरिका है। अब बांग्लादेश ने चीनी विदेशमंत्री का दौरा 7 से 8 अगस्त के बीच निर्धारित किया है।

### एक महिला में मिले मंकी पॉक्स जैसे लक्षण, जांच के लिए पुणे भेजा गया है सैंपल

भोपाल, 3 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के इंदौर में रहने वाली एक महिला में मंकी पॉक्स के लक्षण मिले है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने महिला को होम आइसोलेट कर दिया है। साथ ही इसके स्वास्थ विभाग महिला के सैंपल लेकर जांच के लिए पुणे भेजेगा। महिला की कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। बता दें कि महिला की तबीयत खराब होने के बाद वे एक निजी क्लीनिक में इलाज कराने के लिए पहुंची थी। जहां डॉक्टर ने पाया की महिला को सर्दी-खांसी और बदन दर्द के साथ शरीर पर लाल चकत्ते उभर आए हैं।

# दूषित पानी पीने से एक छात्रा की मौत 55 बीमार



दुर्ग, 3 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के एक निजी कॉलेज के महिला छात्रावास में दूषित पानी पीने से एक 19 वर्षीय छात्र की मौत हो गई और 55 अन्य बीमार बताई गई हैं। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने मंगलवार को कहा, यह मामला सोमवार को तब सामने आया, जब जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को पता चला कि वेद महिला छात्रावास से बड़ी संख्या में छात्राओं को भिलाई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रस्तोगी कॉलेज में कौशल विकास प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल कम से कम 55 महिलाओं को उल्टी और पेचिश की शिकायत के बाद 30 जुलाई को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल 51 छात्राओं का अस्पताल में इलाज चल रहा है। चार को छुट्टी दे दी गई। बलोद जिले की रहने वाली एक छात्रा, कामिनी चुरेंद्र को उसके परिजन 29 जुलाई को छात्रावास से घर ले गए थे। वहां से उसे राजनंदगांव के अस्पताल में भर्ती कराया गया, रविवार को उसकी मौत हो गई। दुर्ग के जिलाधिकारी पुष्पेंद्र मीणा ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड को सुप्रीम फटकार

### अटॉर्नी जनरल को पैरवी से हटाने का मामला



नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड को अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल को पैरवी से हटाने के लिए फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा कि आप अटॉर्नी जनरल (एजी) के साथ इस तरह व्यवहार नहीं कर सकते। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि अंतिम समय में उन्हें हटाया जाना 'न्याय के उचित प्रशासन में हस्तक्षेप करने का एक अनुचित प्रयास है और पुख्ता तौर पर अदालत की अवमानना है।' प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने वेणुगोपाल के पत्र पर गौर करते हुए कहा, आपका पत्र देखकर मैं बहुत परेशान हूं। आप (वक्फ बोर्ड) क्या सोच रहे हैं? क्या आप भारत के अटॉर्नी जनरल के साथ ऐसा व्यवहार करते हैं? इसके बाद वक्फ बोर्ड के वकील ने कहा, मैं ईमानदारीपूर्वक माफी मांगता हूं। वेणुगोपाल ने सुनवाई की शुरुआत में, जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ को बताया कि उन्हें पैरवी से हटा दिया गया है और इस संबंध में एक पत्र जारी किया जा चुका है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, वह कुछ मुद्दों के बावजूद इस मामले पर पैरवी करने के लिए सहमत हुए, तभी आपने उन्हें हटा दिया। यह क्या है? एजी को हटाने का यह तरीका सही नहीं है। मैं (सुनवाई की) तारीख आगे नहीं बढ़ाऊंगा। इसे निर्धारित दिन पर सूचीबद्ध करें। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत एक कानूनी सवाल से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी कि क्या मुसलमानों द्वारा धर्मार्थ कार्यों के लिए दान की गई भूमि वक्फ कानून के तहत आती है।

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की रिपोर्ट

### चार साल में देश में यौन शोषण के 7 हजार से ज्यादा केस, यूपी सबसे आगे

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। देश में बच्चों की सरक्षा से संबंधित कई योजनाएं चल रही हैं। इसके बावजूद भी बच्चे यौन शोषण जैसे अपराधों से सुरक्षित नहीं हैं। बच्चों से यौन शोषण संबंधी मामलों में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय यौन शोषण से संबंधित एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले चार साल में बच्चों के यौन शोषण के कुल 7 हजार 595 मामले दर्ज किए गए। इनमें उत्तर प्रदेश टॉप पर है। इसके अतिरिक्त टॉप 5 राज्यों में मध्यप्रदेश, बिहार, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली का नाम भी शामिल है।

**यूपी में सबसे अधिक केस**

रिपोर्ट में वर्ष 2019 से जून 2022 तक के मामलों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट का उद्देश्य यह है कि इन अपराधों के अधिक होने का कारण क्या है और कहां व किस क्षेत्र में लोगों में बच्चों के प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है। इसमें से अकेले यूपी में 2,973 केस दर्ज किए गए हैं। यह कुल मामलों का 39.14% है।

**केरल में सबसे कम केस**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के 2019 से 2022 के आंकडों के मुताबिक यौन शोषण के सबसे कम मामले केरल में हैं। यहां 60 बच्चे यौन शोषण का शिकार हैं। इसके अलावा मध्य प्रदेश में 374, तमिलनाडु में 310, झारखंड में 287, महाराष्ट्र में 261, तेलंगाना में 210, पश्चिम बंगाल में168, छत्तीसगढ़ में160, कर्नाटक में 140, ओडिशा में 128, पंजाब में 122, गुजरात में 120, आंध्र प्रदेश में 112, उत्तराखंड में 64, असम में 64 मामले दर्ज किए गए।

## असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्तियां हाईकोर्ट ने की रद, बताई वजह

नैनीताल, 3 अगस्त (एजेंसियां)। हाईकोर्ट ने राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा दिसंबर 2021 में डिग्री कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 455 पदों के लिए जारी विज्ञापन को दिव्यांग जन अधिकार नियम 2017 के खिलाफ मानते हुए उसे रद कर दिया है। साथ ही आयोग को नए सिरे से विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार, दिव्यांग मनीष चौहान, रितेश आदि ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के स्तर से चार दिसंबर 2021 को जारी विज्ञप्ति को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उनका कहना था कि आयोग द्वारा राज्य के डिग्री कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 455 रिक्त पदों के लिए जारी विज्ञप्ति में दिव्यांगजनों को मिलने वाले क्षैतिज आरक्षण को इस तरह से निर्धारित किया है कि उनके लिए सीट आरक्षित नहीं रह पाई है।

## मध्य प्रदेश में चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त

झाबुआ, 3 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मंगलवार को अधिकारियों ने जानकारी दी है कि अज्ञात लोगों ने क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति तोड़ दी। यह घटना जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर थांदला शहर की है। सोमवार को मूर्ति तोड़े जाने की जानकारी सामने आई है। थांदला नगर परिषद के मुख्य म्यूनिसिपल ऑफिसर भरत सिंह टांक ने कहा मूर्ति के छोटे हिस्से को तोड़ा गया है। आजाद की इस मूर्ति पर लगे पिस्टल को क्षतिग्रस्त किया गया था जिसे अब ठीक करा दिया गया है। स्थानीय पुलिस इंचार्ज कौशल्या चौहान ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिसवालों की नजर मूर्ति के टूटे हिस्से पर पड़ी थी। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशों की पहचान की जाएगी। इस मामले में स्थानीय बीजेपी और कांग्रेस नेताओं ने कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि पिछले महीने 23 जुलाई को शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई थी।

## पीएम मोदी के बाद कांग्रेस ने बदली ट्विटर की प्रोफाइल फोटो



नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रोफाइल फोटो को बदल दिया है. कांग्रेस ने तिरंगे के साथ पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की फोटो लगाई है. स्वतंत्रता दिवस से पहले 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत कांग्रेस ने प्रोफाइल फोटो में बदलाव किया है. इसके साथ ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी तिरंगे संग पंडित नेहरू की तस्वीर अपने प्रोफाइल फोटो में लगाई है.

**कांग्रेस ने पंडित नेहरू की फोटो संग शेयर किया खास मैसेज**

तिरंगे के साथ पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की फोटो शेयर करते हुए एक खास मैसेज भी दिया है. कांग्रेस ने ट्विटर पर लिखा, 'तिरंगा हमारे दिल में है, लहू बनकर हमारी रगों में है. 31 दिसंबर, 1929 को पंडित नेहरू ने रावी नदी के तट पर तिरंगा फहराते हुए कहा था, 'अब तिरंगा फहरा दिया है, ये झुकना नहीं चाहिए.' आइए हम सब देश की अखंड एकता का संदेश देने वाले इस तिरंगे को अपनी पहचान बनाएं. जय हिंद.

**राहुल और प्रियंका गांधी ने भी शेयर की फोटो**

पूर्व पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू की फोटो शेयर करते हुए राहुल गांधी ने लिखा, 'देश की शान है, हमारा तिरंगा. हर हिंदुस्तानी के दिल में है, हमारा तिरंगा.' वहीं, प्रियंका गांधी ने लिखा, 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा.'

**पीएम मोदी ने की थी प्रोफाइल पर तिरंगा लगाने की अपील**

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' 91वें एपिसोड में देशवासियों से 2 अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रोफाइल फोटो के रूप में तिरंगा लगाने की अपील की थी. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' जन आंदोलन में बदल रहा है.

### नगर निगम के सहायक यंत्री के घर ईओडब्ल्यू का छापा

जबलपुर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। जबलपुर नगर निगम के सहायक यंत्री आदित्य शुकला के निवास पर ईओडब्लयू ने छापा मारा है। सहायक इंजीनियर के यहां आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के मामले में जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार ईओडब्ल्यू को सहायक यंत्री के पास आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत मिली थी। शिकायत का सत्यापन उपनिरीक्षक विशाखा तिवारी जबलपुर से कराया गया था। सत्यापन में पाए गए साक्ष्यों के आधार पर छापामारा गया है। जांच में सहायक यंत्री आदित्य शुक्ला के आय अर्जित स्रोत से उनके प्राप्त आय की तुलना में उनके द्वारा व्यय और अर्जित की गई संपत्ति 203 प्रतिशत अधिक होने की जानकारी पाई गई है।

# एमपी के पूर्व सपा प्रदेश अध्यक्ष पर एइआईआर

## 14 करोड आमदनी में 37 करोड खर्च करने पर यूपी विजलेंस ने किया मामला दर्ज



भोपाल, 3 अगस्त (एजेंसियां)। साल 2008 में मप्र समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे दीपनारायण सिंह यादव पर आमदनी से ज्यादा खर्च करने के मामले में यूपी विजिलेंस ने मामला दर्ज किया है। झांसी पुलिस की विजिलेंस विंग में दीपनारायण सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। मप्र की राजनीति में दीपनारायण सिंह का पिछले तीन चुनावों में सीधा दखल रहा है। मप्र में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में दीपनारायण सिंह यादव अपने बेटे को उतारने की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच यूपी के झांसी में उनके खिलाफ आमदनी से ढ़ाई गुना ज्यादा खर्च कर संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया गया है।

**आमदनी 14 करोड खर्च किए 37 करोड**

यूपी पुलिस की सर्तकता अधिष्ठान के इंस्पेक्टर शंभू तिवारी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो दीपनारायण यादव के खिलाफ विधायक रहते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत की गई थी। इसकी जांच रिपोर्ट में पाया गया कि दीपनारायण यादव ने लोक सेवक(विधायक) रहते हुए अवैध तरीके आय से ढाई गुना अधिक 37 करोड़ 32 लाख 55 हजार 884 रुपये खर्च किए जो उनकी वैध कमाई से 23 करोड़ 2 लाख 24 हजार 400 रुपये ज्यादा बताई गई है। विजिलेंस अधिकारियों को सपा नेता दीपनारायण इस संपत्ति का ब्यौरा भी नहीं दे सके। जांच अधिकारी के मुताबिक जांच में दीप नारायण को आरोपी मानते हुए भृष्टाचार निवारण अधिनियम (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 13 (1) बी और 13 (2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में अब आगे की जांच यूपी विजिलेंस की कानपुर सेक्टर यूनिट करेगी। साल 2008 में मप्र की निवाड़ी विधानसभा से मीरा यादव समाजवादी पार्टी की विधायक चुनी गई थीं। मीरा यादव के पति दीपनारायण सिंह (दीपक) यादव उत्तरप्रदेश के झांसी जिले की गरौठा विधानसभा से विधायक थे। इसके बाद दीपनारायण मप्र समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी बनाए गए थे। हालांकि वे एक साल के पहले ही हटा दिए गए। अगले साल मप्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में दीपक यादव फिर से तैयारी शुरू कर रहे हैं। ऐसे में उनके ऊपर उप्र की योगी सरकार ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

**सुविचार**

जब यह शरीर नश्वर है और आत्मा अमर है, तो फिर भय किसका और किस लिए।

## कांग्रेस व टीआरएस के बीच मिलीभगत रेवंत बदल चुके हैं कई पार्टी : ईटेला

हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक ईटेला राजेंदर ने आज आरोप लगाया कि तेलंगाना राज्य में कांग्रेस और टीआरएस दोनों पार्टियों के बीच मिलीभगत है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दोनों पार्टियां गुपचुप तरीके से साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कांग्रेस विधायक राजगोपाल रेड्डी की आलोचना की भी निंदा की, जिन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने ने राजगोपाल रेड्डी के खिलाफ टीपीसीसी प्रमुख ए. रेवंत रेड्डी की टिप्पणियों की भी निंदा की। उन्होंने रेवंत से पूछा कि क्या टीआरएस ने कांग्रेस उम्मीदवारों के रूप में अपनी जीत के बाद कुछ विधायकों और एमएलसी का अपने पाले में स्वागत नहीं किया? उन्होंने रेवंत से यह भी पूछा कि क्या उन्होंने अपने कैरियर में चार राजनीतिक दल नहीं बदले। उन्होंने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी ब्लैकमेलिंग की राजनीति कर राजनीति में आए।



उन्होंने दावा किया कि रेवंत निराश है क्योंकि उन्हें टीपीसीसी प्रमुख बनने के बाद वांछित परिणाम नहीं मिल रहे है। उन्होंने रेवंत से पूछा कि अगर वह राज्य के बड़े नेता हैं तो अपने कोडंगल विधानसभा क्षेत्र में क्यों नहीं जीते, इसके अलावा उन्होंने कोडंगल में विधानसभा चुनाव हारने पर राजनीति छोड़ने के अपने वादे के बारे में भी पूछा। राजेंद्र ने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं ने राजगोपाल रेड्डी को काफी परेशानियां दीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि राजगोपाल रेड्डी अलग तेलंगाना राज्य आंदोलन के दौरान भाजपा नेतृत्व के पार्टी में शामिल होने के प्रस्ताव से सहमत नहीं थे।

ईटेला ने याद दिलाया कि राजगोपाल रेड्डी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वह अपनी कंपनी के अनुबंधों को रद्द करने और अन्य समस्याएं पैदा करने के बाद भी अलग तेलंगाना राज्य के निर्माण के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश से गायब हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने शिवसेना और राकांपा के साथ गठबंधन कर महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए उसके आदर्शों की अनदेखी की है। यह दावा करते हुए कि महाराष्ट्र के लोगों ने कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना के गठबंधन पर निराशा व्यक्त की, उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य के लोगों को खुश करने के लिए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया।

उन्होंने इस साल हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी को दो विधानसभा सीटों पर सिमटने का मज़ाक उड़ाया और कहा कि यूपी के लोगों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को खारिज कर दिया था। उन्होंने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि राहुल गांधी केरल राज्य से चुनाव लड़कर सांसद बने हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और टीआरएस दोनों पार्टियां आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव में उसी तरह से काम करेंगी जिस तरह उन्होंने हाल के राष्ट्रपति चुनावों में साथ काम किया था।

## साथी की हत्या के आरोप में श्रमिक गिरफ्तार

हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद सिटी की तुकाराम गेट थाने की पुलिस ने मणिपुर के रहने वाले एक श्रमिक को अपने साथी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। हत्या की यह घटना पिछले हफ्ते हुई थी। जानकारी के अनुसार मणिपुर का रहने वाले पी नमसुंद्रा (21) हैदराबाद के तुकाराम गेट क्षेत्र में रहकर श्रमिक का काम करता था। उसके साथ दीपेंदु विश्वास (23) भी रहता था। वह भी मणिपुर के रहने वाले था। गोपालपुरम के एसीपी एन सुधीर ने कहा कि बिस्वास और नामसुंद्रा मणिपुर आकर तुकाराम गेट में रहते हुए निर्माण स्थलों पर काम करते थे।

बिस्वास ने नामसुंद्रा की पत्नी के साथ घनिष्ठता बना ली। इसी बात से नाराज होकर बिस्वास ने उसे खत्म करने का फैसला किया। शराब पीने की आड़ में नामसुंद्रा 25 जुलाई को बिस्वास को तुकाराम गेट पर एक निर्माण स्थल पर ले गया जहां उसने उसकी हत्या कर दी। निर्माण स्थल के पास से सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने नामसुंद्रा की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## बासर आईआईआईटी सहित अन्य विवि के छात्रों ने की राज्यपाल से मुलाकात

### शैक्षिक समस्याओं के संबंध में सौंपा ज्ञापन

हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बासर आईआईआईटी, उस्मानिया विवि, वरंगल नीट, तेलंगाना विवि छात्रों ने राजभवन में राज्यपाल टी. सौंदरराजन से मुलाकात की तथा उन्होंने अपनी शैक्षिक समस्याओं से जुडे ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा। इस मुलाकात के दौरान तत्संबंधित छात्रों ने अपने अपने विश्व विद्यालयों में व्याप्त समस्याएं जैसे आवास की कमी, भोजन की खराब व्यवस्था,



रेग्युलर वाइस चांसलरों की कमी की जानकारी दी। साथही छात्रों ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि, तत्संबंधित समस्याओं के तुरंत निदान के लिए सरकारी आदेश जारी किया जाए। इसके चलते राज्यपाल ने छात्रों की उपरोक्त समस्याओं के तुरंत निदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपरोक्त बासर ट्रिपुल आयटी, उस्मानिया विवि, वरंगल नीट तथा तेलंगाना विवि के छात्र प्रमुखों ने भाग लिया।

## एनटीआर की बेटी उमा माहेश्वरी का अंतिम संस्कार

हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के संस्थापक और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव की बेटी के. उमा माहेश्वरी का बुधवार को यहां अंतिम संस्कार किया गया। उनके बहनोई और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, भाई और लोकप्रिय अभिनेता एन. बालकृष्ण और परिवार के अन्य सदस्य जुबली हिल्स के महाप्रस्थानम में अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उमा माहेश्वरी सोमवार को यहां जुबली हिल्स स्थित अपने आवास पर मृत पाई गईं। परिवार के सदस्यों के अनुसार, 57 वर्षीय को कुछ स्वास्थ्य समस्याएं थीं और वह उदास भी था। उनकी बड़ी बेटी विशाला बुधवार की तड़के संयुक्त राज्य अमेरिका से पहुंचीं। उमा के पति श्रीनिवास प्रसाद ने चिता को मुखाग्नि दी।

## शर्मिला ने कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना की जांच की मांग की




हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वाईएसआर तेलंगाना पार्टी के संस्थापक-अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने आज मांग की कि राज्य सरकार कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के निर्माण की जांच का आदेश दे। उन्होंने राज्य सरकार से पूछा कि कृष्णा रेड्डी से संबंधित मेघा इंजीनियरिंग कंपनी को परियोजना का अनुबंध सौंपने के उसके निर्णय के पीछे मुख्य कारण क्या था। यहां एर्रा मंजिल में जलसौधा में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में बोलते हुए, शर्मिला ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और उनके परिवार के सदस्यों का कलेश्वरम परियोजना में हुए भ्रष्टाचार में हिस्सा था। यह कहते हुए कि उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री वाईएसआर द्वारा बनाई गई देवदुला लिफ्ट सिंचाई परियोजना अभी भी बरकरार है, उन्होंने उपहास किया कि केसीआर द्वारा बनाई गई कालेश्वरम परियोजना हाल की बाढ़ में डूब गई थी।

उन्होंने कहा कि परियोजना के निर्माण पर एक विस्तृत जांच होनी चाहिए और कहा कि वे जल्द ही राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन से मिलेंगी और इस संबंध में एक प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करेंगे। बाद में शर्मिला ने विरोध के बाद सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता मुरलीधर को ज्ञापन सौंपा।

## रामगुडम पुलिस का अनोखा अभियान, 'नो हेलमेट नो रोज'



हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर रामगुडम पुलिस ने एक अनोखा अभियान 'नो हेलमेट नो रोज' चलाया है। पुलिस नागरिकों को यातायात के दौरान सुरक्षा को लेकर जागरूक कर रही है। सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर सीआई लक्ष्मीनारायण और एसआई जीवन के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने हेलमेट पहने वाहन चालकों को गुलाब के फूल दिए। व्यस्त थाना क्षेत्र में बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों को परामर्श दिया। पुलिस टीम वाहन चालकों से कहा कि आप यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माने से बचने या पुलिस के लिए नहीं बल्कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनें। पुलिस टीम ने काफी देर तक अभियन चलाया।

## नशीले पदार्थों के तस्करों की नागरिक भी दे सकते हैं पुलिस को जानकारी

हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले हजारों-लाखों लोगों की जिन्दगी और परिवार को बर्बाद कर रहे हैं। पुलिस उन पर अंकुश लगाने की कोशिश में जुटी गुई है। इस काम में नागरिक भी पुलिस की मदद कर सकते है। नागरिक मोबाइल नंबर 9490617111पर व्हाट्सएप या एसएमएस भेज सकते हैं और यहां तक कि तस्वीरें या वीडियो भी भेज सकते हैं। जानकारी भेजने वाले का पहचान पूरी तरह से गुप्त रखी जाएगी। राचकोंडा पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हम नागरिकों गांजा और अन्य नशीले पदार्थों पर किसी भी प्रकार की जानकारी व्हाट्सएप या एसएमएस के माध्यम से मिलने पर भेजने वाले की पहचान गोपनीय रखते है। पुलिस नशे की तस्करी पर नकेल कसने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। इससे पहले नशीली दवाओं के मामलों में शामिल आईटी पेशेवरों से पूछताछ के दौरान यह पाया गया था कि वे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म सहित विभिन्न चैनलों के माध्यम से नशीले खरीद रहे थे और पार्टियों और मिलन समारोहों में उनका सेवन कर रहे थे। पुलिस निजी कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों सहित शहर भर में नशीली पदार्थो के प्रति जागरूकता अभियान चला रही है।

## ई-नीलामी निविदा प्रक्रिया के सरलीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम

### दमरे में अब तक 77 कड़ोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध हुए




हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे में वाणिज्यिक अनुबंधों के लिए हाल ही में शुरू की गई ई-नीलामी सुविधा को प्रतिभागियों से भारी प्रतिक्रिया मिली है। बहुत कम समय में अब तक 77.51 करोड़ रुपये के 54 ठेके दिए जा चुके हैं। इसके अलावा, इस अनूठी पहल में भाग लेने के लिए 220 से अधिक लोगों ने भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है। निविदा प्रक्रिया को सरल बनाने और वाणिज्यिक कमाई अनुबंधों की निविदाओं में सभी हितधारकों के लिए एक समान अवसर बनाने के लिए, भारतीय रेलवे ने भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) के माध्यम से वाणिज्यिक कमाई अनुबंधों की इलेक्ट्रॉनिक नीलामी शुरू की है। शुरुआत में सिकंदराबाद डिवीजन में शुरू की गई इस पहल को प्रतिभागियों द्वारा उत्साहपूर्वक अपनाया गया जिसके परिणामस्वरूप इसे एससीआर के सभी छह डिवीजनों में रोल किया गया। दक्षिण मध्य रेलवे के सभी मंडलों में वाणिज्यिक प्रचार, वाहन पार्किंग, पार्सल, एटीएम, भुगतान व उपयोग शौचालय, एसी प्रतीक्षालय और क्लार्क रूम जैसे सभी वाणिज्यिक कमाई अनुबंधों को ई-नीलामी मॉड्यूल के तहत लाया गया है। इस योजना के तहत सभी पात्र बोलीदाता नीलामी के दौरान या बाद में किसी भी समय रेलवे कार्यालयों का दौरा किए बिना अपने घर/कार्यालय में आराम से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। दक्षिण मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ई-नीलामी सुविधा की मुख्य विशेषताएं है। नीलामी आईआरईपीएस से 'ई-नीलामी लीजिंग' मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। संभागवार ठेकेदारों के भौतिक पंजीकरण की पूर्व प्रणाली को समाप्त कर दिया गया है। 10 हजार रुपये के शुल्क के साथ ठेकेदारों का एकमुश्त ऑनलाइन स्व-पंजीकरण कराया जा सकता है। भारत में कहीं भी स्थित बोलीदाता आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल में पंजीकरण करके भाग ले सकता है। अनुबंध के लिए भुगतान अनुसूची तुरंत तैयार की जाएगी। ठेकेदार द्वारा सभी भुगतान ऑनलाइन किए जाएंगे।

पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पेपरलेस होगी। पिछले टर्नओवर के वित्तीय मानदंड (ठेकेदारों द्वारा स्व-घोषणा के आधार पर) को छोड़कर, कोई अन्य पात्रता मानदंड नहीं है। महत्वपूर्ण बात यह है कि 40 लाख रुपये तक के वार्षिक अनुबंधों के लिए किसी वित्तीय कारोबार की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन बोली में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों के पास केवल एसबीआई में एक चालू खाता होना चाहिए, जो आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल से जुड़ा हो। ई-निविदा के स्थान पर शुरू की गई ई-नीलामी की अवधारणा रेलवे और बोलीदाताओं दोनों के लिए फायदेमंद है क्योंकि यह न्यूनतम पात्रता शर्तों के साथ अनुबंधों को अंतिम रूप देने में बहुत समय बचाता है। महाप्रबंधक (प्रभारी), दमरे अरुण कुमार जैन ने सभी संभावित और पात्र हितधारकों से इस अवसर का उपयोग करने और आईआरईपीएस वेबसाइट के तहत पंजीकरण करने की अपील की है।

## राजगोपाल रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी को अपने विकास के लिए छोड़ा : शब्बीर

हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर ने कहा कि मुनुगोड़े विधायक कोमटीरेड्डी राजगोपाल रेड्डी तेलंगाना या मुनुगोड़े के लोगों के विकास के लिए नहीं बल्कि अपने विकास के लिए पार्टी बदल रहे हैं। बुधवार को कामारेड्डी डीसीसी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, शब्बीर अली ने कहा कि राजगोपाल रेड्डी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य नेताओं के साथ उस समय बैठकें कीं, जब कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा बुलाया गया था और पूरी पार्टी थी। प्रताड़ना का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजगोपाल रेड्डी को कांग्रेस पार्टी के कारण ही पहचान और भाग्य मिला है।

उन्होंने कहा कि राजगोपाल रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी में कई पदों का आनंद लिया और पार्टी बदलने के लिए उनके द्वारा बताए गए कारणों पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। राजगोपाल रेड्डी के इस स्वीकारोक्ति का उल्लेख करते हुए कि वह पूर्व में कई बार गृह मंत्री अमित शाह से मिल चुके हैं। कांग्रेस नेता ने टीपीसीसी अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी की आलोचना के लिए राजगोपाल रेड्डी की निंदा की। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक वर्षों तक कांग्रेस पार्टी की सेवा करने वाले वरिष्ठ नेता रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में बिना किसी मुद्दे के काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने ही रेवंत रेड्डी को टीपीसीसी अध्यक्ष बनाया और यह सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि वे इस फैसले का सम्मान करें।

## एटीएम को तोड़ने की कोशिश में एक गिरफ्तार



हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अज्ञात व्यक्तियों ने बुधवार को शहर के बाहरी इलाके मेडचल में एक राष्ट्रीयकृत बैंक के एटीएम केंद्र में सेंध लगाने का एक प्रयास किया। सुबह लगभग 5.30 बजे, विवेकानंद जंक्शन पर एटीएम केंद्र में कार में आए लोगों के एक समूह ने औजारों का इस्तेमाल किया और कैश चेस्ट खोलने की कोशिश की। हालांकि, एक पुलिस गश्ती वाहन के कर्मचारियों ने उन्हें देखा और एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जबकि अन्य भागने में सफल रहे। मेडचल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 10 दिनों के लिए स्मारकों में मुफ्त प्रवेश



हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने बुधवार को कहा कि भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर 5 अगस्त से 15 अगस्त तक केंद्र द्वारा संरक्षित सभी स्मारक सभी आगंतुकों के लिए मुफ्त होंगे। एएसआई ने कहा कि किसी भी आगंतुक, घरेलू या विदेशी से कोई प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। एएसआई के सभी संग्रहालय भी सभी आगंतुकों के लिए निःशुल्क होंगे। यह निर्णय शहर में गोलकोंडा किले और चारमीनार और एएसआई के तहत केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित देश भर के सभी टिकट वाले स्मारकों पर लागू होगा।

## दलित बंधु योजना के निकल रहे हैं अच्छे परिणाम : विनोद कुमार

करीमनगर, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टीएस योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष बी. विनोद कुमार ने कहा कि दलित महिलाएं और युवा दलित बंधु योजना के तहत विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों की स्थापना करके नवीन चीजों का आविष्कार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि कैसे योजना के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। विनोद कुमार ने बुधवार को हुजूराबाद शहर के बाहरी इलाके में इंदिरानगर-शालापल्ली के पास स्थापित एक कपड़ा कैरी बैग निर्माण इकाई का दौरा किया। केंद्र सरकार द्वारा प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के बाद से दो दलित महिला शारदा और उनकी बेटी सरव्या ने अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए इकाई की स्थापना की है। महिलाओं से बातचीत करते हुए विनोद कुमार ने कठिनाइयों, मुनाफे और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए कदम उठाने के अलावा राज्य और केंद्र दोनों सरकारों के निर्देशों को लागू करने के लिए महिलाओं की सराहना की। उन्होंने एक अन्य महिला पुष्पलता द्वारा स्थापित लोहे और सीमेंट की दुकान का भी दौरा किया।

इस अवसर पर बोलते हुए योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष ने कहा कि दलित बंधु योजना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की अपेक्षा के अनुसार अच्छे परिणाम मिल रहे हैं।

## केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कालेश्वरम परियोजना पर झूठ बोला : हरीश राव

हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वित्त और स्वास्थ्य मंत्री हरीश राव ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत कालेश्वरम परियोजना पर झूठ फैला रहे हैं। मेडचल में पुनर्निर्मित सीएचसी अस्पताल के उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए हरीश राव ने कहा कि शेखावत ने भाजपा की जनसभा में यह गलत कहा था कि तेलंगाना सरकार ने कलेश्वरम शुरू करने से पहले पर्यावरण मंजूरी नहीं ली थी।



## बिहार में बाढ़ का खतरा

### नेपाल में बारिश के बाद ये नदियां उफान पर गंडक-कोसी बराज के सभी गेट खोले गए



पटना, 3 अगस्त (एजेंसियां)। बीते 24 घंटों में नेपाल में भारी बारिश के चलते उत्तर बिहार के मैदानी इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) मंत्री संजय कुमार झा ने सोमवार को गंडक, कोसी, बागमती और कमला बालन नदियों के घाटियों में हाई अलर्ट जारी किया गया है, क्योंकि इन नदियों का जल स्तर खतरे के स्तर को पार कर गया है। गंडक-कोसी बराज के सभी गेट खोल दिए गए हैं।

**सरकार ने जारी किया लोगों के लिए टोल-फ्री नंबर**

मंत्री संजय झा ने अधिकारियों और इंजीनियरों को स्थिति पर बारीकी से नजर रखने और तटबंधों पर निगरानी रखने के अलावा तत्काल प्रतिक्रिया देने के लिए उच्च गियर में रहने के लिए कहा। बाढ़ के खतरे और तटबंधों के टूटने की संभावना से उत्पन्न किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए। उन्होंने उत्तर बिहार के मैदानी इलाकों के लोगों से कहा कि अगर वे किसी तटबंध में कोई दरार या रिसाव देखते हैं, तो वे तत्काल टोल-फ्री नंबर 18003456145 या हैलोडब्ल्यूआरडी ट्विटर अकाउंट पर डब्ल्यूआरडी को अलर्ट करें।

## नीतीश कुमार के मंत्री बोले- शुक्रवार को ही हो उर्दू स्कूलों में छुट्टी

### बीजेपी बोली- संडे क्लोज तो क्लोज

पटना, 3 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के कई सरकारी उर्दू स्कूलों में रविवार की जगह शुक्रवार को अवकाश होता है जिसके बाद खूब सियासत हो रही है। भाजपा के कई नेताओं ने ये सवाल खड़ा किया है कि जब सारे सरकारी स्कूल के लिए रविवार अवकाश का नियम बना हुआ है तो उर्दू स्कूल के लिए शुक्रवार को अवकाश क्यों हो। लेकिन अभी ये सियासत चल ही रही थी कि बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने भी कह दिया कि उर्दू स्कूलो में शुक्रवार को ही अवकाश होना चाहिए क्योंकि ये नियम काफी पहले से चला आ रहा है।

जमा खान से जब पूछा गया कि कब से ऐसा हो रहा है तो इसकी जानकारी नहीं होने की बात उन्होंने कही। जमा खान कहते हैं कि इस मामले में बेवजह सियासत हो रही है। इस मामले में अल्पसंख्यक आयोग भी सामने आया है और उसने शिक्षा विभाग को तीन पत्र लिखे हैं जिसमे ये मांग की गई है कि शुक्रवार को ही उर्दू स्कूल में अवकाश की परम्परा चली आ रही है, इस वजह से सरकार दिशा निर्देश जारी करे की शुक्रवार को ही उर्दू स्कूल में अवकाश रहेगा।



इसके लिए उन्होंने संस्कृत महाविद्यालय का भी हवाला दिया है, जिसमें बताया गया है कि संस्कृत महाविद्यालय में प्रतिपदा एंव अष्टमी के दिन अवकाश रहता है वहीं उर्दू स्कूलों में शुक्रवार को अवकाश रहता है तो फिर इसमे समस्या और राजनीति क्यों हो रही है। फ़ारूकी जमा जो अल्पसंख्यक आयोग के पीआरओ हैं, उन्होंने बताया कि आयोग की तरफ से तीन पत्र लिखे गया हैं और वो सरकार के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं।

जमा कहते हैं कि हमने शिक्षा विभाग से आग्रह किया है कि शुक्रवार को उर्दू स्कूल में अवकाश होता रहा है तो इसे लेकर सरकार एक दिशा निर्देश जारी करे ताकि इस मामले में कोई सियासत ना हो। शुक्रवार की छुट्टी को लेकर बिहार सरकार के मंत्री आमने-सामने आ गए हैं। मंत्री जमा खान के बयान पर बिहार सरकार के कानून मंत्री प्रमोद कुमार ने पलटवार किया और कहा कि भारत मजहबी लड़ाई पर नहीं चलता है। भारत संविधान पर चलता है। संविधान में लिखा है संडे को क्लोज तो संडे को क्लोज? जब तक नया आदेश नहीं आता है तब तक जो पद्धति बनी हुई है उसमें छेड़छाड़ किस बात की।

## कांवड़ियों से भरा वाहन का सड़क दुर्घटना, 1 की मौत

शेखपुरा, 3 अगस्त (एजेंसियां)। सावन महीना में हर तरफ कांवडियों को देखा जा सकता है। इस समय काफी संख्या में शिव भक्त देवघर जाते हैं। लेकिन जिले में कांवडियों से संबंधित एक दुर्घटना की खबर सामने आई है। कांवडियों से भरा एक वाहन पलटा गया। इस घटना के एक महिला कांवडिया की मौत हो गई। वहीं, 6 कांवडिया गंभीर रूप से घायल हो गये। मामला जिले के कुसुंबा ओपी के पास की है। बताया जा रहा है कि कांवडियों से भरा वहान देवघर से लौट रहा था। इसी दौरान अचानक वाहन का पिछला चक्का ब्लास्ट कर गया। जिससे वाहन चालक का संतुलन बिगड़ गया। इससे वाहन के पीछे बैठे दो महिला कावडियां सहित तीन कावडियां सड़क पर गिर गए। घटना में महिला कांवडिया की मौत गई और 6 कांवडियां बुरी तरह घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई।

## ओवैसी के इकलौते विधायक को बिहार विधानसभा की समिति से निकाला गया


अख्तरूल ईमान

पटना, 3 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के इकलौते विधायक अख्तरूल ईमान को अल्पसंख्यक कल्याण समिति से बाहर निकाल दिया गया है। अख्तरुल ईमान पर समिति की अध्ययन यात्रा के दौरान एआईएमआईएम समर्थकों को क्षेत्र में बुलाने और अपनी पार्टी का झंडा एवं एजेंडा चलाने का आरोप है। स्पीकर विजय कुमार सिन्हा ने विधानसभा की आचार समिति को सौंपी है। आचार समिति जांच करके अपनी रिपोर्ट स्पीकर को सौंपेगी। बता दें कि आरजेडी विधायक और अल्पसंख्यक कल्याण समिति के सभापति आफाक आलम समेत अन्य सदस्यों ने अक्तरूल ईमान की शिकायत विधानसभा स्पीकर से की थी। समिति ने वैशाली, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर इन तीन जिलों में ही अध्ययन यात्रा की थी।

इसके बाद समिति के सभापति ने इस मामले को देखते हुए यात्रा स्थगित करवा दी थी। बता दें कि बिहार विधानसभा में अख्तरुल ईमान अभी एआईएमआईएम के इकलौते विधायक हैं। वे पूर्णिया जिले की अमौर सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। बीते विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने सीमांचल की पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी। हालांकि जून 2022 में इनमें से चार विधायक ओवैसी का साथ छोड़कर तेजस्वी यादव की आरजेडी में शामिल हो गए। इसके बाद एआईएमआईएम विधायकों की संख्या 5 से घटकर महज एक रह गई।

## राष्ट्रपति के बाद उपराष्ट्रपति चुनाव में भी मायावती विपक्ष के खिलाफ

### एनडीए सरकार के जगदीप धनखड़ को वोट देगी बीएसपी



लखनऊ, 3 अगस्त (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की प्रमुख मायावती ने राष्ट्रपति चुनाव के बाद उपराष्ट्रपति चुनाव में भी विपक्ष के खिलाफ अलग स्टैंड लेते हुए एनडीए उम्मीदवार के समर्थन का ऐलान किया। उन्होंने साफ कर दिया है कि बीएसपी, एनडीए के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को वोट देगी।

उप राष्ट्रपति पद के लिए 6 अगस्त को मतदान होना है। ऐन चुनाव से पहले बीएसपी सुप्रीमो ने एनडीए उम्मीदवार को समर्थन का ऐलान कर सबको चौंका दिया है। उन्होंने एक ट्वीट कर बताया कि उपराष्ट्रपति चुनाव में उनकी पार्टी ने एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को समर्थन देने का फैसला किया है।

उन्होंने लिखा- 'सर्वविदित है कि देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में सत्ता और विपक्ष के बीच आम सहमति ना बनने की वजह से ही इसके लिए फिर अन्ततः चुनाव हुआ। अब ठीक वही स्थिति बनने के कारण उपराष्ट्रपति पद के लिए भी दिनांक 6 अगस्त को चुनाव होने जा रहा है।'

एक अन्य ट्वीट में मायावती ने लिखा- 'मायावती ने दूसरे ट्वीट में कहा, 'बीएसपी ने ऐसे में उपराष्ट्रपति पद के लिए हो रहे चुनाव में भी व्यापक जनहित और अपनी मूवमेंट को भी ध्यान में रखकर जगदीप धनखड़ को अपना समर्थन देने का फैसला किया है और जिसकी मैं आज औपचारिक रूप से घोषणा भी कर रही हूं।'

बता दें कि बसपा ने इसके पहले राष्ट्रपति चुनाव में भी एनडीए के उम्मीदवार का समर्थन किया था। मायावती ने द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान किया था। बीएसपी का कहना है कि उनका ये फैसला स्वतंत्र रूप से लिया गया है। ये न सत्तापक्ष के समर्थन में है न विपक्ष के खिलाफ।

## क्रिकेट के बाद अब टेबल टेनिस खेलते नजर आए तेजस्वी यादव

### पीएम मोदी की सलाह के बाद बहा रहे पसीना

पटना, 3 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव आजकल जमकर पसीना बहा रहे हैं। क्रिकेट और मॉर्निंग वर्कआउट के तहत जीप को खींचते एवं धकेलने के बाद अब टेबल टेनिस पर हाथ आजमाते नजर आए। लोगों का कहना है कि तेजस्वी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों को काफी गंभीरता से लिया है। इससे पहले 25 जुलाई को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के छोटे पुत्र और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले तेजस्वी यादव अपने आवास पर मॉर्निंग वर्काउट के तहत एक जीप को खींचते और धकेलते देखे गए थे।

**ट्विटर पर शेयर किया वीडियो**

तेजस्वी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में उन्हें टेबल टेनिस में हाथ आजमाते देखा जा सकता है। इस वीडियो को तेजस्वी ने सोशल माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर शेयर किया है। तेजस्वी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, "हारने या जीतने से डरो मत, बस खेल खेलो और अपना सर्वश्रेष्ठ दो। जब आपके प्रदर्शन की गिनती करने की बात आती है तो बदलाव, आत्मविश्वास, निरंतरता और



एकाग्रता से ज्यादा प्रभावी कुछ नहीं होता है।"

इस वीडियो को राष्ट्रीय जनता दल के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भी ट्वीट किया गया है। उसमें दूसरे छोड़ पर कौन खेल रहा है यह पता नहीं चल रहा है। उसे ब्लर कर दिया गया है। ऐसे में एक यूजर ने मजाकिया स्टाइल में कहा है, "लगता है एक तरफ राजश्री भाभी हैं, इसीलिए दूसरे का चेहरा नहीं दिखा।"

राजनीति में एक सुनहरे पदार्पण और सत्ता से बाहर होने बाद भी राज्य के शीर्ष राजनेताओं में गिने जाने वाले 33 वर्षीय राजद नेता तेजस्वी यादव में अब लगता है कि दार्शनिकता का भाव भर गया है।

पूर्व डिप्टी सीएम को फॉलो करने वाले नेटिजन्स इस बात से आश्चर्यचकित हैं कि तेजस्वी यादव, जिन्हें अभ्यास के दौरान पिंग पॉन्ग बॉल पर प्रहार करते देखा जा रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर खुद को साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि 12 जुलाई को बिहार विधानसभा भवन के शताब्दी समारोह पर पीएम नरेंद्र मोदी पटना पहुंचे थे, जहां उन्होंने तेजस्वी यादव के बढ़े हुए वजन को देखकर उसे कम करने की सलाह दी थी। इसके बाद से ही तेजस्वी यादव किसी न किसी एक्टिविटी के जरिए पसीना बहाते हुए नजर आ रहे हैं।

## मुकेश सहनी का एनडीए से साथ छूटा लेकिन नीतीश कुमार से प्रेम नहीं हुआ कम

### वीआईपी प्रमुख के बयान से बिहार में खलबली

पटना, 3 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व मंत्री और विकाशसील इंसान पार्टी (वीआईपी) के मुखिया मुकेश सहनी का भले ही एनडीए से साथ छूट गया हो लेकिन उनका नीतीश कुमार से प्रेम कम नहीं हुआ है। उनके एक बयान से बिहार की राजनीति में खलबली मच गई है। मुकेश सहनी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी भले ही बीजेपी-जेडीयू गठबंधन में शामिल नहीं है, लेकिन वे सीएम नीतीश के साथ हैं। सहनी ने कोसी क्षेत्र के आरजेडी कार्यकर्ताओं को वीआईपी की सदस्यता दिलाने के दौरान ये बातें कहीं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुकेश सहनी ने कहा कि वीआईपी किसी एक जात की नहीं बल्कि सभी जातियों की पार्टी है। बीजेपी बिना सहारे बिहार में विजय हासिल नहीं कर सकती। वीआईपी भले ही आज एनडीए में नहीं है, लेकिन वह नीतीश कुमार के साथ हैं। साथ ही वे लालू प्रसाद यादव के विचारों के फैन



भी रहे हैं।

मुकेश सहनी ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि आज संसद में विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। सरकार की आलोचना करने वालों को सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों के जरिए प्रताड़ित किया जा रहा है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का समय चला गया है, सब लोग उन्हें पहचान गए हैं।

**संजय राउत की गिरफ्तारी से शिवसेना का कितना नुकसान, क्यों ठाकरे फैमिली होगी परेशान**

बता दें कि यूपी चुनाव और बौचहां उपचुनाव में बीजेपी के खिलाफ प्रत्याशी उतारने के बाद वीआईपी को एनडीए से अलग कर दिया गया था।

मुकेश सहनी को नीतीश सरकार में मंत्री पद भी गंवाना पड़ा था। इसके बाद सहनी ने आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा की। फिलहाल वे अपनी पार्टी का विस्तार करने में जुटे हैं।

## अनियंत्रित होकर लाइन होटल में जा घुसा ट्रक, तीन लोगों की दर्दनाक मौत कई जख्मी



वैशाली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के वैशाली जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। बुधवार की दोपहर अचानक से एक लाइन होटल में अनियंत्रित ट्रक आ घुसा। हाइवा ट्रक के होटल में घुसने से कई लोग उसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में तीन लोगों के मार जाने की सूचना है जबकि आधा दर्जन लोगों के घायल होने की भी खबर है।

हादसा जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र के बहुआरा चौक की है। हादसा होते ही होटल में अफरातफरी मच गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक की जमकर पिटाई कर दी। हादसे में जख्मी हुए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। होटल में घुसने से पहले इस ट्रक ने कई गाड़ियों में भी टक्कर मारी जिससे भगदड़ मच गई।

## कानपुर लौटे मंकीपॉक्स प्रभावित देश से 314 लोग लापता

### केंद्र सरकार द्वारा भेजी सूची में फोन नंबर गलत या फोन स्विच-ऑफ

कानपुर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। देशभर के विभिन्न राज्यों में मंकीपॉक्स को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। ऐसे में मंकीपॉक्स प्रभावित देशों से कानपुर लौटें करीब 432 लोगों में से सिर्फ 118 लोगों से ही स्वास्थ्य विभाग संपर्क कर पाया है। इसके अलावा बाकी के 314 लोगों से अभी तक न तो रैपिड रिस्पॉन्स टीम संपर्क कर पाई है और न ही कोविड कंट्रोल सेंटर। केंद्र सरकार की तरफ से सरकार को जो सूची आई थी।

उसमें लिखे पते और फोन नंबर या तो गलत है या स्विच ऑफ है। देश में अब तक मंकीपॉक्स के आठ मामले सामने आ चुके है और इनमें से एक मरीज की मौत हो चुकी है।

सीएमओ डॉ आलोक रंजन ने बताया, हमारी टीमें सभी पतों और नंबर से संपर्क करने की कोशिश करने में जुटी हुई है लेकिन अभी तक कोई कामयाबी नहीं मिली है। नंबर या तो ऑफ है या फिर विदेश में है।

जिन लोगों से हमारी टीम की बात भी हुई है वो लोग कानपुर में आकर या तो दिल्ली निकल गए है या मुंबई। आधे से ज्यादा लोगों के बारे में अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। सूची में कई लोगों के पते भी गलत लिखे है।

मंकीपॉक्स से केरल के त्रिशूर शहर में एक संदिग्ध युवक की मौत हो चुकी है। उसकी मौत होने के बाद जो तथ्य सामने आए है वो डराने वाले है।

जांच में उस युवक की मौत के बाद भी मंकीपॉक्स के वायरस की पुष्टि हुई है। युवक की मौत शनिवार को हुई थी और वो अभी हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात से देश लौटा था। युवक में मंकीपॉक्स के जैसे लक्षण पाए गए थे।

## गुटखा कारोबारी के 5 ठिकानों पर आईटी ने मारी रेड

### अफवाह फैली की आतंकी पकड़ने आयी पुलिस

मुजफ्फरपुर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर में बुधवार को इनकाम टैक्स विभाग के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गयी है। विभाग ने गुटखा कारोबारी के पांच ठिकानों पर एक साथ छापा मारा है। इनकम टैक्स की इस कार्रवाई से पान मसाला कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि पान मसाला के कारोबार से जुड़े प्रदीप कुमार शर्मा, राजेश अग्रवाल, बाबु भाई और दिलीप केशरी के पांच ठिकानों पर एक साथ रेड मारी। टीम ने व्यापारियों के यहां काफी सवेरे ही रेड मारी। अभी इनकम टैक्स की टीम लगातार व्यापारियों के ठिकानों पर कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इनकम टैक्स की कार्रवाई से लोगों को लगा की पुलिस इलाके में किसी आतंकी को पकड़ने पहुंची है। ये बात आसपास में जगल की आग की तरह फैल गयी। हालांकि बाद में लोगों को जानकारी मिली की इनकम टैक्स की रेड हुई है। बताया जा रहा है कि बाबू भाई और राजेश अग्रवाल आपस में मामा-भांजा है। वहीं दिलीप केशरी का कल्याणी चौक पर केदारनाथ रोड व अखाराघाट रोड में घर और गोदाम है। बताया जा रहा है कि सबसे पहले टीम ने इनके ठिकानों पर ही कार्रवाई की है। इसके बाद इनके मकान के बगल में चल रहे गोदाम पर भी कार्रवाई शुरू की। इसके अलावा काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में माली टोला स्थित प्रदीप कुमार शर्मा के शर्मा निवास में भी टीम छापेमारी कर रही है।

## पटाखा विस्फोट: तेज धमाका और फिर अचानक होने लगी आसपास के घरों में ईंटों की बरसात

पीलीभीत, 3 अगस्त (एजेंसियां)। पीलीभीत के जहानाबाद में जिस समय मकान में विस्फोट हुआ, उस समय पटाखा व्यापारी अजीम बेग की पत्नी और छह बच्चे घर में मौजूद थे। तीन बेटियां अंदर के हिस्से में और मां समेत तीन बच्चे बाहरी हिस्से में थे। तीन बेटियां झुलस कर और मलबे में दबकर गई थीं। बाकी ने खुद को किसी तरह से बचा लिया था। अजीम की पत्नी फिरोज बेगम ने बताया कि हादसे के दौरान तीनों बेटियां नमाज पढ़ रहीं थीं। उस दौरान बारिश हो रही थी और आसमान से बिजली गिरने पर हादसा हुआ है। फिरोज बेगम ने बताया कि हादसे के दौरान वह उनकी पुत्री निशा, सानिया, नगमा, उजमा और दो पुत्र ताजीम और तस्लीम घर में मौजूद थे। पति दुकान पर गए हुए थे। बारिश होने के दौरान वह एक पुत्री, दोनों पुत्रों के साथ मकान के बाहरी हिस्से में थे। तीनों पुत्रियां निशा, सानिया और नगमा कमरे में थीं। तीनों नमाज पढ़ रहीं थी।

बारिश के दौरान अचानक बिजली कड़की और उनके घर पर गिर गई। घर में पटाखे रखे हुए



थे। बिजली गिरने से उनके आग लग गई। इससे लपटे उठने लगीं।

किसी तरह एक पुत्री दोनों पुत्रों और खुद भाग कर जान बचाई। मगर तीनों बेटियां अंदर ही फंसी रह गईं। तेज आवाज के साथ घर के ऊपरी हिस्से का मलबा उछल गिरने लगा। देखते ही देखते नीचे का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। लिंटर भी टूटकर गिर गया।

**पड़ोसन ने बताई आंखों देखी**

पड़ोसी सुल्तान खां की पत्नी शमां ने बताया कि अमीज बेग उनके मौसेरे जेठ हैं। हादसे से दस मिनट पहले ही वह उनके घर से अपने घर आईं थीं। हालांकि उस समय घर में क्या हो रहा था। यह नहीं बता पाईं। उन्होंने बताया कि अपने घर आकर बैठ भी नहीं पाए, पता नहीं कैसे अजीम बेग के घर आग लग गई। आग लगते ही आवाज इतनी तेज हुई कि वह डर गईं। जब बाहर निकले तो, मलबा आसपास की छतों पर गिर रहा था। ईंटों के बड़े-बड़े टुकड़े देख, जरा सी देर में भगदड़ मच गई। लोगों में चीख-पुकार मच गई। पटाखों के धमाकों से करीब आधे घंटे से ज्यादा मलबा उछलता रहा। अजीम के घर विस्फोट होने से उनके सगे भाई नसीम बेग, कदीर खां, महीवली जोशी, पप्पू के मकान क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि आसपास के मकानों की छतों पर पड़ा मलबा भयानक मंजर की गवाही दे रहा था। आसपास की छतों पर भी लोग जाने से कतरा रहे थे।

## सातवें चरण की शिक्षक भर्ती अगले महीने होगी शुरू

### शिक्षा मंत्री विजय चौधरी का ऐलान

पटना, 3 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में शिक्षक बनने के इच्छुक बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। सातवें चरण की शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया अगले महीने यानी सितंबर 2022 से शुरू हो जाएगी। राज्य के शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि छठे चरण की शिक्षक बहाली की प्रक्रिया इस महीने के आखिर तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद सातवें चरण की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि मौजूदा चरण खत्म होने के बाद सभी जिलों से स्कूलों में रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों की सूची मंगाई जाएगी। रिक्त पदों के आधार पर शिक्षक भर्ती की जाएगी। बता दें कि राज्य में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों की छठे चरण की नियुक्ति प्रक्रिया इसी महीने पूरी होनी है। इस चरण में 37 हजार पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे हैं।



नियुक्ति पत्र वितरित होने के बाद जितने पद खाली रहेंगे, उसकी जानकारी जुटाई जाएगी। इसके साथ ही छठे चरण की प्रक्रिया के दौरान रिक्त हुए पदों की सूचना भी इकट्ठा की जाएगी। इन सूचनाओं का आधार पर अगले महीने से सातवें चरण की शिक्षक बहाली शुरू होगी।

बता दें कि सातवें चरण की शिक्षक बहाली की प्रक्रिया सेंट्रलाइज्ड हो सकती है। यानी कि अभ्यर्थियों को आवेदन जमा करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए ऑनलाइन सुविधा दी जाएगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ओस से पूर्व में इस बारे में जानकारी दी गई थी।

## कानपुर में फिर बढ़ने लगा कोरोना का खतरा

### हैलट में 172 दिन बाद ऑक्सीजन सपोर्ट पर संक्रमित मरीज

कानपुर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। मौसम में बदलाव के साथ कोविड-19 का वायरस और आक्रमक हो गया है। मंगलवार को आए 13 कोरोना संक्रमितों में एक की हालत बुधवार को गंभीर हो गई है। जिस कारण से उसे बुधवार की सुबह हैलट अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक मरीज की आंतों में रुकावट है जिससे उसके पेट में दर्द और उल्टियां हो रही है। कानपुर में 172 दिनों बाद कोरोना संक्रमण से पहली महिला भर्ती हुई है।

सीएमओ डा. आलोक रंजन की ओर से मंगलवार शाम को जारी रिपोर्ट के मुताबिक 65 वर्षीय महिला कोरोना संक्रमित पाई गई थी। उसे देर रात से पेट में मरोड़, दर्द और उल्टियां होने लगी थीं। उनकी पेट लगातार फूलता जा रहा था।

बुधवार सुबह परिजन महिला को हैलट अस्पताल के इमरजेंसी लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने अल्ट्रासाउंड जांच करवाई, जांच में पता चला कि महिला के आंतों में रुकावट की समस्या का है। उसे सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. कौस्तुभ गुप्ता के देखरेख में भर्ती कराया गया है।

## महंत परमहंसाचार्य को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

### बोले- देश में हिंदुओं को किया जा रहा प्रताड़ित

अयोध्या, 3 अगस्त (एजेंसियां)। रौनाही के मुस्लिम इंटर कॉलेज में हिंदू बच्चों और मुस्लिम बच्चों में विवाद से नाराज अयोध्या के तपस्वी छावनी के महंत जगदगुरु परमहंसाचार्य ने बुधवार को रौनाही कूच का प्रयास किया तो प्रशासन सकते में आ गया। कड़ी मशक्कत के बाद डीएसपी अयोध्या ने बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के साथ मौके पर पहुंचकर उन्हें रोका। पुलिस ने फिलहाल उन्हें हाउस अरेस्ट किया है। पुलिस के रोके



जाने के बाद जगदगुरु परमहंसाचार्य ने कहा कि अयोध्या के रौनाही में मुस्लिम द्वारा स्थापित विद्यालय में मुगल आक्रांताओ का महिमामंडन किया जा रहा है। विरोध करने पर हिंदू बच्चों को विद्यालय से निष्कासित किया गया। उन्होंने कहा कि मैं दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर रौनाही जा रहा था। प्रशासन ने मुझे जबरन रोका है। दुखद है कि हिंदू देश मे धार्मिक प्रताड़ना के शिकार हो रहे हैं। परमहंस ने मांग की है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मामला का संज्ञान लें। विद्यालय की मान्यता रद्द किया जाय और प्रबंधक को जेल भेजा जाए। उन्होंने ऐलान किया कि यदि संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो विद्यालय में जाकर हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे और हनुमान चालीसा पढ़ेंगे।

अयोध्या में डॉ. राजेश त्रिपाठी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि महाराज जी को कार्रवाई के लिए आश्वस्त करते हुए उन्हें रौनाही जाने से रोका गया है ताकि शांति भंग ना हो।

# नेपाल-बांग्लादेश बॉर्डर इलाकों में मुस्लिम आबादी 32% बढ़ी

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी और असम में इंटरनेशनल बॉर्डर से लगते जिलों में पिछले सिर्फ 10 साल में अप्रत्याशित डेमोग्राफिक (जनसांख्यिक) बदलाव हुआ है। ग्राम पंचायतों के ताजा रिकॉर्ड के आधार पर यूपी और असम की पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को अलग-अलग रिपोर्ट भेजी हैं। दोनों ही रिपोर्ट में कहा गया है कि बॉर्डर के साथ लगते जिलों में मुस्लिम आबादी 2011 के मुकाबले 32% तक बढ़ गई है, जबकि पूरे देश में यह बदलाव 10% से 15% के बीच है। यानी, मुस्लिम आबादी सामान्य से 20% ज्यादा बढ़ी है। सुरक्षा एजेंसियों और राज्यों की पुलिस ने इस बदलाव को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना है। इसलिए दोनों राज्यों ने सिफारिश की है कि बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र का दायरा 50 किमी से बढ़ाकर 100 किमी किया जाए। यानी बीएसएफ को सीमा से 100 किमी पीछे तक जांच और तलाशी करने का अधिकार होगा।

**डेमोग्राफिक बदलाव सिर्फ आबादी बढ़ने का मसला नहीं**

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि इतना ज्यादा डेमोग्राफिक बदलाव सिर्फ आबादी बढ़ने का मसला नहीं है। यह भारत में घुसपैठ का नया डिजाइन हो सकता है। इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हमें अभी से पुख्ता तैयारी रखनी होगी। इसीलिए यूपी और असम की सुरक्षा एजेंसियों ने बीएसएफ का दायरा बढ़ाने की सिफारिश की है।



**अक्टूबर 2021 में जांच का दायरा बढ़कर 50 किमी हुआ**

गुजरात को छोड़कर अन्य सीमावर्ती राज्यों पंजाब, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम, यूपी और उत्तर-पूर्वी राज्यों में पहले बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र 15 किमी के दायरे तक सीमित था। अक्टूबर 2021 में जांच का दायरा बढ़ाकर 50 किमी कर दिया गया। कुछ राज्यों ने इस पर आपत्ति भी जताई थी। अब असम और यूपी जांच का दायरा 100 किमी करने की मांग कर रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसे लेकर तैयारी भी शुरू कर दी है।

**पुलिस रिपोर्ट**

**बाहर से आकर बसे हो सकते हैं मुस्लिम**

**यूपी के 5 जिलों में मस्जिदें-मदरसे 4 साल में 25% बढ़े...**

नेपाल की सीमा से लगते यूपी के पांच जिलों पीलीभीत, खीरी, महराजगंज, बलरामपुर और बहराइच में मुस्लिमों की आबादी 2011 के राष्ट्रीय औसत अनुमान के मुकाबले 20% से ज्यादा अधिक बढ़ी है।

**पुलिस रिपोर्ट**

राज्यों की पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती अब यह पता लगाना है कि जो लोग पंचायतों के रिकॉर्ड में नए दर्ज हुए हैं, उनमें कितने वैध और कितने अवैध हैं। सुरक्षा एजेंसियों को यह भी संदेह है कि बाहर से आकर लोग बस गए हैं। इनके कागजात की जांच बेहद जटिल है।

यूपी के 5 सीमावर्ती जिलों में 1000 से अधिक गांव बसे हुए हैं। इनमें से 116 गांवों में मुस्लिमों की आबादी अब 50% से ज्यादा हो चुकी है। कुल 303 गांवों ऐसे हैं, जहां मुस्लिमों की आबादी 30 से 50% के बीच है। यूपी के सीमावर्ती जिलों में मस्जिदों और मदरसों की संख्या अप्रैल 2018 से लेकर मार्च 2022 तक 25% बढ़ी है। 2018 में सीमावर्ती जिलों में कुल 1,349 मस्जिदें और मदरसे थे, जो अब बढ़कर 1,688 हो गए हैं।



**पुलिस रिपोर्ट में इस बात की ओर भी इशारा किया गया है**

सीमाई इलाकों में काफी समय से घुसपैठ जारी है। बाहर से आने वाले लोग ज्यादातर मुस्लिम हैं। समय-समय पर ऐसी खुफिया रिपोर्ट्स मिलती रही हैं।

बांग्लादेश से लगते असम के जिले धुवरी, करीमगंज, दक्षिण सलमारा और काछर में मुस्लिम आबादी 32% तक बढ़ी है। 2011 में हुई जनगणना के राष्ट्रीय औसत अनुमान के लिहाज से आबादी में बढ़ोतरी 12.5% और राज्य स्तरीय अनुमान के मुताबिक 13.5% होनी चाहिए थी।

## दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | कर्क | में | कर्क... | 04-38 | बजे |
| चंद्र- | कन्या | में | सिंह... | 06-50 | बजे |
| मंगल | मेष | में | कन्या | 08-58 | बजे |
| बुध- | सिंह | में | तुला - | 11-02 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | वृश्चिक | 13-01 | बजे |
| शुक्र- | मिथुन | में | धनु--- | 15-26 | बजे |
| शनि- | मकर | में | मकर- | 17-28 | बजे |
| राहु- | मेष | में | कुंभ - | 19-18 | बजे |
| केतु- | तुला | में | मीन... | 21-02 | बजे |
| | | | मेष-- | 22-37 | बजे |
| | | | वृष-- | 00-22 | बजे |
| | | | मिथुन.. | 02-37 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत- 2079
शक संवत -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत -5123 वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885123
महावीर निर्वाण संवत -2548,हिजरी सन् -1443
ऋतु-वर्षा,दिशाशूल- दक्षिण -जीरा खाकर घर से निकलें
तिथि- सप्तमी - 05-06 - राततक उपरान्त, अष्टमी
मास - श्रावण शुक्ल पक्ष , गुरूवार, 04 August
नक्षत्र -चित्रा - 18 -47 - तक उपरान्त, स्वाति
योग - साध्य - 16 - 33 - तक उप- शुभ
करण- गर - 17 -28 - तक,उप- वणिज
विशेष:- श्री गोस्वामी तुलसीदास जं.
व्रत -त्योहार - शील सप्तमी

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 13:58 से 15:34 तक**

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05:59 - 07:34 | शुभ | अमृत | 18:47 - 20:11 | शुभ |
| रोग. | 07:34 - 09:10 | अशुभ | चंचल | 20:11 - 21:35 | शुभ |
| उत्पात | 09:10 - 10:46 | अशुभ | रोग | 21:35 - 22:58 | अशुभ |
| चंचल | 10:46 - 12:22 | शुभ | काल | 22:58 - 00:22 | अशुभ |
| लाभ | 12:22 - 13:58 | शुभ | लाभ | 00:22 - 01:46 | शुभ |
| अमृत | 13:58 - 15:34 | शुभ | उत्पात | 01:46 - 03:10 | अशुभ |
| काल | 15:34 - 17:11 | अशुभ | शुभ | 03:10 - 04:34 | शुभ |
| शुभ | 17:11 - 18:44 | शुभ | अमृत | 04:34 - 05:59 | शुभ |

# कोरोना के नए मामलों में 24.76 फीसदी बढ़ोतरी



**नए मामलों में 24.76 प्रतिशत की बढ़ोतरी**

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारत कोरोना वायरस का कहर कम नहीं हो रहा और दो दिनों की राहत के बाद नए मामलों में एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देशभर में पिछले 24 घंटे में 17 हजार 135 लोग कोविड-19 से संक्रमित हुए हैं. इसके बाद कोविड-19 के कुल संक्रमितों की संख्या 4 करोड़ 40 लाख 67 हजार 144 हो गई है. पिछले 24 घंटे में देशभर में कोरोना संक्रमण से 47 और लोगों की मौत होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 526477 हो गई है.

देश में कोरोना वायरस के नए मामलों में 24.76 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. बता दें कि देशभर में मंगलवार को 13734 नए मामले सामने आए थे. इससे पहले सोमवार (1 अगस्त) को कोराना वायरस के 16464 नए केस सामने आए थे, जबकि रविवार को 19673 केस दर्ज किए गए थे.

**एक्टिव मरीजों की संख्या हुई कम**

कोविड-19 नए मामले बढ़ने के बावजूद एक्टिव मरीजों की संख्या में कमी आई है और देशभर में 137057 मरीजों का इलाज चल रहा है. स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देशभर में मंगलवार को एक्टिव मरीजों की संख्या अब 1 लाख 39 हजार 792 थी.

**दिल्ली में 1 महीने में सबसे ज्यादा केस**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस के 1506 नए मरीजों की पुष्टि हुई, जो एक महीने में सबसे ज्यादा है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार शाम को जारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 24 घंटे में तीन संक्रमितों की मौत हो गई और संक्रमण दर 10.63 फीसदी हो गई है. यह लगातार दूसरा दिन है जब संक्रमण दर 10 प्रतिशत से ऊपर है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 26 जून को दिल्ली में 1891 मामले आए थे. सोमवार को दिल्ली में संक्रमण दर 11.41 प्रतिशत थी, जो छह महीनों में सबसे ज्यादा थी. वहीं 822 मामले आए थे और दो लोगों की जान गई थी.

# कूनो में नामीबिया से आएंगे आठ चीते




भोपाल, 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में सात दशक बाद चीतों का फिर आगमन हो रहा है। नामीबिया से आठ चीते भारत आ रहे हैं। इन्हें मध्यप्रदेश के श्योपुर में स्थित कूनो-पालपुर नेशनल पार्क में रखा जाएगा। चीता प्रोजेक्ट के लिए इंडियन ऑयल ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को 50.22 करोड़ रुपये देने का प्रावधान किया है। केंद्रीय वनमंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि श्योपुर के कूनो-पालपुर नेशनल पार्क चीता प्रोजेक्ट के तहत चीतों के लिए इंडियन ऑयल चार साल में 50.22 करोड़ रुपये दे रहा है। इस राशि का इस्तेमाल चीतों के आवास, प्रबंधन और संरक्षण, पर्यावरण विकास, स्टाफ के प्रशिक्षण और पशु चिकित्सा स्वास्थ्य देखभाल पर खर्च होगी।

**748 वर्ग किमी में फैला है कूनो-पालपुर पार्क**

कूनो-पालपुर नेशनल पार्क 748 वर्ग किलोमीटर में फैला है। यह छह हजार 800 वर्ग किमी क्षेत्र में फैले खुले वन क्षेत्र का हिस्सा है। यहां चीतों को बसाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। 15 अगस्त तक चीतों को लाने की योजना है। चीतों को लाने के बाद उन्हें सॉफ्ट रिलीज में रखा जाएगा। दो से तीन महीने वे बाड़े में रहेंगे। ताकि वे यहां के वातावरण में ढल जाए। इससे उनकी बेहतर निगरानी भी हो सकेगी। चार से पांच वर्ग किमी के बाड़े को चारों तरफ से फेंसिंग से कवर किया गया है। जिन आठ चीतों को लाया जा रहा है, उनमें चार नर और चार मादा है। चीता का सिर छोटा, शरीर पतला और टांगे लंबी होती हैं। यह उसे दौड़ने में रफ्तार पकड़ने में मददगार होती है। चीता 120 किमी की रफ्तार से दौड़ सकता है।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी।निवेश शुभ रहेगा नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।समय की अनुकूलता मिलेगी।आलस्य हावी रहेगा।घर में सुख-शांति रहेगी। लाभ होगा।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुसंगति से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी बड़े काम में हाथ डाल पाएंगे।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। भाइयों से सहयोग मिलेगा। कुसंगति से हानि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। जल्दबाजी न करें। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे। मातहतों का साथ नहीं मिलेगा। थकान रहेगी। व्यवसाय-व्यापार से मनोनुकूल लाभ होगा।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सभी काम समय पर होने से प्रशंसा प्राप्त होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। पारिवारिक चिंताओं में कमी होगी। प्रमाद न करें।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी। अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा। लंबी यात्रा की इच्छा रहेगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी न करें।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी। प्रसन्नता तथा उत्साह का वातावरण बनेगा। कारोबार लाभदायक रहेगा। निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। प्रमाद से बचें।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। इच्छाशक्ति प्रबल करें।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी।समय की अनुकूलता का लाभ लें। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अज्ञात भय रहेगा। पारिवारिक सहयोग से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
कार्यपद्धति में सुधार होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। मेहनत सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।मान सम्मान मिलेगा।कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी से बचें।विवेक का प्रयोग करें।भाग्य का साथ मिलेगा।वरिष्ठ व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका हाथ आएगा। सुख-शांति बने रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल चलेगा। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रमाद न करें।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
किसी भी काम के बारे में भली प्रकार सोचे बिना ही करने दौड़ पड़ेंगे जिसके कारण आपको कार्यस्थल पर और पारिवारिक जीवन में भी दिक्कतें आ सकती हैं।हालाँकि इस समय ऐसा कर पाना थोडा मुश्किल है लेकिन मन को शांत रखें।आपके सामने कई अवसर एक साथ आयेंगे,आपको सोच समझकर उनमें से चुनना है।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# अमेरिकी कोर्ट में अंग्रेजी नहीं बोल पाए भारत के आईईएलटीएस धुरंधर, जांच हुई शुरू

अहमदाबाद, 3 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात में पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ जांच शुरू की है। अब जांच की वजह जानकर आप हैरान रह जाएंगे। गुजरात के ही ये 6 लोग अमेरिका में कोर्ट के सामने अंग्रेजी में बात नहीं कर सके। इन लोगों को मार्च में ही कनाडा से अमेरिका की सीमा में प्रवेश करने के चलते गिरफ्तार किया था। खबर है कि अमेरिकी अधिकारियों के अनुरोध पर जांच शुरू की गई है। हैरानी की बात है कि अमेरिकी कोर्ट में अंग्रेजी में बात करने में असफल रहे ये लोग आईईएलटीएस में अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मेहसाणा पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (एसओजी) के इंस्पेक्टर भावेश राठौड़ के हवाले



से बताया गया है कि इन 6 लोगों की उम्र 19 से 21 साल के बीच है। इन्हें कनाडा बॉर्डर के पास सैंट रीजिस नदी में बोट से गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया, 'जब उन्हें अमेरिका में कोर्ट के सामने पेश किया गया, तो वह जज की तरफ से अंग्रेजी में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दे पाए। कोर्ट को हिंदी ट्रांसलेटर की मदद लेनी पड़ी। अदालत इस बात को लेकर हैरान थी कि इन छात्रों ने आईईएलटीएस में 6.5 से 7 तक अंक हासिल किए थे।' इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्ट (आईईएलटीएस) उन छात्रों को देना होता है, जिनकी भाषा अंग्रेजी नहीं है। कई देशों में अच्छे कॉलेज में दाखिला लेने के लिए छात्रों को बेहतर प्रदर्शन करना जरूरी होता है। इधर, मामला सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस का कहना है कि 6 युवाओं ने 25 सितंबर को गुजरात के नवसारी शहर में परीक्षा दी थी और इस साल स्टूडेंट वीजा पर कनाडा गए थे। इंस्पेक्टर का कहना है कि परीक्षा हॉल के सभी सीसीटीवी कैमरा बंद थे। खबर है कि परीक्षा करा रहे एजेंसी के मालिकों को भी कोर्ट के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

# कर्नाटक में भूस्खलन के चलते 6 लोगों की मौत दो बहनों के शव हाथ थामे मिले

बंगलुरु, 3 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के उत्तरी कन्नड और दक्षिणी कन्नड जिलों में भूस्खलन की चपेट में आने से दो बहनों समेत छह लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने मंगलवार को ये जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मृतकों में दोनों बहनों के शव एक-दूसरे का हाथ थामे हुए अवस्था में बरामद हुए हैं. पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक परिवार के चार सदस्यों की मौत उस समय हो गई जब उत्तर कन्नड जिले के भटकल तालुका में मुत्ताली गांव स्थित उनके घर पर पहाड़ का एक हिस्सा गिर गया. उन्होंने बताया कि दूसरी घटना दक्षिण कन्नड जिले के सुब्रमण्य में हुई जहां दो बहनों के शव एक दूसरे के हाथ पकड़े हुए मिले. दो बहनों की मौत उनके घर पर पहाड़ का एक हिस्सा गिरने से हुई. पुलिस ने बताया कि 11 वर्षीय श्रृति और छह वर्षीय ज्ञानश्री के शव लंबे बचाव अभियान के बाद निकाले गए. ये हादसा सोमवार को हुआ और मृत बच्चियों के पिता का नाम कुसुमधर है. उन्होंने बताया कि सोमवार शाम से ही सुब्रमण्य में भारी बारिश हो रही है. करीब शाम सात बजे तेज आवाज आई और श्रृति जो घर के बरामदे में किताब पढ़ रही थी, यह सोचकर घर के भीतर दौड़कर गई कि आवाज अंदर से आ रही है. उन्होंने बताया कि ज्ञानश्री भी दौड़कर घर के भीतर गई और उसी समय उनके मकान पर पहाड़ टूटकर गिरा. घटना के समय रसोईघर में काम कर रही बच्चियों की मां यह सोचकर बाहर आई की बेटियां बाहर ही होंगी. पुलिस सूत्रों ने बताया कि रास्ते में पेड़ गिरने और पानी होने की वजह से तत्काल राहत कर्मी मौके पर नहीं पहुंच सके. उन्होंने बताया कि बारिश की वजह से बचाव अभियान भी प्रभावित हुआ.

# दिल्ली हाई कोर्ट की फटकार से भी नहीं रुकी कांग्रेस, बार विवाद में भी स्मृति ईरानी को घेरा



नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। सिली सोल्स कैफे एंड बार मामले में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर कांग्रेस का हमला जारी है। बुधवार को पार्टी ने जीएसटी नंबर को लेकर एक बार फिर ईरानी पर सवाल उठाए हैं। साथ ही इस बार गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से भी बयान जारी करने की मांग की गई है। खास बात है कि इस मामले में उच्च न्यायालय भी कांग्रेस नेताओं को फटकार लगा चुका है। कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं कि एटॉल फूड एंड बेवरेजेस को दिया गया जीएसटी नंबर विवादों में घिरे हुए बार जैसा ही है। कांग्रेस के प्रवक्ता गिरीश चूड़ांकर ने कहा, 'इस बात में कोई शक नहीं है कि स्मृति ईरानी... और उनका परिवार सिली सोल्स कैफे और बार चलाता है... वह यहां कुछ नहीं छिपा सकती हैं, यह एक ओपन एंड शट केस है। उन्हें झूठ बोलने की आदत है।' उन्होंने आरोप लगाए कि सिली सोल्स में वहीं एड्रेस दर्ज है, जो एटॉल फूड एंड बेवरेजेस का है, जिसका संचालन ईरानी के पति करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी को मिला जीएसटी नंबर भी सिली सोल्स से मिलता जुलता है। चूड़ांकर ने ईरानी को आदतन झूठ बोलने वाला बताया है। उन्होंने इसके लिए भाजपा नेता की योग्यता से जुड़े मुद्दे का जिक्र किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि साल 2019 में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करते वक्त ईरानी ने जानकारी दी थी कि उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से 1994 में बी कॉम पार्ट 1 किया है। उन्होंने जानकारी दी कि 2004 में दिल्ली के चांदनी चौक में जमा किए गए हलफनामे में उन्होंने 1996 में डीयू स्कूल ऑफ करसपॉन्डेंस से बीए करने का दावा किया।

**क्या था मामला**

दरअसल, यह विवाद तब शुरू हुआ, जब पाया गया कि सिली सोल्स के मालिकों ने मरे हुए व्यक्ति के नाम पर रेस्त्रां में शराब का लाइसेंस रिन्यू करा लिया। इसके चलते कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। जब कांग्रेस नेताओं ने अवैध बार चलाने के आरोप लगाए, तो मामले में ईरानी और उनकी 18 वर्षीय बेटी जोइश का नाम भी सामने आया। हालांकि, केंद्रीय मंत्री ने इसे लेकर कोर्ट में मानहानि का मुकदमा भी दायर किया था।

**दिल्ली हाईकोर्ट से लगी फटकार**

सोमवार को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने जयराम रमेश, पवन खेड़ा और नेत डीसूजा इस मामले में किए गए ट्वीट डिलीट करने के निर्देश दिए थे। साथ ही चेतावनी भी दी थी कि 24 घंटों में ट्वीट डिलीट नहीं करने ट्विटर उन्हें हटा देगा।

# केंद्र सरकार ने 348 मोबाइल ऐप को किया बैन, चीन को भेज रहे थे भारतीयों का डाटा

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को बताया कि चीन एवं दूसरे देशों द्वारा विकसित ऐसे 348 मोबाइल ऐप की पहचान की गयी है और उन्हें प्रतिबंधित किया गया है जो यूजर की जानकारी एकत्र कर रहे थे और देश के बाहर स्थित सर्वरों को अनधिकृत तरीके से भेज रहे थे। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने लोकसभा में रोडमल नागर के प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। सदस्य ने पूछा था कि क्या सरकार ने देश से बाहर सूचना भेजने वाले किसी ऐप की पहचान की है और यदि ऐसे किसी ऐप का पता चला है तो क्या उन्हें प्रतिबंधित किया गया है। जवाब में मंत्री ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ऐसे 348 ऐप की पहचान की है और मंत्रालय के अनुरोध पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन सभी ऐप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया है। मंत्री ने कहा कि इस तरह के डेटा प्रसारण भारत की संप्रभुता और अखंडता, भारत की रक्षा और राज्य की सुरक्षा का उल्लंघन करते हैं। चंद्रशेखर ने बताया कि इन ऐप को चीन समेत विभिन्न देशों द्वारा विकसित किया गया है।

# पुतिन की गर्लफ्रेंड अलीना ब्लैकलिस्ट अमेरिका की रूस पर नई पाबंदी



वॉशिंगटन, 3 अगस्त (एजेंसियां)। यूक्रेन पर हमले के मद्देनजर अमेरिका ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व रूस के खिलाफ नई पाबंदियों का एलान किया है। पुतिन की कथित प्रेमिका अलीना मारतोवना काबेवा को ब्लैकलिस्ट किया गया है। अमेरिका ने अलीना का वीजा निरस्त कर दिया है। 39 साल की काबेवा की पुतिन के साथ नजदीकियां हैं। वह रूसी संसद ड्यूमा की पूर्व सदस्य है और नेशनल मीडिया ग्रुप की मौजूदा प्रमुख हैं। यह ग्रुप टेलीविजन, रेडियो और प्रिंट मीडिया संगठनों का रूसी सरकार समर्थक समूह है। अमेरिकी वित्त विभाग ने मंगलवार को जारी आदेश में कहा कि काबेवा पर यूरोपीय संघ व ब्रिटेन ने भी पाबंदियां लगाई हैं। काबेवा पर यह कार्रवाई रूसी संघ की एक वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी व निदेशक मंडल की सदस्य होने के आधार पर की गई है। अमेरिका यूक्रेन पर हमले के बाद रूस, पुतिन, उनकी दो बेटियों व कई अन्य रूसी नेताओं पर पाबंदी लगा चुका है। इन नेताओं पर यात्रा पाबंदियों के साथ ही उनकी संपत्तियों को भी जब्त किया गया है। काबेवा पर पाबंदी से पहले अमेरिका ने पुतिन की दोनों बेटियों कैटरीना व्लादिमीरोवना तिखोनोवा और मारिया व्लादिमीरोवना वोरोत्सोवा पर पाबंदी लगाई थी। अमेरिका वित्त मंत्रालय अब तक 893 रूसी नेताओं व अधिकारियों पर पाबंदी लगा चुका है। इनमें रूस के शीर्ष सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं. इन सभी के वीजा जब्त कर लिए गए हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने बयान जारी कर कहा है कि यूक्रेन पर हमले के बाद वहां के लाखों लोग मुश्किलों से जूझ रहे हैं, जबकि पुतिन व उनके सहयोगी ऐशो आराम की जिंदगी जी रहे हैं।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 4 जुलाई, 2022

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले का नया पैटर्न

'हिंदू महिलाएं बिलख रही थीं, घरों और दुकानों में आग लगा दी गई थी। हर चेहरे पर खौफ था। बांग्लादेश के हिंदू दशकों से इस खौफ के साए में जी रहे हैं, लेकिन अब ये दहशत उन इलाकों में भी पहुंच रही है, जहां पहले ऐसा नहीं हुआ था।' ये कहना है बांग्लादेश में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल चटर्जी का, जो हाल में हिंसाग्रस्त रहे नड़ाइल जिले के दघाइल गांव का दौरा करके लौटे हैं। यहां दो सप्ताह पहले एक कथित विवादित फेसबुक पोस्ट के बाद हिंदुओं को निशाना बनाया गया था। निर्मल चटर्जी कहते हैं- हिंदुओं के घरों और दुकानों को लूट लिया गया। महिलाओं के गहने भी छीन लिए गए। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की ये कोई पहली या अकेली घटना नहीं है। इसी साल मार्च में भीड़ ने एक हिंदू मंदिर पर हमला कर दिया था। बाद में प्रशासन ने इसे प्रॉपर्टी विवाद से जुड़ा बताया था।

अक्टूबर 2021 में कई जिलों में हिंदुओं पर हमले हुए थे। दुर्गा पूजा के दौरान हुए इन हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों घायल हुए थे। मुसलमानों की भीड़ ने कई शहरों में दुर्गा पंडालों पर हमले किए। ये हमले भी कथित तौर पर कुरान के अपमान के आरोप के बाद हुए थे। साल 2016 में नसीरनगर में हिंदुओं पर बड़ा हमला हुआ था। 19 मंदिर तोड़ दिए गए थे और 300 से अधिक हिंदू घरों को निशाना बनाया गया था। इस हमले में सौ से अधिक लोग घायल हुए थे। इससे पहले 2012 कॉक्स बाजार जिले के रामू उप जिले में अल्पसंख्यक बौद्धों को निशाना बनाकर बड़े हमले किए गए थे। ये हमले भी एक विवादित फेसबुक पोस्ट के बाद ही हुए थे। 2013 में इसी तरह हिंदुओं पर योजनाबद्ध हमले हुए थे और सैकड़ों घरों को निशाना बनाया गया था। बांग्लादेश में मानवाधिकारों और कानूनी अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन आईन ओ सालिश केंद्र के मुताबिक बांग्लादेश में साल 2013 से 2022 के बीच हिंदुओं के 1642 घरों और 456 दुकानों और व्यापारिक ठिकानों पर हमला किया गया। इसी दौरान 1807 मंदिरों, बौद्ध विहारों और मूर्तियों पर हमला किया गया या उनके साथ छेड़छाड़ की गई। खबरों के आधार पर तैयार किए गए डेटा के मुताबिक इस दौरान सांप्रदायिक हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए और 1037 घायल हो गए।

निर्मल चटर्जी कहते हैं, 'यह कोई एक घटना नहीं है, बल्कि बहुत सी घटनाएं हुई हैं। नड़ाइल में हमलों के बाद पुलिस तैनात की गई और गिरफ्तारियों का भरोसा भी दिया गया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात भी की। सरकार ये दावा कर रही है कि हम बहुत कुछ कर रहे हैं, लेकिन ये काफी नहीं है।'

चटर्जी के मुताबिक अब हिंदुओं को निशाना बनाकर की जा रही हिंसा के अलग पहलू भी सामने आ रहे हैं। वो कहते हैं, 'पूर्व में चुनाव से पहले और बाद में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले होते थे। हालांकि, पिछले दस सालों से प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान ऐसा नहीं हो रहा था। अब हाल के दिनों में सांप्रदायिक तत्व फिर से काफी सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने फिर से हिंदुओं को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। नड़ाइल हिंसा के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमानों पर हिंदुओं ने प्रदर्शन किया। यही नहीं, नागरिक समाज के लोग भी इन प्रदर्शनों में शामिल हुए और अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा और हितों की रक्षा की मांग की। निर्मल चटर्जी कहते हैं, 'हाल के दिनों में एक अच्छी बात ये हुई है कि बांग्लादेश का नागरिक समाज भी इस तरह के हमलों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन हम फिर भी यही कहेंगे कि इस तरह की हिंसक घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।' बांग्लादेश के मानवाधिकार कार्यकर्ता और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठन बांग्लादेश हिंदू, बौद्ध, ईसाई एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव राणा दास गुप्ता मानते हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं का अस्तित्व खतरे में है।

राणा दासगुप्ता कहते हैं, 'बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों, मंदिरों, व्यापारिक ठिकानों पर लगातार हमले हो रहे हैं। उनकी जवान लड़कियों का अपहरण किया जा रहा है। हिंदू डरे हुए हैं। उनके सामने अपनी जमीन और घरों को बचाने की चुनौती है। उनके मंदिर और महिलाएं खतरे में हैं।' 2018 में सत्ताधारी आवामी लीग ने अपने मेनिफेस्टो में वादा किया था कि अगर वो फिर से सत्ता में आती है तो वह अल्पसंख्यक सुरक्षा कानून लाएगी, भेदभाव रोकथाम कानून लाएगी और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग गठित करेगी। पार्टी ने द वेस्टेड प्रॉपर्टी रिटर्न एक्ट (शत्रु संपत्ति वापसी अधिनियम) लाने का वादा भी किया था जिसके तहत सरकार द्वारा ली गई हिंदुओं की संपत्ति वापस की जानी थी।' राणा दासगुप्ता कहते हैं, 'बांग्लादेश में डेढ़ साल बाद अगले चुनाव हो जाएंगे, लेकिन सरकार ने अब तक अपना पिछला चुनावी वादा ही पूरा नहीं किया है।'

बांग्लादेश में हाल के सालों में हिंदुओं पर हमलों के पीछे सोशल मीडिया पोस्ट से शुरू हुआ विवाद या धार्मिक पुस्तक के कथित अपमान से खड़े हुए विवाद रहे हैं, लेकिन मानवाधिकार कार्यकर्ता मानते हैं कि देश के सक्रिय कट्टरवादी योजनाबद्ध तरीके से हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। राणा दास दुप्ता कहते हैं, 'कट्टरवादी समूह और पार्टियां ही हमलों में शामिल हैं। ये वही ताकतें हैं जिन्होंने 1971 में पाकिस्तान का समर्थन किया था। ये अब सत्ताधारी आवामी लीग में भी घुस गए हैं।' हिंसा की घटनाएं ना रुकने की वजह बताते हुए वे कहते हैं, 'अब हमलों के बाद थानों में एफआईआर तो होने लगी है, लेकिन अपराधियों को सजा नहीं मिलती। मामले अदालत में लंबित पड़े रहते हैं। हमलावरों को सजा ना मिलना ऐसे हमले होते रहने की सबसे बड़ी वह है। हमलावरों में कानून का कोई डर नहीं है।' बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों की वजह से देश में हिंदू और अल्पसंख्यक आबादी सिमट गई है। राणा दास गुप्ता कहते हैं, 'इन हमलों का एक बड़ा मकसद हिंदुओं में इतना खौफ पैदा करना है कि वो देश छोड़कर भारत जाने के लिए मजबूर हो जाएं। यही वजह है कि आजादी के समय 29.7 प्रतिशत आबादी अल्पसंख्यकों की थी जो 1970 में 19 प्रतिशत रह गई थी। हिंदुओं का लगातार शोषण होता रहा और 2011 की जनगणना के मुताबिक देश में अल्पसंख्यकों की आबादी सिर्फ 9.6 प्रतिशत थी जो अब लगातार कम हो रही है।' जिहाद वॉच किताब के लेखक और इस्लामी चरमपंथ पर नजर रखने वाले अंतरराष्ट्रीय विश्लेषक रॉबर्ट स्पेंसर कहते हैं, 'ये साफ है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले धर्म से प्रेरित हैं। यहां के मुसलमान हिंदुओं को देश से हमेशा के लिए भगा देना चाहते हैं। वो ये मानते हैं कि इस जमीन पर उनका अधिकार है और इस्लाम के वर्चस्व को बढ़ाना उनकी जिम्मेदारी है। इस बात का सबूत ये है कि मुसलमानों का वहां कभी भी इस तरह से उत्पीड़न नहीं हुआ है।'

बांग्लादेश के संविधान के मुताबिक इस्लाम देश का अधिकारिक धर्म है हालांकि संविधान में धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत भी है। राणा दासगुप्ता कहते हैं, 'जब बांग्लादेश का एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उदय हुआ, तब 4 नवंबर 1972 को लागू देश के संविधान में धर्म से जुड़ा कुछ नहीं था।

अब संविधान की प्रस्तावना के ऊपर ही बिस्मिल्लाह लिखा है और 1988 के बाद से इस्लाम राज्य का धर्म है। हालांकि, अनुच्छेद 12 के तहत धर्मनिरपेक्षता को राज्य का सिद्धांत घोषित किया गया है। संविधान में भले ही धर्मनिरपेक्षता हो, लेकिन वास्तव में ये कहीं नहीं हैं। सभी राजनीतिक दल कट्टरवादी ताकतों को रिझाने की कोशिश करते हैं।' नड़ाइल में हुई ताजा हिंसा के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए हैं और हमलों की आलोचना की गई है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को लगता है कि अभी इन हमलों के रुकने का कोई ठोस संकेत नहीं मिल रहा है।

## सवालों में अस्पताल की आग

बीते दो तीन सालों में अस्पतालों में लगी घटनाओं से सबक सीखा गया होता तो मध्यप्रदेश के जबलपुर शहर के निजी अस्पताल में शायद आग से आठ लोगों की मौत नहीं होती। जबलपुर के अस्पताल में लगी लगी आग की घटना देश भर के अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा से जुड़े इंतजामों की पोल खोलने के लिए काफी है। हादसे में आठ लोगों की मौत बता रही है कि अगर अस्पताल में सुरक्षा संबंधी मानकों का पालन किया गया होता तो इतने बडे हादसे से बचा जा सकता था। हालांकि मध्य प्रदेश सरकार ने सरकारी औपचारिकता पूरी करते हुए इस मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने का एलान भी कर दिया है। लेकिन क्या इतने भर से सरकार की जिम्मेदारी पूरी हो जाती है। देखा जाए तो अस्पताल का हादसा उसके प्रशासन की लापरवाही का नतीजा तो है ही, लेकिन उससे भी ज्यादा दोषी वे सरकारी महकमे के अधिकारी हैं जिन पर अस्पतालों को मंजूरी देने से लेकर वहां हर तरह की सुरक्षा सुनिश्चित करवाने की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार ने लापरवाही का जिम्मेदार मानते हुए तीन अधिकारियों को निलंबित कर जांच के आदेश दे दिए हैं। बता दें कि पिछले साल नवंबर में भी राजधानी भोपाल के कमला नेहरू अस्पताल में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई थी। ये घटनाएं बताती हैं कि पिछली घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया जाता और सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चलता रहता है। जबलपुर के इस अस्पताल में जिस तरह की सुरक्षा संबंधी खामियां सामने आई हैं, उससे लगता है कि राज्य तो क्या देश में न जाने कितने अस्पताल होंगे जो ऐसे हादसे का इंतजार कर रहे होंगे। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग अस्पताल को बिजली आपूर्ति करने वाले पैनल और जनरेटर को जोड़ने वाले तार में चिंगारी पैदा होने से लगी। यदि ऐसा है तो पहली नजर में यह हादसा बिजली संबंधी रखरखाव में खामियों की वजह से है। जाहिर है बिजली का कामकाज देखने वाले विभाग ने इस पर कोई ध्यान न दे कर सिर्फ लापरवाही की, जिसकी वजह से उक्त हादसा पेश आया। जानकार बताते हैं कि यह अस्पताल कोरोना काल में ही शुरू हुआ था। ऐसे में संभव है कि पैसे कमाने की गरज से आनन-फानन में अस्पताल शुरू करवा दिया गया और सुरक्षा मानकों पर कोई ध्यान ही नहीं दिया गया। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र के अनुसार इस अस्पताल के पास अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाणपत्र भी नहीं था। जबकि किसी भी इमारत या अस्पताल आदि के निर्माण के बाद दमकल विभाग अग्नि सुरक्षा संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करता है। जो यह सुनिश्चित किया जाता है कि अस्पताल के पास आग जैसी घटना से निपटने के लिए सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हों। लेकिन इस अस्पताल को मिले अनापत्ति प्रमाणपत्र की अवधि खत्म हो चुकी थी। लापरवाही इतनी कि अस्पताल में आग से बचाव का कोई इंतजाम भी नहीं था। न अग्निशमन के उपकरण थे, न रेत आदि। इतनी लापरवाही पर दमकल विभाग को इसका जिम्मेदार ठहरा कर उनके अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। कोरोना काल में ही महाराष्ट्र, गुजरात समेत कई प्रदेशों के अस्पतालों में आग की जितनी भी घटनाएं सामने आई हैं, उनके पीछे बड़ा कारण किसी न किसी स्तर पर घोर लापरवाही ही दिखाई दी। लगता है कि जबलपुर के इस तीन मंजिला अस्पताल को मंजूरी देते वक्त जिम्मेदार महकमों ने आफिस में बैठ कर ही एनओसी जारी कर दी। उन्होंने यह देखने की जहमत भी नहीं उठाई कि हादसे की सूरत में लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए आपात निकास द्वार है भी या नहीं। अस्पताल में आने-जाने के लिए सिर्फ चार फुट चौड़ा दरवाजा था जो अब चलकर खाक हो चुका है। संकरे दरवाजे की वजह से लोग बाहर भी नहीं निकल पाए। पहली मंजिल से बच कर निकलने की कोशिश में ज्यादातर लोग सीढ़ियों में फंस गए थे। बता दें कि अस्पतालों की इमारतों के लिए मानक निर्धारित होते हैं। लेकिन इस अस्पताल में मानक का कहीं कोई असर ही नहीं दिखाई दे रहा है। अग्निकांड की ऐसी घटनाएं सरकारी महकमों में मची अंधेरगंर्दी की तरफ तो इशारा कर ही रही हैं, साथ ही यह भी पता स्पष्ट हो रहा है कि भ्रष्ट तंत्र के लिए आम लोगों की जान कितनी सस्ती होती है !

## पोंगापंथी से ऊपर उठें मजहबी



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत में मजहब के नाम पर किस कदर पोंगापंथी कोहराम मचाकर खुश होते हैं? इसका ताजा किस्सा सामने आया है, मुजफ्फरनगर की युवा गायिका फरमानी नाज का। यह घरेलू मुस्लिम महिला है। इस तीस वर्षीय मुस्लिम महिला के खिलाफ कुछ मुस्लिम मौलानाओं ने अपने तोप और तमंचे दागने शुरू कर दिए हैं, क्योंकि उसका गाया हुआ एक भजन 'हर हर शंभू...' बहुत लोकप्रिय हो रहा है। उस भजन को इंटरनेट पर अभी तक लगभग 10 लाख लोग सुन चुके हैं। देवबंद के उलेमाओं के वाग्बाणों के बाद कोई आश्चर्य नहीं कि अब नाज के भजनों, गजलों और गीतों को सुननेवालों की संख्या करोड़ों तक पहुंच जाए। हमारे पोंगापंथी मौलानाओं की फरमानी नाज पर यह बड़ी कृपा बरसेगी। मैंने भी फरमानी नाज को सुनने की कोशिश की। उसके शिव भजन में तो मुझे कोई खास रस नहीं आया लेकिन उसकी गजलें सुनकर मैं दंग रह गया। अपने चूल्हे पर गोबर लीपती हुई नाज जो गजल गा रही है, बिना तबला और बांसुरी के, वह भी सीधे दिल में उतर रही थी। देवबंद के एक मौलाना और मुफ्ती ने फरमानी नाज के शिव भजन पर घोर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यदि आप मुसलमान हैं तो आपको किसी अन्य मजहब के देवी-देवताओं के भजन बिल्कुल नहीं गाने चाहिए।

इस्लाम इसकी इजाजत कतई नहीं देता। उनके इस एतराज का फरमानी और उसकी मां, दोनों ने साफ लफ्जों में जवाब दिया है। उनका कहना है कि फरमानी नाज पक्की मुसलमान है और वह नियमित नमाज भी अदा करती है। लेकिन उसकी शादी के दो साल बाद ही उसका तलाक हो गया। उसे मुंबई के 'इंडियन आइडल' में गोल्डन टिकिट भी मिला, लेकिन इसे छोड़कर उसे फिर मुजफ्फरनगर आना पड़ा, क्योंकि उसके दो साल के बेटे के गले का गंभीर आपरेशन जरूरी था। उसके लिए वह पैसा कहां से लाती? सो, उसने गाना शुरू कर दिया। उसके पास कोई कमी नहीं रही। उसकी मां फातिमा बेगम ने कहा कि उसके गायन ने ही बच्चे के जान बचाई। उन दोनों का कहना है कि संगीत का कोई मजहब नहीं होता। उनकी यह बात गलत नहीं है, क्योंकि मोहम्मद रफी, एआर रहमान, जावेद अख्तर, लता मंगेशकर, शकील बदायूंनी जैसे दर्जनों बड़े नाम हैं, जिन्होंने एक-दूसरे के धार्मिक भजनों और गीतों को गाया और लिखा है। मुसलमान और ईसाई अभिनेताओं ने हिंदू देवी-देवताओं के रोल किए हैं और हिंदू अभिनेताओं ने मुस्लिम बादशाहों के रोल अदा किए हैं।

क्या देवबंद के मौलानाओं को पता नहीं है कि रसखान ने कृष्णभक्ति में जो अदभुत काव्य लिखा है, क्या वैसा किसी हिंदू कवि ने भी लिखा है? अगर फरमानी नाज के खिलाफ आप फतवा जारी करेंगे तो आपको रहीम, रसखान, कबीर, मलिक मुहम्मद जायसी जैसे भारतीय महाकवियों के खिलाफ भी फतवा जारी करना पड़ेगा। मुझे तो कई बार पाकिस्तान के कई प्रसिद्ध गायकों के घर पर हिंदू भजन सुनकर चकित हो जाना पड़ा है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत के अनेक शास्त्रीय संगीत महारथियों को मैंने काबुल, कराची, लाहौर और दिल्ली में पक्के शास्त्रीय गायन में हिंदू देवी-देवताओं का उल्लेख करते हुए सुना है। मीर, गालिब, इकबाल जैसे महान शायरों की कविताओं में मजहबी पोंगापंथियों की जो मजाक बनाया गया है उसे मैं यहां दोहराना नहीं चाहता हूं। देवबंद के मुल्ला-मौलवियों से मेरा अनुरोध है कि वे थोड़ी उदारता अपनाएं ताकि भारतीय इस्लाम दुनिया भर के इस्लाम से बेहतर बनकर उभरे और जिनकी नकल आप करना चाह रहे हैं, वे आपकी नकल करने लगें।

**(लेखक, भारतीय भाषा सम्मेलन के अध्यक्ष हैं।)**

## गडकरी की सीख क्या शीतल फुहार कर सकेगी?



भूपेन्द्र गुप्ता

इंदौर के एक समारोह में मध्य प्रदेश की विभिन्न परियोजनाओं की घोषणा करते हुए देश के भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जो भाषण दिया वह अत्यंत प्रेरक था और उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को जो सीख दी वह तो और भी चौंकाने वाली थी। उन्होंने कहा कि नेता वही है जो 25 साल आगे की सोचता है कल्पना करता है और योजना बनाता है। ब्यूरोक्रेसी के भरोसे काम करने वाले लोग नेता नहीं होते।नौकरशाही को उन्होंने पैच वर्क करने वाला बताया और कहा कि वह आज के आगे कुछ भी नहीं सोचती। उनकी इस सीख में शायद उनकी राजनीति छोड़ने का वैराग्य भाव शामिल रहा हो, किंतु जो प्रदेश येन केन प्रकारेण केवल चुनाव जीतने को ही अपना लक्ष्य मानता हो वहां ऐसी सीखें गुदगुदाती जरूर हैं।

इसी संदर्भ को आगे बढाते हुये गडकरी ने ग्रीन हाइड्रोजन, एलएनजी इलेक्ट्रोलाइजर के तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की जो उन्हें जिज्ञासु के रूप में स्थापित करती हैं और सुनने में अत्यंत प्रिय हैं। किंतु दुर्भाग्य है कि गडकरी को छोड़कर उनकी पार्टी का हर नेता और कार्यकर्ता 25 साल आगे देखने वाले प्रत्येक नेता की कुटिल आलोचना में अपनी शान समझता है ।क्या भारतीय जनता पार्टी के उन लोगों को गडकरी के वक्तव्य से प्रेरणा नहीं लेनी चाहिए जो रात दिन 50 साल आगे देखने वाले जवाहरलाल नेहरू,लालबहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी,और मनमोहन सिंह को पानी पी पीकर कोसते हैं। गडकरी जिस इलेक्ट्रोलाइजर और ग्रीन हाइड्रोजन की चर्चा आज 2022 में आधुनिक तकनीकी के नाम पर कर रहे हैं वह तकनीकी तो पंडित जवाहरलाल नेहरु ही ला चुके थे । जिन्होंने सदियों के पार देखकर भारत के भविष्य का रूपांकन किया।

देश में लगभग 245 करोड़ रुपए से भाखड़ा नांगल बांध बनाया गया जिसकी कीमत आज की मुद्रा में लगभग 17 हजार करोड़ से अधिक होगी ।कौन जानता था कि इस बांध से देश की आगे की सदी चमकदार होने वाली थी यह बांध मूलतः तो अंग्रेजों की परिकल्पना थी किंतु अंग्रेज इसे नहीं बना सके क्योंकि उस समय उनके पास पैसों की कमी थी। किंतु जवाहरलाल नेहरू ने इस बांध को बनाया जबकि देश के पास इतने पैसे ही नहीं थे लेकिन उन्होंने अभावपूर्ण परिस्थितियों में भी इस बांध को बनाने का बीड़ा उठाया। कल्पना कीजिए कि जब यह बांध बनाया गया तब इससे 1325 मेगावाट बिजली पैदा होती थी। जबकि देश में बिजली की इतनी खपत ही नहीं थी तब सोचा गया कि इस बिजली का क्या किया जाएगा। तब नेहरू जी ने नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड की कल्पना की ।जिसमें 155 मेगावाट बिजली खपाई जा सकती थी।इससे बनने वाली खाद को बनाने में अमोनिया की आवश्यकता पड़ती थी जब अमोनिया बनाते थे ,तो उसमें से हाइड्रोजन और आक्सीजन सेपरेट करने के लिए इलेक्ट्रोलाइजर तकनीकी लाई गई जिससे लगभग 15 किलो लीटर हाइड्रोजन उस समय पैदा होती थी ।उस हाइड्रोजन को संचित किया जाता था । जब हाइड्रोजन की अधिक मात्रा मिलने लगी तो सोचा गया कि इसका क्या उपयोग करेंगे तब हमारे वैज्ञानिकों ने हैवी वाटर बनाने की परिकल्पना की ।तब नंगल की इस हाइड्रोजन से हैवी वाटर बनाया जाने लगा। सामान्यता पानी 100 डिग्री पर उबलने लगता है किंतु हैवी वाटर लगभग 600 डिग्री तक भी तापमान को सहन कर लेता है जिससे यह एटॉमिक पावर प्लांट को ठंडा करने में उपयोग आने लगा तकनीकी से तकनीकी कैसे बढ़ती है और दृष्टि संपन्न नेता कितनी दूर का सोचते हैं भाखड़ा उसकी जीवंत मिसाल है। कोई सोच भी नहीं सकता कि सिंचाई के लिए बनाया गया भाखड़ा नंगल बांध अंततः परमाणु बिजली घरों के लिए हैवी वाटर भी दे सकेगा। जब यह बांध बन रहा था तब विपक्ष के नेता भाषण देते थे कि पानी को मथकर नेहरू बिजली निकाल लेंगे तो पानी की ताकत चली जायेगी ।तकनीकि और परंपरागत सोच का यह टकराव नया नहीं है यह सनातन है। इंदिरा गांधी जब चांद पर जाने की सोचती थीं तब यथास्थितिवादी कहते थे धरती तो संभाल लो।

## संवैधानिक व सामाजिक मर्यादा का महत्त्व



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

कांग्रेस में फजीहत कराने वालों में अंतरिक प्रतिस्पर्धा चल रही है. इसके शीर्ष नेता शुरू से ही अपने बयानों के लिए चर्चित रहे है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सभी प्रवक्ता भी उसी रास्ते पर हैं. इनको संवैधानिक और सामजिक मर्यादा का भी ध्यान नहीं रहता. हद तो तब हुई जब इन्होंने देश के सर्वोच्च पद को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की. यदि ऐसी टिप्पणी एक बार होती तो उसे मानवीय भूल और भाषाई विवशता माना जा सकता था. लेकिन गलती पर टोकने के बाद पुनः वही शब्द दोहराना दुस्साहस की श्रेणी में आयेगा. वस्तुतः राष्ट्रपति चुनाव में अपने उम्मीदवार की बड़ी पराजय और पार्टी में क्रास वोटिंग कांग्रेस को बर्दास्त नहीं हो रही है.उसने संवैधानिक मर्यादा के उल्लंघन में भी संकोच नहीं किया. इसी प्रकार केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरान की पुत्री पर पत्रकार वार्ता करके आरोप लगाना सामाजिक मर्यादा का उल्लंघन था. इन दोनों प्रकरण से कांग्रेस की स्थिति हास्यास्पद हुई है. राष्ट्रपति पद हेतु चुनाव पहले भी होते रहे हैं.परस्पर आरोप प्रत्यारोप भी चलते थे. लेकिन निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होते ही इस पर विराम लग जाता था. लेकिन इस बार विपक्ष सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा के अनुरूप अचारण करने में विफल रहा. वैचारिक विरोध तक गनीमत थी. लेकिन विपक्ष के उम्मीदवार और अन्य नेताओं में वनवासी समुदाय की महिला के प्रति सम्मान का भाव भी नहीं था. उनके विजयी होने और राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद भी अमर्यादित टिप्पणी की गई. ये वही नेता थे जो बात बात पर संविधान और लोकतंत्र को संकट में बताते रहते हैं. किन्तु संवैधानिक मर्यादाओं के पालन में इनका स्वयं ही विश्वास नहीं है. वस्तुतः ये भाजपा को मिल रही सफ़लता से बेहाल हैं. इनको यह समझ नहीं आ रहा है कि सत्ता पक्ष का विरोध कैसे करना है. कुनबे पर आधारित दल सरकार के विरोध में एकजुटता प्रदर्शित करने का प्रयास करते है. विचारधारा की दुहाई देते है. लेकिन परिवार केंद्रित विचार से बाहर निकलना इनके लिए सम्भव नहीं होता. दूसरी तरफ द्रोपदी मुर्मू ने चुनाव प्रचार के दौरान भी मर्याद के अनुरूप आचरण किया. वह विपक्ष के नकारात्मक प्रचार से प्रभावित नहीं हुई. राष्ट्रपति बनने के बाद भी उन्होंने सर्वोच्च पद की गरिमा को कायम रखा है. उन्होने ने कहा था कि उनका जन्म आजाद भारत में हुआ है। उनका चुनाव इस बात का प्रमाण है कि भारत में गरीब सपने देख सकते हैं. सपने को सच भी कर सकते हैं। वह ओडिशा के एक छोटे से आदिवासी गांव से आती हैं। वहां प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करना भी एक सपने जैसा था। लेकिन अनेक बाधाओं के बावजूद दृढ़ संकल्प के चलते वह कॉलेज जाने वाली अपने गांव की पहली बेटी बनीं ।वाड 'पाष 'दसे लेकर भारत की राष्ट्रपति बनने तक का अवसर मिला है। इसका श्रेय देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को है.उसमें एक गरीब घर में पैदा हुई बेटी,दूर सुदूर आदिवासी क्षेत्र में पैदा हुई बेटी, भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंच सकती है। यह भारत के प्रत्येक गरीब की उपलब्धि है। इस निर्वाचन में देश की करोड़ों महिलाओं और बेटियों के सपनों और सामर्थ्य की झलक है।

# सामने आ गये हैं चीन और अमरीका



डॉ उमेश प्रताप वत्स

चीन की परिणाम भुगतने की चेतावनी को दरकिनार करते हुए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी का विमान असमंजस की स्थिति को बरकरार रखता हुआ मंगलवार को आसमान से जैसे ही ताइवान के एयरपोर्ट पर लैंड हुआ चीन का पारा भी सातवें आसमान पर पहुंच गया।

पच्चीस वर्षों में अमेरिका के किसी भी चुने गए उच्च अधिकारी की ताइवान में यह पहली यात्रा थी। चीन ताइवान पर अपना हिस्सा होने का दावा करता है इसलिए चीन ने चेतावनी दी थी कि अगर नैन्सी पेलोसी ताइवान जाती हैं तो उन्हें गंभीर नतीजों का सामना करना पड़ेगा। चीन का मानना है कि अमेरिका ताइवान में अलगाववादी एजेंडे पर काम कर रहा है, जिसे नैन्सी पेलोसी की यात्रा से बल मिल सकता है। यद्यपि ताइवान को चीन अपनी मुख्य भूमि का हिस्सा बताता रहा है और पेलोसी की वहां जाने की कथित योजना से वह भड़का हुआ है। पेलोसी की प्रस्तावित यात्रा पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन को पिछले बृहस्पतिवार को फोन पर बातचीत में चेतावनी देते हुए कहा था कि 'जो लोग आग से खेलते हैं वे इससे नष्ट हो जाएंगे'।

पड़ोसी देशों में सामंजस्य स्थापित करने के लिए बहुत ही सधी हुई कूटनीति का प्रयोग किया जाता है किंतु चीन जिस प्रकार हथियारों की एक बड़ी खेप एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ होने के अहंकार में हर पड़ोसी देश को घुड़की देता रहता है, यह कमजोर कूटनीति की अनुभूति कराता है।

इतिहास साक्षी है कि तिब्बत को दक्षिण में नेपाल से भी कई बार युद्ध करना पड़ा और नेपाल ने इसको हराया। नेपाल और तिब्बत की सन्धि के मुताबिक तिब्बत द्वारा हर साल नेपाल को पाँच हजार नेपाली रुपये हरज़ाना भरना पड़ा। इस हर्जाने से बचने के लिए चीन से सहायता माँगी। चीन की सहायता से उसने नेपाल से तो छुटकारा पा लिया किन्तु इसके बाद 1906 ई. में चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया। 14 वें दलाई लामा ने 1940 ई. में शासन भार सँभाला। इधर चीन में अक्टूबर 1949 में एक गृहयुद्ध में च्यांग काई-शेक के कुओमिनतांग राष्ट्रवादियों को हराने के बाद माओत्से तुंग के नेतृत्व में कम्युनिस्टों ने बीजिंग की सत्ता पर कब्जा कर लिया। इस संघर्ष के बाद च्यांग काई-शेक के कुओमिनतांग राष्ट्रवादी ताइवान द्वीप पर भाग गए और दिसंबर में ताइपे में उन्होंने अपनी सरकार बनाई तथा मुख्य भूमि चीन के साथ उन्होंने अपने सारे संपर्क काट लिये। 23 मई 1951 को चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया था, जिसमें भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने भी समर्थन किया जिसका भुगतान आजतक करना पड़ रहा है। हिमालय पार का चीन अब तिब्बत लेने के बाद हमारे सिर पर आकर बैठ गया है। भारत और तिब्बत में इसे काला दिन कहा जाता है। वास्तव में इसी दिन तिब्बत ने चीन के दबाव में आकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था, जिसके बाद तिब्बत पर चीन का कब्जा हो गया।

1951 से भूमि सुधार कानून एवं दलाई लामा के अधिकारों में हस्तक्षेप एवं कटौती होने के कारण असंतोष की आग सुलगने लगी जो क्रमशः 1956 एवं 1959 ई. में जोरों से भड़क उठी। परन्तु माओत्से तुंग के बल प्रयोग द्वारा चीन ने इसे दबा दिया। तिब्बत पर चीन के अवैध कब्जे से वहां के लोगों में चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ने लगा। 1955 के बाद पूरे तिब्बत में चीन के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन होने लगे। 1959 में राजधानी ल्हासा में हुए पहले हिंसक विरोध प्रदर्शनों को चीन ने सैन्य कार्रवाई से बेरहमी से कुचल दिया, जिसमें हजारों तिब्बतियों की जान चली गई। अत्याचारों, हत्याओं आदि से किसी प्रकार बचकर दलाई लामा नेपाल पहुँच सके। अभी वे भारत में रहकर चीन से तिब्बत को अलग करने की कोशिश कर रहे हैं। श्री लंका का ताजा उदाहरण पूरा विश्व देख रहा है जो चीन के कर्ज में कंगाली तक पहुंच गया है।

भारत की हजारों किलोमीटर की सीमा चीन से लगती है। भारत का प्राचीन इतिहास रहा है कि वह किसी पर जल्दी आक्रमण नहीं करता। इस नीति को भारत की कमजोरी समझ शी जिनपिंग की सरकार आये दिन भारत से सीमा पर झगड़ा कर दबाव बनाने का असफल प्रयास करती है।

अभी हाल ही में औचक दौरे पर भारत आए चीन के विदेश मंत्री वांग यी से विदेशमंत्री जयशंकर की तीन घंटे चर्चा चली जो कि दोनों देशों के आपसी रिश्तों पर ही केंद्रित रही। विदेशमंत्री स्तर की बातचीत में इसी बात पर चर्चा हुई कि ₹जब तक सीमावर्ती इलाकों में सेना की बड़ी तैनाती है, स्पष्ट है कि स्थिति सामान्य नहीं है। ₹ भारत ने यह भी कहा, ₹यथास्थिति को बदलने की एकतरफा कोशिशें नहीं होनी चाहिए। चीनी विदेश मंत्री वांग यी को एक टूक कहा गया कि चीन भारत को लेकर एक स्वतंत्र नीति अपनाए और अपनी नीतियों को दूसरे देशों और दूसरे संबंधों से प्रभावित होने की इजाजत न दे।

मई और जून 2020 में दोनों देशों की सेनाओं के बीच सीमा पर कई इलाकों पर झड़प हुई थी। 15 जून को लद्दाख की गल्वान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक मुठभेड़ हुई जिसमें भारतीय सेना के कम से 20 सिपाही मारे गए और चीन के 40 से भी अधिक जिसे वह मानने को तैयार नहीं है। इस घटना के बाद जल्द ही दोनों देशों ने सीमा के कई बिंदुओं पर भारी संख्या में सेना तैनात कर दी और दोनों देश लगभग युद्ध के मुहाने तक पहुंच गए।

मई 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हिंसक मुठभेड़ के बाद दोनों देशों के आपसी रिश्ते इस कदर बिगड़ गए कि स्थिति आज तक सामान्य नहीं हुई है। आज भी सीमा पर कई बिंदुओं पर दोनों देशों की सेनाएं एक दूसरे के आमने-सामने तैनात हैं। इस तनाव के चलते भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कुछ महीनों बाद चीन में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जायेंगे ऐसा मुश्किल लगता है।

वर्तमान में नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से सात दशकों से चल रहा चीन-ताइवान विवाद, एक बार फिर बढ़ गया। पिछले 70 वर्षों से चीन को ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका के विरोध का सामना से झेलना पड़ा है। चीन का सदैव यह दावा रहा है कि ताइवान उसी का हिस्सा है, जबकि ताइवान खुद को एक अलग स्वतंत्र देश मानता है।

# सावन महीने का गुरुवार भी होता है पर्व

## इस दिन भगवान शिव के साथ ही विष्णुजी के भी अभिषेक का विधान





सावन महीना 11 अगस्त तक रहेगा। ये भगवान शिव का प्रिय महीना है। शिव पुराण के मुताबिक इन दिनों शिवजी की विशेष पूजा की जाती है। वहीं, भविष्य और विष्णुधर्मोत्तर पुराण के मुताबिक सावन महीने में भगवान विष्णु का अभिषेक और पूजा करने से हर तरह के दोष खत्म हो जाते हैं। इस दिन व्रत रखकर दान दिया जाता है। साथ ही तुलसी पूजा करने का भी विधान बताया गया है। भगवान हरि यानी विष्णुजी और हर यानी शिवजी की पूजा होने से इस दिन को पर्व भी कहा गया है।

**सावन गुरुवार पर क्या करें**

श्रावण मास के गुरुवार को भगवान विष्णु के साथ ही देवी लक्ष्मी का अभिषेक करें। पूजा में दक्षिणावर्ती शंख में केसर मिश्रित दूध भरें और अभिषेक करें। बाल गोपाल का भी इसी तरह अभिषेक करें। श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को माखन-मिश्री का भोग लगाएं।

**तुलसी पूजा:** इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर तीर्थ स्नान करना चाहिए। इसके बाद तांबे के लोटे में साफ जल भरकर उसमें गंगाजल की कुछ बूंदे डालें फिर तुलसी के पौधे में जल चढ़ाएं। फिर कुमकुम, चंदन, अक्षत, हल्दी, मेहंदी और फूल चढ़ाकर घी का दीपक लगाएं। इसके बाद पौधे की परिक्रमा करें। शाम को सूर्यास्त के समय भी दीपक लगाना चाहिए।

**शिव पूजा:** सावन का महीना होने से इस दिन शिवलिंग पर तांबे के लोटे से जल चढ़ाएं और ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करें। मंत्र जाप की संख्या कम से कम 108 होनी चाहिए। भगवान को बिल्व पत्र और धतूरा भी चढ़ाएं। दीपक और कर्पूर जलाकर आरती करें।

**किन चीजों का दान करें**

सावन महीने के गुरुवार को जरुरतमंद लोगों को कपड़े, खाना, फलों का रस, नमक, जूते-चप्पल और छाते का दान करने का विधान है। इस दिन घी, गुड़, काले तिल, रुद्राक्ष और दीपदान भी करना चाहिए।

# भगवान शिव पर बेलपत्र और फल के अलावा जड़ चढ़ाना है बेहद शुभ

सावन का महीना भगवान शिव का प्रिय माह होता है. सावन के महीने में भोलेनाथ के भक्त उन्हें प्रसन्न करने के लिए तरह-तरह के पूजा, अनुष्ठान और व्रत रखते हैं. भगवान शिव के प्रिय माह होने के कारण इस पूरे महीने भगवान शिव को पसंद की वस्तुएं उन्हें अर्पित की जाती हैं. भगवान शिव को विशेषकर भांग, धतूरा और बेलपत्र जैसी चीजें अर्पित की जाती हैं. ऐसा माना जाता है कि बेलपत्र चढ़ाने से भगवान शिव का आशीर्वाद जल्द प्राप्त होता है, लेकिन सिर्फ बेलपत्र ही नहीं, बल्कि धर्म शास्त्रों में बेल वृक्ष की जड़ को भी उतना ही महत्वपूर्ण बताया गया है।



**बेलपत्र का महत्व**

-भगवान शिव की कोई भी पूजा बिना बेलपत्र के नहीं होती. बेलपत्र चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं. सावन के मौके पर बेलपत्र का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है, ऐसा माना गया है कि शिवलिंग पर एक लोटा शुद्ध जल और बेलपत्र चढ़ाने भर से शिव प्रसन्न हो जाते हैं. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, भगवान शिव पर बेलपत्र चढ़ाने से सुख-समृद्धि और मानसिक शांति मिलती है. बेलपत्र को भगवान शिव के तीन नेत्रों का प्रतीक भी माना जाता है।

**बेल वृक्ष की जड़ का महत्व**

**-आर्थिक तंगी दूर करने का उपाय**



धार्मिक पुराणों में उल्लेख मिलता है कि भगवान शिव को बेलपत्र की जड़ अर्पित करने से आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिलता है. पुराणों के अनुसार, बेलपत्र की जड़ में स्वयं माता लक्ष्मी वास करती हैं.



**– दरिद्रता दूर करने का उपाय**

हिंदू धर्म शास्त्रों में बेल के पेड़ को श्री वृक्ष भी बोला गया है. ऐसा माना जाता है कि बेल वृक्ष की पूजा करने से आर्थिक तंगी दूर होती हैं. साथ ही बेल वृक्ष की जड़ों में अन्य खीर मिष्ठान और घी आदि अर्पित करने से दरिद्रता भी समाप्त होती है।

# इस महीने होगा सूर्य, मंगल, बुध और शुक्र का राशि परिवर्तन

## गुरु-शनि की वक्री चाल से होंगे बड़े बदलाव



अगस्त में चार ग्रहों की चाल बदलेगी। इस महीने के पहले ही दिन बुध राशि बदलकर सिंह में आ गया है। इसके बाद 21 अगस्त को ये ग्रह फिर राशि बदलकर कन्या में चला जाएगा। इसके बाद सात अगस्त को शुक्र कर्क राशि में आएगा फिर महीने के आखिरी दिन ये सिंह राशि में चला जाएगा। इस महीने 10 तारीख को मंगल वृष राशि में प्रवेश करेगा। जिससे पिछले 45 दिनों से चल रहा अशुभ अंगारक योग भी खत्म हो जाएगा। फिर 17 अगस्त को सूर्य अपनी ही राशि यानी सिंह में आ जाएगा। इनके अलावा पूरे महीने गुरु और शनि वक्री ही रहेंगे।

महीने के दौरान ग्रहों की चाल में होने वाले बदलावों का असर 12 राशियों समेत देश-दुनिया पर पड़ेगा। इस कारण देश में राजनैतिक, आर्थिक, प्रशासनिक और भौगोलिक बदलाव देखने को मिलेंगे। साथ ही इन ग्रहों का शुभ प्रभाव सिंह और कन्या राशि वाले लोगों पर रहेगा।

**सूर्य सिंह राशि में (17 अगस्त से 17 सितंबर तक)**

**शुभ** - मिथुन, तुला, वृश्चिक और मीन

**सामान्य** - मेष, वृष, सिंह, धनु और कुंभ

**अशुभ** - कर्क, कन्या और मकर

मंगल वृष राशि में (10 अगस्त से 16 अक्टूबर तक )

**शुभ** - कर्क, धनु और मीन

सामान्य - मेष, वृष, सिंह, कन्या और मकर

अशुभ - मिथुन, तुला, वृश्चिक और कुंभ

**बुध:** सिंह राशि में (1 से 21 अगस्त तक)

शुभ - मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु और मीन

सामान्य - वृष और तुला

अशुभ - कन्या, मकर और कुंभ

**गुरु:** मीन राशि में (23 नवंबर तक वक्री)

**शुभ:** वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक और कुंभ

**सामान्य:** मिथुन, धनु, मकर और मीन

**अशुभ:** मेष, सिंह और तुला

**शुक्र:** कर्क राशि में (7 से 31 अगस्त तक)

**शुभ** - कर्क, कन्या और मीन

**सामान्य** - मेष, वृष, मिथुन, वृश्चिक,

**अशुभ** - सिंह, तुला, धनु, मकर और कुंभ

**शनि:** मकर राशि में (23 अक्टूबर तक वक्री)

**शुभ:** सिंह, वृश्चिक, धनु और मीन

**सामान्य:** मेष, वृष, कर्क और कन्या

**अशुभ:** मिथुन, तुला, मकर और कुंभ

**राहु-केतु:** क्रमशः मेष और तुला राशि में (30 अक्टूबर 2023 तक)

**शुभ:** वृष, मिथुन, सिंह, वृश्चिक, धनु और कुंभ

**सामान्य:** मेष, कर्क, कन्या, तुला, मकर और मीन

> हमारी परेशानियों को हल करने का उपाय सिर्फ हम ही खोज सकते हैं, दूसरे लोग तो सिर्फ हमें सुझाव देते हैं।

> जो लोग गिरने से डरते हैं, वे कभी ऊंची उड़ान नहीं भर सकते हैं। डर को दूर करने के बाद ही बड़ी कामयाबी हासिल की जा सकती है।

# पुरानापुल शिवाला घाट मंदिर 350-400 साल से भी अधिक पुराना

हैदराबाद के पुराने शहर के पुरानापुल दरवाजे के सामने तथा पुरानापुल स्थित शिवाला घाट मंदिर 350-400 साल से भी अधिक पुराना है। इस मंदिर को बक्तावर सिह के पूर्वजो न बनाया था, बक्तावर सिंह इसके मंदिर के फाउंडर ट्रस्टी है। मंदिर में सभी भक्तों के लिए हमेशा खुला रहता है। हर सोमवार को यहां भक्तो की भीड लगी रहती है। मंदिर में श्रावण मास के दौरान ढेड महीना पूजा होती है। इसकी वजह ये है कि यहां पर उत्तर भारतीय लोग श्रावण मास पुर्णिमा से पुर्णिमा तक मानते है व दक्षिण भारतीय लोग अमावस्या से अमावस्या तक मानते है, जिसके कारण श्रावण मास की पूजा यहां पर ढेड महीने तक चलती है। जैसा हम हर मंदिर में प्रदषिणा करते है वैसा यहां नहीं होता है । यहां पर चंद्र के आकार में प्रदक्षिणा की जाती है। जहां से हम प्रदक्षिणा आरंभ की जाती है वहां से चंद्र के आकार में संपूर्ण की जाती है। यहां पर प्रति वर्ष शिवरात्रि पर 48 घंटों तक भोले बाबा के दर्शन होते है तथा शिव भगवान सबकी मुरादे पुरी करते है। इस मंदिर की बनावट पुराने पत्थरों से बनी हुई है ।



श्रावणमास की पुजा करते हुए महेद्रतिवारी महाराज, हीरा यादव लड्डु, अनिता व अन्य भक्त।



वर्तमान यहां पर जियागुडा, पारदीवाडा, दूदबावली, रहीमपुरा, कारवान, मंगलहाट, बेगम बाजार से भक्त पूजा करने आते है।

# भीलटदेव में निसंतान दंपति मांगते हैं मन्नत, लेकिन किन्नरों को श्राप, रात नहीं रुक पाते

कहा जाता है शिखर धाम पर स्थित भिलट देव के मंदिर में जो भी श्रद्धा और भक्ति के साथ मन्नत मांगता है वह जरूर पूरी होती है। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि यहां पर निसंतान दंपत्ति बाबा से संतान प्राप्ति की प्रार्थना कर।

इसी को लेकर दंतकथा भी है कि इसी मंदिर में एक किन्नर ने भीलट देव की परीक्षा लेते हुए बाबा से मन्नत मांग ली थी कि अगर उसे भी संतान प्राप्ति होगी तो वह बाबा के सत को मान जाएगा जिसके बाद उस किन्नर को भी गर्भ धारण हुआ और कुछ समय बाद उसकी मृत्यु हो गई। तभी से कोई भी किन्नर रात में नागलवाड़ी में नहीं रुकता है। दिन ढलने से पहले वो नागलवाड़ी की सीमा के बाहर चले जाते हैं।



इसी को लेकर दंतकथा भी है कि इसी मंदिर में एक किन्नर ने भीलट देव की परीक्षा लेते हुए बाबा से मन्नत मांग ली थी कि अगर उसे भी संतान प्राप्ति होगी तो वह बाबा के सत को मान जाएगा जिसके बाद उस किन्नर को भी गर्भ धारण हुआ और कुछ समय बाद उसकी मृत्यु हो गई। तभी से कोई भी किन्नर रात में नागलवाड़ी में नहीं रुकता है। दिन ढलने से पहले वो नागलवाड़ी की सीमा के बाहर चले जाते हैं।

बताया जाता हैं कि 853 साल पहले हरदा जिले के रोल गांव पाटन में एक गवली परिवार में बाबा भिलट देव का जन्म हुआ था। उनके माता-पिता मेंदाबाई और नामदेव शिवजी के भक्त थे। इनकी कोई संतान नहीं थी तो उन्होंने शिवजी की कठोर तपस्या की। जिससे प्रसन्न होकर शिव पार्वती के आशीर्वाद से बाबा का जन्म हुआ था।

बताया जाता हैं कि 853 साल पहले मध्यप्रदेश के हरदा जिले के रोल गांव पाटन में एक गवली परिवार में बाबा भिलट देव का जन्म हुआ था। उनके माता-पिता मेंदाबाई और नामदेव शिवजी के भक्त थे। इनकी कोई संतान नहीं थी तो उन्होंने शिवजी की कठोर तपस्या की। जिससे प्रसन्न होकर शिव पार्वती के आशीर्वाद से बाबा का जन्म हुआ था।

दंत कथा में यह भी बताया जाता है कि शिव पार्वती ने उनसे वचन लिया था कि वह किसी भी रूप में रोज दूध दही मांगने आएंगे और अगर नहीं दिया तो बच्चे को वापस अपने साथ ले जाएंगे। एक दिन उनके मां-बाप दूध देना भूल गए तो शिव पार्वती बाबा को अपने साथ ले गए बदले में पालने में शिवजी अपने गले का नाग रख गए इसके बाद मां-बाप ने अपनी गलती मानी इस पर शिव पार्वती ने कहा कि पालने में जो नाग छोड़ा है उसे ही अपना बेटा समझे इस तरह बाबा को लोग नाग देवता के रूप में पूजते हैं।

शिखर धाम पर पहुंचकर श्रद्धालुओं को मनोहारी दृश्य देखने मिलता है। बारिश के दिनों में तो मंदिर में बादल भी डेरा डाल देते हैं जिससे भक्त भी मंत्रमुग्ध हो जाते हैं और भीलट देव की भक्ति में लीन हो जाते हैं।

## हिंदी दर्शकों को लुभाने में नाकाम रही किच्चा सुदीप की फिल्म 'विक्रांत रोणा'



इस साल बॉक्स ऑफिस पर साउथ की फिल्मों का बोलबाला है। साउथ सिनेमा की फिल्में बढ़िया प्रदर्शन कर रही हैं और इसी क्रम में पिछले हफ्ते रिलीज हुई कन्नड़ स्टार किच्चा सुदीप की पैन इंडिया फिल्म 'विक्रांत रोणा' से भी दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। फिल्म को रिलीज हुई अभी छह दिन हो गए हैं और इसके कलेक्शन में दिन-ब-दिन गिरावट दर्ज की जी रही है। आइए आपको बताते हैं कि 'विक्रांत रोणा' के लिए ये छह दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसे बीते।

'विक्रांत रोणा' एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन अनूप भंडारी ने किया है। फिल्म की कहानी रहस्यमयी घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म में किच्चा सुदीप के साथ जैकलीन फर्नांडीज भी नजर आई हैं। 3डी फॉर्मेट में बनी 'विक्रांत रोणा' फर्स्ट डे ग्रॉसर फिल्मों के मामले में कन्नड़ सिनेमा की टॉप पांच की लिस्ट में शुमार हो गई थी। वहीं, फिल्म को रिलीज के पहले दिन ही हिंदी भाषी दर्शकों ने नकार दिया था।

'विक्रांत रोणा' रिलीज के बाद बढ़िया प्रदर्शन कर रही थी, लेकिन वीकएंड के बाद से ही इसके कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म ने पहले दिन 26.49 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 11.71 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 10.80 करोड़ का कारोबार किया था। पांचवें दिन फिल्म ने चार करोड़ का कलेक्शन किया था और हिंदी की बात करें तो यह मात्र सात लाख रुपये का कलेक्शन कर पाई थी। कन्नड़ में फिल्म ने 10.12 करोड़ का कारोबार किया था। वहीं, छठे दिन यह 3.50 करोड़ का कलेक्शन ही कर पाई है।

95 करोड़ की लागत से बनी 'विक्रांत रोणा' को 2500 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया है। इस फिल्म को लेकर मेकर्स को शुरुआत से ही उम्मीद थी कि यह हिंदी भाषा में बढ़िया प्रदर्शन करेगी। किच्चा सुदीप और जैकलीन के साथ ही सलमान खान ने भी जोर शोर से फिल्म का प्रमोशन किया था, लेकिन इसके बावजूद भी हिंदी भाषी लोगों को यह आकर्षित करने में असफल साबित हो रही है। इसको किच्चा सुदीप के हिंदी भाषा को लेकर दिए गए विवादित बयान से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

## रश्मि देसाई ने नए फोटोशूट से मचाया तहलका



भोजपुरी फिल्मों सहित कई धारावाहिकों में काम कर चुकीं रश्मि देसाई आजकल अपने स्टाइलिश लुक से लोगों का ध्यान खीच रही हैं। एक्ट्रेस आए दिन ही नए-नए फोटोशूट की झलकियां पेश कर इंटरनेट पर धमाल मचाती हैं।

भोजपुरी फिल्मों सहित कई धारावाहिकों में काम कर चुकीं रश्मि देसाई आजकल अपने स्टाइलिश लुक से लोगों का ध्यान खीच रही हैं। एक्ट्रेस आए दिन ही नए-नए फोटोशूट की झलकियां पेश कर इंटरनेट पर धमाल मचाती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ लेटेस्ट पिक्चर्स शेयर की हैं जो काफी पसंद की जा रही हैं। ग्रीन कलर की डीपनेक ड्रेस में रश्मि देसाई गजब ढा रही हैं। हर कोई उनके गॉर्जियस लुक की तारीफ कर रहा है। अभिनेत्री की पिक्चर्स देख एक फैन ने लिखा, 'आप सबसे अलग हो। आप पूरी तरह से खूबसूरत, इतनी अट्रैक्टिव और बहुत खुशमिजाज महिला हैं। मैं हमेशा से आपका बड़ा फैन रहा हूं।'

रश्मि की इन तस्वीरों को देख सिर्फ उनके फैंस बल्कि कई सेलेब्स भी रिएक्शन दे रहे हैं। अभिनेत्री का ये अंदाज भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह को भी पसंद आया। वहीं टीवी एक्टर करणवीर बोहरा भी खुद को कमेंट करने से नहीं रोक पाए। उन्होंने रश्मि की फोटो पर रिएक्शन देते हुए ऊफ लिखा। जबकि कार्तिकेय मालवीय ने इस पर फायर और हर्ट वाला इमोजी बनाया।

अभिनेत्री ने थाई स्लिट ड्रेस को काफी अच्छे से कैरी किया हुआ है। बता दें कि रश्मि इन आउटफिट्स में एक अवॉर्ड फंक्शन में गई थीं, जहां पर उन्होंने अपनी किलर अदाओं से महफिल लूट ली।

## 'हीरो रात के 3 बजे भी बुलाए तो जाना पड़ेगा ...' : मल्लिका शेरावत



बॉलीवुड के सितारे वैसे भी इन दिनों ठीक नहीं चल रहे हैं, जब सो कोरोना का दौर आया है उसके बाद से बॉलीवुड की फिल्में लगातार सिनेमाघरों में फ्लॉप हो रही हैं। एक दो फिल्मों को अगर छोड़ दिया जाए तो अब तक कि आई बड़ी बजट और स्टार कास्ट की फिल्मों को दर्शक तक नहीं नसीब हो रहे हैं। ऐसे में अब बॉलीवुड की मर्डर गर्ल मल्लिका शेरावत ने कास्टिंग काउच को लेकर जो कहा है उसने सबके होश उड़ा दिए हैं। अब तक आपने इसके बारे में बहुत कुछ सुना होगा कि कैसे फिल्मों में काम करने के लिए लड़कियों को कम्प्रोमाइज करने के लिए भी कहा गया है। वहीं अब मल्लिका शेरावतने कास्टिंग काउच को लेकर जो खुलासे किये उसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया। मल्लिका ने बताया की एक्ट्रेस को अपना रोल बचाने के लिए और हीरो को खुश करने के लिए क्या-क्या करना पड़ता है।

एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने एक इंटरव्यू में इंडस्ट्री में होने वाले कास्टिंग काउच पर खुलकर बात की है। इस दौरान एक्ट्रेस ने खुलासा करते हुए बताया कि जब उन्होंने कंप्रोमाइज करने से मना किया तो उनके हाथ से कई बड़ी फिल्मों के प्रोजेक्ट्स निकल गए थे। मल्लिका ने इंटरव्यू में कहा, ।सभी ए लिस्टर्स हीरोज ने मेरे साथ काम करने से मना कर दिया था क्योंकि मैं कंप्रोमाइज नहीं कर रही थी, उन्हें वही एक्ट्रेसेस पसंद हैं जिन्हें वह कंट्रोल कर सकते हैं और जो उनके साथ कंप्रोमाइज कर लेती हैं।

मल्लिका शेरावत ने आगे कहा ' मैं ऐसी नहीं हूं, ये मेरी पर्सनैलिटी नहीं है मैं खुद को किसी की ख्वाहिशों के हिसाब से नहीं चला सकती'। अगर कोई हीरो रात के 3 बजे आपको कॉल करके कहे- मेरे घर पर आओ तो आपको जाना पड़े, अगर आप सर्किल का हिस्सा हैं और उनके साथ फिल्म कर रहे हैं। अगर आप नहीं जाती हैं तो समझ लीजिए की आप फिल्म से बाहर हैं'।

## पाकिस्तानी सीरियल में हिंदू संस्कृति दिखाने पर हुआ बवाल, ट्रोल्स के निशाने पर आया शो



क्या आप पाकिस्तान के सीरियल्स देखते हैं? यदि हां, तो आपने इस बात पर जरूर गौर किया होगा कि पाकिस्तान के हर टीवी सीरियल में इस्लाम और सूफी की छाप होती है। जी हां, वहां के हर शो में पाकिस्तान के कल्चर को दिखाया जाता है। हालांकि इसके इतर, पाकिस्तान के शो 'मेरे हमसफर' के एक एपिसोड में हिंदू कल्चर का जिक्र किया गया। एपिसोड की झलक सामने आने के बाद से ही यह शो विवादों का मुद्दा बन गया। सोशल मीडिया पर लोग इसकी खूब आलोचना कर रहे हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि 'मेरे हमसफर' में ऐसा क्या दिखाया गया जिसकी वजह से इसे ट्रोल्स का सामना करना पड़ रहा है? आइए जानते हैं...

दरअसल इस शो के एक एपिसोड में दादी की अंतिम विदाई दिखाई जा रही थी। इस सीन के दौरान शो की पूरी स्टारकास्ट ने सफेद कपड़े पहने हुए थे। बस यही वजह है कि वहां के लोगों ने इस शो पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। दरअसल, वहां पर किसी की विदाई के समय सफेद कपड़े पहनना हिंदू का कल्चर माना जाता है। क्योंकि हिंदू धर्म के अनुसार जब किसी का निधन हो जाता है तब सफेद कपड़े पहने जाते हैं। लेकिन यह पाकिस्तान में ऐसा रिवाज नहीं है।

पाकिस्तान का रिवाज हमसे काफी अलग है। वहां पर जब किसी का निधन होता है तब काले रंग के कपड़े पहने जाते हैं। यही वजह है कि एपिसोड की झलक देखने के बाद मुस्लिम आवाम भड़की हुई है। वहां की आवाम शो के मेकर्स पर जमकर भड़ास निकाल रही है।

बता दें कि न केवल पाकिस्तान में बल्कि भारत में भी शो 'मेरे हमसफर' की फैन फॉलोइंग काफी अच्छी है। शो में पाकिस्तानी स्टार फरहान सईद और हानिया आमिर की केमिस्ट्री दिखाई गई है। शो में अनाथ का किरदार निभा रही हानिया को फरहान की अम्मी टॉर्चर करती रहती हैं। बचपन से लेकर जवानी तक फरहान की अम्मी के ताने सुनने वाली हानिया से फरहान निकाह कर लेती हैं।

## फ्लॉप की तरफ बढ़ रही एक विलेन रिटर्न्स !



**जॉन अब्राहम,** तारा सुतारिया, अर्जुन कपूर और दिशा पाटनी स्टारर फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' 29 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। आज से करीब आठ साल पहले आई फिल्म 'एक विलेन' का ये सीक्वल है। एक विलेन में सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख नजर आए थे। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हुई थी। 'एक विलेन रिटर्न' को कुछ खास रिव्यू तो नहीं मिले थे, लेकिन वीकेंड पर फिल्म ने ठीक-ठाक कारोबार किया। इस फिल्म को लेकर उम्मीदें लगाई जा रही थीं, कि 'एक विलेन रिटर्न' भी सुपरहिट साबित होगी। लेकिन वीकएंड के बाद सोमवार और मंगलवार के आंकड़े देखकर ऐसी उम्मीद नहीं लग रही है।

शुक्रवार को रिलीज हुई एक विलेन रिटर्न्स में थ्रिल वाला सारा मसाला है। फिल्म में जॉन अब्राहम और अर्जुन कपूर जैसी बड़ी स्टार कास्ट भी है।

ऐसे में एक विलेन रिटर्न्स के जरिए हिंदी फिल्म के बिजनेस में कुछ राहत मिलने की उम्मीद थी। लेकिन सोमवार और मंगलवार का कलेक्शन देखने के बाद ऐसा लग रहा है कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाएगी। आशिकी 2, मलंग और एक विलेन जैसी बेहतरीन फिल्में दे चुके मोहित सूरी के पास इस फिल्म की कमाई की की सारी वजहें थीं, लेकिन शायद दर्शकों को फिल्म पसंद नहीं आई है।

एक विलेन रिटर्न्स के कलेक्शन की बात करें तो 29 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म ने ओपनिंग डे पर 7.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि उम्मीद थी कि पहले दिन ये फिल्म करीब आठ से नौ करोड़ रुपये कमाएगी।

वहीं शनिवार को एक विलेन रिटर्न ने 7.47 करोड़ और रविवार को 9.02 करोड़ रुपये का कारोबार किया। वीकएंड के बाद एक विलेन रिटर्न्स का कारोबार गिरकर 3.02 करोड़ रुपये पर आ गया। वहीं मंगलवार यानि पांचवें दिन फिल्म का कलेक्शन 2.70 करोड़ रुपये हो गया। इस समय एक विलेन रिटर्न्स का कुल कारोबार 29.26 करोड़ रुपये हो चुका है।

एक विलेन रिटर्न्स की कमाई इशारा कर रही है कि ये फिल्म बहुत जल्द दम तोड़ सकती है। 40 से 45 करोड़ के बीच एक विलेन रिटर्न्स सिनेमाघरों से उतर सकती है। हालांकि 5 अगस्त को सिनेमाघरों में बॉलीवुड की कोई बड़ी फिल्म नहीं रिलीज हो रही है, ऐसे में एक विलेन रिटर्न्स के पास कमाई का पूरा मौका है।

## काम करना मुझे सुकून देता है, मैं 100 साल की उम्र में भी काम करूंगी : आलिया



**आलिया भट्ट हाल** ही में अपनी अपकमिंग फिल्म 'डार्लिंग्स' के सॉन्ग रिलीज इवेंट में पहुंची थीं। इस इवेंट में आलिया ने प्रेग्नेंसी के दौरान काम करने पर चुप्पी तोड़ी है। एक्ट्रेस ने कहा कि वो हेल्दी हैं और उन्हें आराम करने की कोई जरूरत नहीं है। साथ ही आलिया ने कहा कि काम करने से उन्हें सुकून मिलता है। फिल्म के सॉन्ग रिलीज इवेंट में आलिया से प्रेग्नेंसी के दौरान फिल्म को प्रमोट करने के स्ट्रेस के बारे में पूछा गया। एक्ट्रेस ने इस पर रिएक्ट करते हुए कहा, अगर आप फिट हो, हेल्दी हो, फाइन हो तो कोई आराम की जरूरत नहीं है। काम करना मुझे सुकून देता है, एक्टिंग मेरा पैशन है। मैं अभी भी अपने काम को उतना ही एन्जॉय कर रही हूं। मुझे कुछ खास फर्क नहीं पड़ा है। आलिया ने आगे कहा, काम मेरे दिल, दिमाग और आत्मा को जिंदा रखता है। इसलिए मैं 100 साल की उम्र में भी काम करूंगी। बता दें, आलिया ने रणबीर कपूर से शादी के दो महीने बाद जून में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी।

प्रेग्नेंसी के दौरान आलिया ने अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' की शूटिंग भी पूरी की है। एक इंटरव्यू में आलिया ने बताया था कि एक एक्शन फिल्म के लिए शूट करना और प्रेग्नेंसी को उन्होंने कैसे बैलेंस किया। एक्ट्रेस ने कहा था, यह मेरा पहला हॉलीवुड बिग इंग्लिश पिक्चर एक्सपीरियंस था। मेरे लिए यह थोड़ा मुश्किल था, क्योंकि मैं पहली बार एक्शन फिल्म के लिए शूटिंग कर रही थी। साथ ही मैं प्रेग्नेंट भी थी तो मेरे लिए कई सारी चीजों को एक साथ संभालना किसी टास्क से कम नहीं रहा। मेरे को-स्टार्स गैल गैडट और जेमी डोर्नन समेत पूरी टीम ने मेरे लिए इसे बहुत आसान और कंफर्टेबल बना दिया था। यह एक ऐसा एक्सपीरियंस था जो मैं कभी नहीं भूल सकती हूं, क्योंकि मुझे फिल्म के सेट पर बहुत अच्छे से ट्रीट किया गया था। आलिया इस दिनों अपनी अ प क मिं ग फि ल म 'डार्लिंग्स' के प्रमोशन में कोई कमी नहीं छोड़ रही हैं। इस फिल्म को आलिया और शाहरुख खान ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 5 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी। एक्ट्रेस अपने पति रणबीर कपूर के साथ अयान मुखर्जी की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में भी नजर आएंगी। यह फिल्म 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा उनके पास रणवीर सिंह के साथ करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रामी की प्रेम कहानी' है।

## संजय भंसाली के ऑफिस के बाहर नागा चैतन्य को देख क्यों उठी 'देवदास' बनाने की मांग?



साउथ एक्टर नागा चैतन्य इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। एक्टर अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म लाल सिंह चड्ढा का लगातार प्रमोशन कर रहे हैं। इस बीच हाल ही में वह मुंबई में संजय लीला भंसाली के ऑफिस के बाहर नजर आए। चैतन्य की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस फोटो के सामने आने के बाद लोग भंसाली से नागा चैतन्य को लेकर देवदास बनाने की अपील कर रहे हैं।

दरअसल, चैतन्य के दादा नागेश्वर राव ने देवदास के तेलुगू संस्करण में अभिनय किया था। साल 1953 की फिल्म देवदासु को आज भी तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री की सबसे प्रतिष्ठित फिल्मों में से एक माना जाता है। नागा की इस फोटो पर एक ट्विटर यूजर ने लिखा, 'संजय लीला भंसाली से देवदास को अपने साथ बनाने के लिए कहें।' एक अन्य ने लिखा, 'बॉलीवुड के सबसे बड़े फिल्म निर्माता ने आखिरकार हमारे छिपे हुए रत्न को खोज निकाला।' ट्विटर और इंस्टाग्राम फैन पेज द्वारा साझा की गई तस्वीर में चैतन्य काले रंग की टी-शर्ट और हल्के भूरे रंग की चिनोस पहने नजर आ रहे हैं।

गौरतलब है कि चैतन्य को हाल ही में तेलुगू फिल्म थैंक यू में देखा गया था। वह लाल सिंह चड्ढा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उन्होंने तमिल एक्टर विजय सेतुपति को रिप्लेस किया था। फिल्म में वह आमिर खान के करीबी दोस्त की भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह नागा की पहली बॉलीवुड फिल्म होगी। इस किरदार के लिए उन्होंने लद्दाख में एक महीने से अधिक समय तक शूटिंग की है।

लाल सिंह चड्ढा टॉम हैंक्स के फॉरेस्ट गंप का भारतीय रीमेक है। चैतन्य बेंजामिन बुफोर्ड ब्लू उर्फ बुब्बा का किरदार निभाते नजर आएंगे। वह जल्द ही फिल्म निर्माता वेंकट प्रभु के साथ अपनी आगामी तमिल-तेलुगू द्विभाषी फिल्म पर काम करना शुरू करेंगे। पूर्व पत्नी सामंथा रूथ प्रभु से अलग होने के बाद उन्होंने यह पहला प्रोजेक्ट साइन किया था। पिछले साल उन्हें तेलुगु रोमांटिक ड्रामा लव स्टोरी में देखा गया था, जो उनके करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन चुकी है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित इस फिल्म में साईं पल्लवी ने भी काम किया था।

## 'बवाल' मचाने के लिए तैयार हैं वरुण धवन व जान्हवी



**बॉलीवुड अभिनेता** वरुण धवन इन दिनों अपनी फिल्म 'बवाल' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में वरुण और जान्हवी कपूर की जोड़ी पहली बार देखने को मिलेगी। जान्हवी कपूर फिल्म की शूटिंग पूरी कर चुकी थीं। वहीं, अब वरुण धवन भी शूटिंग खत्म करके वापस मुंबई लौट आए हैं। वरुण ने आखिरी दिन की शूटिंग की तस्वीरें भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की थीं।

'बवाल' की शूटिंग को पूरा करने के बाद वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में वरुण के पीछे पूरी कास्ट खड़ी हुई है और सभी कह रहे हैं कि हमने मचा दिया है बवाल। फिल्म को खत्म करने की खुशी सभी के चेहरे पर दिखाई दे रही है। वहीं, पोलैंड में शूटिंग खत्म कर वापस मुंबई पहुंचे वरुण एयरपोर्ट पर ब्लू-ब्लैक कलर के ट्रैक पैंट में नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपने फैंस के साथ सेल्फी भी क्लिक कराई।

बता दें कि नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी 'बवाल' की शूटिंग भारत के अलावा यूरोप में हुई है। साजिद नाडियाडवाला और निर्माता नितेश तिवारी की इस फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर की जोड़ी को देखने के लिए फैंस भी काफी एक्साइटेड हैं। यह फिल्म अगले साल 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वरुण धवन के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में उनकी फिल्म 'जुग जुग जियो' रिलीज हुई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर ठीक ठाक प्रदर्शन किया था। इस फिल्म में उनके साथ कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर नजर आए थे। वहीं, अब वह 'बवाल' के अलावा 'भेड़िया' में भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुड लक जेरी' पिछले हफ्ते ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आई है, जिसे दर्शकों को बढ़िया रिस्पांस मिल रहा है।

## उर्फी जावेद ने बताई कपड़े की बजाय तार लपेटने की वजह, कहा- पुरानी जनरेशन की महिलाएं...



**उर्फी जावेद** हमेशा अपने कपड़ों को लेकर ट्रोल होती रहती हैं। उर्फी जावेद कभी रोजर, कैंडी, कांच, ब्लेड और बोरी सभी से ड्रेस बनाकर पहन चुकी हैं। हाल ही में उर्फी जावेद ने अपना एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने अपने शरीर पर तार लपेट रखा था। इस वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने उर्फी की तुलना रणवीर सिंह से कर डाली थी। हालांकि उर्फी न्यूड नहीं थीं। उन्होंने स्किन कलर की ड्रेस पहनी थी और उसके ऊपर से तार लपेटा हुआ था। इसके अलावा उन्होंने अपने शरीर के अंगों को हाथ से ढक रखा था।

उर्फी जावेद ने अपने लुक को हैवी ज्वैलरी और बालों में बन बनाकर पूरा किया था। इस वीडियो पर लोगों ने बहुत ही भद्दे भद्दे कमेंट किए थे। उर्फी का वीडियो देखकर यूजर्स का दिमाग चकरा गया है। जिसके बाद उर्फी जावेद ने बताया है कि आखिर क्यों उन्होंने अपने शरीर पर तार लपेटा। उर्फी जावेद ने अपनी रील से संबंधित एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की और उसमें लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखा है।

उर्फी जावेद ने लिखा है- इस वीडियो के पीछे एक मतलब है, कैसे भारतीय महिलाओं को अपनी शादी में सुंदर दिखने के लिए चमकती हुई ज्वैलरी दी जाती है और उसे फूलों से सजाया जाता है। लेकिन असल में वह ठीक से चल भी नहीं सकती हैं और न ही अपने पंखों को फैला सकती हैं। हालांकि ये हमारी जनरेशन की महिलाओं के लिए नहीं है, बल्कि पुरानी जनरेशन की महिलाओं के लिए है।

उर्फी जावेद चाहे जितने अतरंगी कपड़े पहन लें, लेकिन सोशल मीडिया पर यूजर्स उनको बहुत पसंद करते हैं। अपने अतरंगी कपड़ों की वजह से उर्फी जावेद के सोशल मीडिया पर काफी फैन फॉलोइंग हो गए हैं। सिर्फ इतना ही नहीं कॉफी विद करण में करण जौहर के मेहमान बने रणवीर सिंह ने भी उर्फी जावेद को फैशन आइकन कह दिया था।





# बेहद खास है नागालैंड के दीमापुर की ये जगहें

**अगर आप भारत** की खूबसूरती को करीब से देखना चाहते हैं तो आपको दीमापुर की इन जगहों को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। जब भी भारत में घूमने की खूबसूरत जगहों के बारे में बात की जाती है, तो पूर्वोत्तर की प्राकृतिक सुंदरता और वहां पर घूमने की जगहों का नाम अवश्य लिया जाता है। भारत की 8 बहनों में से एक राज्य है नागालैंड। आमतौर पर, लोग इस जगह को कमतर आंकते हैं, लेकिन वास्तव में यह किसी भी तुलना में अन्य राज्यों सें कम नहीं हैं। इस राज्य में ऐसी कई जगहें हैं, जो आपको संतुष्टि प्रदान करेंगी। इन्हीं में से एक है दीमापुर।

सुंदर हरे-भरे परिदृश्य से लेकर कल-कल करते झरनों तक, यह स्थान प्राकृतिक सुंदरता से सराबोर है, जो आने वाले हर यात्री को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। हो सकता है कि आपने अभी तक नागालैंड को अपनी ट्रेवल बकिट लिस्ट में शामिल ना किया हो, लेकिन दीमापुर में घूमने की बेहतरीन जगहों के बारे में जानने के बाद आप यकीनन यहां एक बार अवश्य जाना चाहेंगी। तो चलिए आज इस लेख में हमने कुछ ऐसी जगहों को लिस्ट किया है, जिन्हें आपको दीमापुर में एक बार जरूर देखना चाहिए-

### ट्रिपल फॉल्स



यह दीमापुर में देखने लायक बेहतरीन जगहों में से एक है। जैसा कि नाम से पता चलता है, यह स्थान आपको एक ही स्थान पर तीन अलग-अलग झरनों को एक साथ नीचे गिरने का अद्भुत दृश्य पेश करता है। यह फॉल्स सेथेकिमा गांव में स्थित है। झरने 280 फीट ऊंचे हैं। यहां पर आप इन्हें देखने के अलावा यहां पर ट्रेकिंग का आनंद भी उठा सकते हैं। यह एक ट्रेकिंग पॉइंट भी है, जो आपको एक अलग एक्सपीरियंस प्रदान करता है।

### जूलॉजिकल पार्क

यदि आप अपने बच्चों के साथ दीमापुर घूमने का प्लॉन कर रहे हैं तो ऐसे में जूलॉजिकल पार्क जाना अच्छा विचार हो सकता है। जूलॉजिकल पार्क में आप अपने प्राकृतिक आवास में पक्षियों और जानवरों को देख सकती हैं। यह नागालैंड में करने के लिए सबसे अच्छी चीजों में से एक है। यह मुख्य शहर के काफी पास स्थित है जिसके कारण यहां जाना व घूमना काफी आसान हो जाता है।

यह शहर के केंद्र से लगभग 6 किमी दूर है, इसलिए आप या तो एक ऑटो ले सकते हैं या यहां तक कि एक निजी कैब किराए पर भी ले सकते हैं। पार्क की स्थापना क्षेत्र के वनस्पतियों और जीवों को संरक्षित और सुरक्षित स्थान पर रखने के उद्देश्य से की गई थी। यह दीमापुर में घूमने के लिए सबसे दिलचस्प जगहों में से एक है।

### डाइजेफे गांव



यह दीमापुर का एक पॉपुलर गांव है, जो मुख्य रूप से अपने हस्तशिल्प( मशहूर भारतीय डीक्राफ्ट आइटम्स) और हथकरघा के लिए जाना जाता है। यह गांव दीमापुर के सबसे अच्छे गंतव्यों में से एक है जो आपकी खरीदारी की ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। यहां पर पूरे गांव में हथकरघा और शिल्प से संबंधित कई वर्कशॉप्स हैं। यहां पर एक लकड़ी के खिलौने की परियोजना की शुरुआत की गई है, जो इसे गांव और कारीगरों के लिए लाभदायक बनाती है। गांव दीमापुर के मुख्य शहर से लगभग 13 किमी दूर स्थित है।

### शिव मंदिर

दीमापुर में घूमने के लिए एक और लोकप्रिय धार्मिक स्थान शिव मंदिर है जो सिंगरिजन गांव में स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना ग्रामीणों द्वारा 1961 में की गई थी। इस मंदिर से जुड़ी कई कहानियां और तथ्य हैं। कहानियों और कुछ किंवदंतियों के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि एक गांव रंगपहाड़ रिजर्व फॉरेस्ट में गया था, जहां उसने अपने साथ ले जा रहे चाकू को तेज करने के लिए पत्थर लिया। जब वह पत्थर पर चाकू की धार तेज कर रहा था, तो उसने देखा कि उसमें से कुछ तरल बह रहा है। बाद में, उसे रात में भगवान शिव का सपना आया। जिसके कारण भगवान शिव की पूजा की गई और मंदिर की स्थापना भी की गई।



# नजदीक रखी चीजों को नहीं पहचान रहा आपका बच्चा? तो फोन व लैपटॉप से बनाएं दूरी

**आज के डिजिटल** युग में स्क्रीन के सामने समय बिताना आम बात है। महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन के कारण लोग घर से बाहर नहीं जा सकते थे। ऐसे में वे समय बिताने के लिए मोबाइल और लैपटॉप का सहारा लेते थे। वहीं जहां बड़ों का स्क्रीन टाइम बढ़ा है उसी तरह बच्चों का स्क्रीन टाइम भी बढ़ा है। जैसे बच्चे की ऑनलाइन पढ़ाई, गेमिंग और मनोरंजन के लिए स्क्रीन पर समय बिताना आदि। बच्चे आजकल मोबाइल फोन पर दोस्तों के साथ वीडियो कॉल कर रहे हैं और घंटों सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। ये आदत बच्चों और बड़ों दोनों की आंखों में खिंचाव पैदा कर रही है, जिसके कारण कनवरजेंस की कमी की समस्या हो रही है। ऐसे में इस समस्या के बारे में पता होना जरूरी है। आज का हमारा लेख इसी विषय पर है। आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि कन्वर्जेंस की कमी किसे कहते हैं और इससे बचाव क्या हैं। इसके लिए हमने विजन आई सेंटर, नई दिल्ली के स्ट्रबिस्मुस और पीडियाट्रिक ऑफ्थेल्मोलॉजी कंसलटेंट डॉ स्मिता कपूर से भी बात की है।



### कन्वर्जेंस की कमी क्या है?

ये आंख से संबंधित एक बीमारी है। इस बीमारी में दोनों आंखें किसी नज़दीक की वस्तु को देखते समय उन्हे पहचान नहीं पाती हैं और साथ में ये आंखे काम नहीं कर पाती हैं। इस समस्या में जब किसी वस्तु पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की जाती है, तो एक आंख बाहर की ओर निकल सकती है, जिससे धुंधला दिख सकता है और दो दो चीज़ें दिखने लग सकती हैं। इससे पढ़ना और ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है और बार-बार सिरदर्द भी होता है। यह स्थिति आमतौर पर बचपन में शुरू होती है लेकिन इससे वयस्क भी प्रभावित हो सकते है।

### कन्वर्जेंस की कमी और स्क्रीन टाइम में क्या सम्बन्ध है?

अधिकांश स्क्रीन का उपयोग नज़दीक से किया जाता है, इसलिए कन्वर्जेंस की कमी की समस्या पैदा होती है। बच्चे विशेष रूप से वयस्कों की तुलना में कम सावधानी बरतते हैं, इसलिए वे आजकल वयस्कों की तुलना में कन्वर्जेंस अक्षमता का ज्यादा अनुभव करते हैं।

### कनवरजेंस कमी का लक्षण क्या होता है?

सिरदर्द

तनाव

आंखों की थकान

पढ़ने और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई



### दो- दो चीज़ें दिखना

आंखों को बार-बार मीचने या रगड़ने की ज़रूरत महसूस करना आदि।

नोट – इसस अलग बच्चों में खेल के दौरान ऊपर की ओर फेंकी गई चीजों को पकड़ने में परेशानी महसूस करना, पैर में चलते हुए असमान सतह पर चोट लगना वस्तु की दूरी का अंदाजा न लगा पाने के कारण फर्नीचर या अन्य चीजों से टकराना आदि कनवरजेंस अक्षमता के मुख्य संकेत होते हैं।

### उपचार

सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बच्चों पर बारीकी से निगरानी की जानी चाहिए ताकि उनके स्क्रीन टाइम और नॉन-स्क्रीन टाइम के बीच पर्याप्त संतुलन बनाया जा सके।

दूसरा आंखों और स्क्रीन के बीच पर्याप्त दूरी बनाए रखनी चाहिए।

तीसरी सबसे महत्त्वपूर्ण बात बच्चों को एक प्रशिक्षित नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा निर्धारित कई ओकुलर एक्सरसाइज करनी चाहिए।

अगर एक्सरसाइज़ से मदद नहीं मिलती है, तो बच्चे को प्रिज्म का चश्मा दिया जाना चाहिए।

किसी भी व्यक्ति में अगर कनवरजेंस समस्या का हल्का सा भी लक्षण नज़र आता है तो उन्हें तुरन्त नेत्र रोग विषेशज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

# ये चीजें आपको बीमार नहीं पड़ने देंगी, इम्यूनिटी होगी जबरदस्त

**मानसूनी बारिश** से पूरा देश सराबोर है। बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। इस सीजन हरियाली मन को मोहित करती है, लेकिन यही वह मौसम भी है, जब हमारी इम्यूनिटी धोखा दे देती है। इस मौसम में अक्सर लोग बीमार हो जाते हैं। इस गीले मौसम में किटाणुओं को भी पलने-बढ़ने का अवसर मिल जाता है। बीमार होने से बचने के लिए आपके पास सिर्फ एक ही विकल्प है और वह यह कि आप अपनी इम्यूनिटी को बढ़ाएं। इम्यूनिटी बढ़ जाने के बाद आप मानसून के सीजन की बीमारियों सर्दी-जुखाम, फ्लू, चकत्ते, बुखार और कमजोरी नहीं होगी। इस मौसम में पेट फूलने और बदहजमी की भी शिकायत भी आम है। इस लेख में जानते हैं मानसून के मौसम में अपनी इम्यूनिटी कैसे बढ़ाएं।

### विटामिन सी से भरपूर भोजन करें




विटामिन सी को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जाना जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि विटामिन सी एक-दो नहीं बल्कि कई तरीकों से आपकी इम्यूनिटी को बढ़ा सकता है। यह फैगोसाइट्स की कार्यक्षमता को बढ़ाता है और यह सेल संक्रमण फैलाने वाले एजेंट्स से लड़ते हैं। यह सेल्युलर इम्यून रिस्पॉन्स को बढ़ाता है और साथ ही इम्यूनिटी बढ़ाने वाले लिंफोसाइट्स के प्रोडक्शन को भी बढ़ा देता है। विटामिन सी, सभी तरह से खट्टे फलों जैसे नींबू, संतरा, किन्नू, हरी और लाल शिमला मिर्च, ब्रसेल्स स्प्राउट्स, ब्रोकोली, पत्तेदार सब्जियों और टमाटर में पाया जाता है।

### धूप सेकें और विटामिन लें

इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए विटामिन डी और सनशाइन विटामिन भी बहुत ही महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है। यह इम्यूनिटी को बढ़ाने, बनाए रखने में महत्वपूर्ण भीमिका निभाता है। अगर आपके शरीर में विटामिन डी की कमी है तो आपको संक्रमण का खतरा हमेशा बना रहता है। अगर आप सही मात्रा में विटामिन डी का सेवन कर रहे हैं तो यह श्वसन संबंधी संक्रमण के खतरे को कम करता है और विटामिन डी की कमी से इम्यूनिटी प्रभावित होती है। विटामिन डी के लिए आप फैटी फिश, डेयरी उत्पाद, अंडे का अंदरूनी पीला भाग अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। मशरूम में भी विटामिन डी पाया जाता है। इसके अलावा सुबह-सुबह कुछ मिनट धूप में बैठना न भूलें, क्योंकि यह भोजन के साथ लिए गए विटामिन डी को एक्टिवेट करने में मदद करता है।

### ओमेगा 3 फैटी एसिड




ओमेगा 3 फैटी एसिड के बारे में आपने सुना होगा कि यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा है और दिल को भी स्वस्थ रखता है। लेकिन हम आपको बता रहे हैं कि यह आपकी इम्यूनिटी के लिए भी बहुत ही आवश्यक है। ओमेगा 3 फैटी एसिड मुख्य रूप से फैटी फिश, अखरोट, अलसी के बीज, चिया सीड्स और प्लांट ऑयल में पाया जाता है। यह व्हाइट ब्लड सेल की एक्टिविटी को बढ़ाता है जो नुकसानदायक बैक्टीरिया और वायरसों से लड़ते हैं। ओमेगा 3 फैटी एसिड सूजन को भी कम करता है, क्योंकि इसमें एंटी-इनफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यही वजह है कि किसी तरह से संक्रमण के बाद यह आपके ठीक होने की प्रक्रिया को बढ़ा देता है।

### प्रोटीन से भरपूर भोजन लें

हालांकि, स्वस्थ प्रतिरोधक क्षमता के लिए आपको संतुलित आहार लेना चाहिए, लेकिन माइक्रोन्यूट्रिएंट के रूप में प्रोटीन आपकी इम्यूनिटी को निर्धारित करने और बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महत्वपूर्ण प्रोटीन इम्यूनिटी सेल फैगोसाइट्स, लिंफोसाइट्स और साइटोकीन सभी प्रोटीन से बने होते हैं। आर्जिनिन नाम का अमीनो एसिड सेलुलर इम्यूनि रिस्पॉन्स को बढ़ा सकता है। यही नहीं प्रोटीन एंटीबॉडी का भी हिस्सा है जो स्वस्थ प्रतिरक्षा प्रणाली का एक प्रमुख घटक है। किसी भी तरह का संक्रमण आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है और इस संक्रमण से लड़ने व आपको ठीक तरह से स्वस्थ होने के लिए प्रोटीन की उचित मात्रा की आवश्यकता होती है। सोया, डेयरी उत्पाद, वसामुक्त मांस, अंडे, फलियां, दाल, साबुत अनाज, मेवे और बीज प्रोटीन के प्रमुख स्रोत हैं।

### एंटीऑक्सीडेंट युक्त भोजन लें



एंटीऑक्सीडेंट का प्राथमिक कार्य मुक्त कणों को नष्ट करना है, जो शरीर में दैनिक गतिविधियों जैसे खाने, पर्यावरण के संपर्क में आने और तनाव आदि के कारण उत्पन्न होते हैं। एंटीऑक्सीडेंट के ऑक्सीडेटिव फटने से कुछ प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस भी नष्ट हो सकते हैं। एंटीऑक्सीडेंट लेने




से इम्यून सिस्टम बेहतर होता है, खासतौर पर बीटा-कैरोटीन, विटामिन सी, विटामिन ई, कैरोटेनोइड्स, लिकोपेन, सेलेनियम और मैग्नींज लेने से। भोजन में एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा बढ़ाना चाहते हैं तो विभिन्न रंगों के खाद्य पदार्थों (फल और सब्जियों) को अपने भोजन में शामिल करें।

# पालतू कुत्ते की पूंछ क्यों काटी जाती है, सामने आये ये चौंकाने वाले कारण



कुत्ता वफादार जानवरों में से एक माना जाता है। आज के समय में कुत्ते पालने का चलन तेजी से बढ़ गया है। लगभग हर घर में कुत्ते पाले जाने लगे है। कुत्ते से जुड़ी कई बातों को तो आप जानते ही होंगे लेकिन क्या आपको पता है कि आखिर कुत्ते की पूंछ क्यों काटी जाती है। आपने कई बार देखा होगा कि कई कुत्तों की पूंछ कटी होती है। क्या आपको पता है कि कुत्ते की पूंछ क्यों कटी होती है। नहीं न तो आज हम आपको बताते है कि कुत्तों की पूंछ क्यों काटी जाती है।

कुत्तों के लिए उनकी पूंछ उनके लिए बेहद जरूरी होती है। क्योंकि कुत्ते पूंछ हिलाकर कुत्तों और इंसानों से संवाद करते है। लेकिन बिना पूंछ वाले कुत्ते संवाद नहीं कर पाते है। कुत्ते अपनी पूंछ का इस्तेमाल दौड़ते समय संतुलन बनाये रखने के लिए करते है। इतना ही नहीं तैरते समय भी कुत्ते पूंछ से संतुलन बानते है। कुत्तों की पूंछ काटने के पीछे कई कारण बताए गए है जैसे कुत्तों की पीठ को मजबूत करने, उनकी गति बढ़ाने, और चोट लगने से बचाने के लिए कुते की पूंछ काटा जाता था। लेकिन आज के समय में कुत्तों को खूबसूरत दिखने के लिए उनकी पूंछ काटी जाती है। वही गार्ड कुत्तों के मामले की बात करे तो, कोई हमलावर उनकी पूंछ को पकड़ कर नहीं खींचे, उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाए इसलिए उनकी पूंछ काट दी जाती है।

प्राचीन रोम में कुत्तों की पूंछ काट दी जाती थी क्योंकि लोगो मानना था कि पूंछ काटने से रेबीज का खतरा कम हो जाता है। हालांकि वैज्ञनिक का कहना है कि रेबीज का कुत्तों की पूंछ से कोई संबंध नही है। इसके अलावा जो शिकारी कुतों होते है उनकी पूंछ उन्हें चोट से बचाने के लिए काटी जाती थी, क्योंकि दौड़ते समय पूंछ हिलने से उन्हें चोट लग सकती है इसलिए भी ऐसा किया जाता है।

कुत्तों की पूंछ काटने को लेकर कई देशो में कानून बनाए गए है। जैसे ऑस्ट्रेलिया ,बेल्जियम, फ़िनलैंड में कुत्ते की पूंछ काटना गैरकानूनी है, लेकिन भारत में कुत्तों की पूंछ काटने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।



# सड़क पर सुरक्षा देंगी ये छोटी-छोटी सावधानियां

सड़क पर बायीं तरफ़ से चलें, ताकि अगर कोई वाहन चालक आपको ओवरटेक करना चाह रहा हो तो दाहिनी ओर से आगे बढ़ जाए। जब कोई वाहन आपको ओवरटेक कर रहा हो तो आप अपनी स्पीड न बढ़ाएं।

इंडिकेटर्स का इस्तेमाल करने में आलस न करें, क्योंकि इससे आपके पीछे आ रहे वाहनों को पता चलता है कि आप किस दिशा में मुड़ना चाह रहे हैं। अगर आपकी गाड़ी के इंडिकेटर्स ख़राब हो गए हों, तो आप गाड़ी को मोड़ने से पहले हाथों से इशारा ज़रूर करें।

एम्बुलेंस और फ़ायरब्रिगेड जैसे आपातकालीन वाहनों को रास्ता देना भी एक कुशल ड्राइवर की ज़िम्मेदारी होती है।





ट्रैफ़िक लाइट्स और सिगनल्स की अनदेखी न करें। सिग्नल जम्प करने में कोई बहादुरी नहीं है। गाड़ी को स्टॉप लाइन्स के पहले रोकें।

अपने से आगे वाले वाहन से निश्चित दूरी बनाकर चलाएं, ताकि अगर आगे वाली गाड़ी अचानक ब्रेक लगाए तो आपके पास रुकने के लिए पर्याप्त समय और जगह हो।

ट्रैफिक लाइट्स पर सबसे आगे खड़े होने या जल्दी निकलने के चक्कर में बाईं तरफ के ट्रैफिक को बाधित न करें। कतार में ही बने रहें।

अगर आप चार पहिया वाहन चला रहे हैं तो सीट बेल्ट बांधने में लापरवाही न बरतें। वहीं दो पहिया वाहन चालकों को यही सावधानी हेलमेट को लेकर बरतनी चाहिए।

पीछे बैठे व्यक्ति का भी हेलमेट पहने रहना ज़रूरी है। हेलमेट अच्छी गुणवत्ता का हो, महज़ ट्रैफ़िक पुलिस के चालान से बचने के लिए कामचलाऊ हेलमेट न लें, बल्कि आईएसआई प्रमाणित ही इस्तेमाल करें। आगे निकलने की होड़ में लगातार हॉर्न न बजाएं। ऐसा करने से आगे वाला वाहन चालक हड़बड़ा सकता है। इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ सकती है। कार के विंड शील्ड पर स्टिकर न लगवाएं, इससे पीछे का दृश्य देखने में बाधा हो सकती है।



# एक्सप्रेसवे पर फर्राटा मारते हुए नहीं भरा टोल तो होगी जेल!

## सरकार कर रही कानून बनाने की तैयारी

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। देश में हाल में तेजी से सड़कों का विकास हुआ है। लेकिन कई एक्सप्रेसवेज और हाइवेज पर टोल टैक्स चुकाना पड़ता है। आए दिन टोल बूथ पर झड़प की खबरें आती रहती हैं। अब तक टोल नहीं देने पर सजा का प्रावधान नहीं है लेकिन जल्दी ही यह व्यवस्था बदलने वाली है। सरकार टोल के संबंध में एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। इसमें टोल नहीं देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान किया जा सकता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में यह बात कही।



उन्होंने साथ ही कहा कि वर्ष 2024 से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेसवे तैयार हो जाएंगे और भारत सड़कों के मामले में अमेरिका के बराबर होगा। गडकरी ने कहा कि आने वाले दिनों में टोल शुल्क वसूलने के लिए प्रोद्यौगिकी के इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक टोल नहीं देने पर सजा का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल के संबंध में एक विधेयक लाने की तैयारी चल रही है। टोल वसूलने के लिए दो विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। उनके मुताबिक पहला विकल्प कारों में 'जीपीएस' प्रणाली लगाने से संबंधित है जबकि दूसरा विकल्प आधुनिक नंबर प्लेट से संबंधित है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से नए नंबर प्लेट पर जोर दिया जा रहा है।

**अमेरिका के बराबर पहुंच जाएगा भारत**

गडकरी ने कहा कि अगले एक महीने में कोई एक विकल्प चुन लिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने पर टोल बूथ पर कोई भीड़ नहीं होगी और यातायात भी प्रभावित नहीं होगा। गडकरी राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 2024 से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेसवे शुरू कर दिए जाएंगे, जिससे सड़क के मामले में भारत अमेरिका के बराबर हो जाएगा। नई सड़कों के बन जाने से कई शहरों के बीच की दूरी कम हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि अभी अगर कोई व्यक्ति टोल रोड पर 10 किलोमीटर की दूरी भी तय करता है तो उसे 75 किलोमीटर का शुल्क देना पड़ता है लेकिन नई व्यवस्था में उतनी दूरी का ही शुल्क लिया जाएगा जितनी दूरी तय की गई होगी।

उन्होंने इस बात से इनकार किया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) वित्तीय संकट से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि एनएचएआई की हालत बिल्कुल ठीक है और उसके पास पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों दो बैंकों ने कम दर पर ऋण देने की पेशकश की।

**हाइलाइट्स**

- *साल 2024 से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेसवे तैयार हो जाएंगे*
- *भारत सड़कों के मामले में अमेरिका के बराबर पहुंच जाएगा*
- *टोल नहीं चुकाने पर अभी देश में सजा का प्रावधान नहीं है*
- *टोल के संबंध में एक विधेयक लाने की तैयारी चल रही है*

# एक-एक पाई वसूलने की तैयारी में ईडी

## दो आरोपियों की 415 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**हाइलाइट्स**

- *यस बैंक-डीएचएफएल मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है*
- *दो बिल्डरों की 400 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति जब्त की*
- *अब तक ईडी 1,827 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है*




नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने यस बैंक-दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से संबंधित बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय एजेंसी ने महाराष्ट्र के बिल्डर अविनाश भोंसले और संजय छाबड़िया की 415 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। दोनों बिल्डर्स को ईडी ने मामले की जांच के सिलसिले में जून में हिरासत में लिया था और अभी दोनों न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत भोंसले की 164 करोड़ रुपये की संपत्ति, जबकि छाबड़िया की 251 करोड़ रुपये की संपत्ति को कुर्क करने के लिए मंगलवार को एक अस्थाई आदेश जारी किया था। इसके साथ ही ईडी इस मामले में अब तक कुल 1,827 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है। ईडी के अधिकारियों के मुताबिक रेडियस ग्रुप के छाबड़िया की सांताक्रूज में 116.5 करोड़ रुपये की जमीन, कंपनी में उनके 25 फीसदी शेयर, बेंगलूरु में 115 करोड़ रुपये की जमीन, सांताक्रूज में तीन करोड़ रुपये का फ्लैट और दिल्ली एयरपोर्ट के नजदीक होटल से हुए 13.67 करोड़ रुपये के प्रॉफिट को जब्त किया गया है। इसी तरह अविनाश भोसले इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रमोटर अविनाश भोसले की मुंबई में 102.8 करोड़ रुपये का डूप्लेक्स फ्लैट, पुणे में 44 करोड़ रुपये की दो जमीनें और नागपुर में 17 करोड़ रुपये के दो प्लॉट अटैच किए गए हैं।

## सेंसेक्स 200 अंक ऊपर, निफ्टी 17380 के पार

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार लगातार छठे दिन हरे निशान पर बंद हुआ है। बुधवार को सेंसेक्स में 214 अंकों की बढ़त देखने को मिली जबकि निफ्टी 42 अंकों की मजबूती के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 58136.36 अंकों के लेवल पर खुलकर 58,350.53 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी 17345.45 अंकों पर खुलकर 17,388.15 अंकों के लेवल पर बंद हुए। बाजार में कुछ समय तक बिकवाली देखने को मिली पर आखिरकार वह संभलकर बंद हुआ। इस बीच बाजार में यह भी खबर आई कि ऊबर ने जोमैटो में अपनी 7.8% की हिस्सेदारी बेच दी है। बताया जा रहा है कि ऊबर ने जोमैटो में अपनी हिस्सेदारी 50.44 रुपये प्रति शेयर की दर से की है।

# मोदी सरकार उसी को सही मानती है जो उसकी वाहवाह करते हैं : रघुराम राजन

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की दूसरी अर्थव्यवस्थाओं से ज्यादा मजबूत है, लेकिन रोजगार के अवसर नहीं पैदा करने से अगले दस सालों में दिक्कतें बढ़ सकती हैं। जिस दर से महंगाई बढ़ रही है, उससे संकट गहरा सकता है। कहा-"हम आराम नहीं कर सकते हैं। हमें और करने की जरूरत है। अपने में कुछ और सुधार करने होंगे। मोदी सरकार उन्हीं को सही मानती है, जो उसकी वाहवाह करते हैं, बाकी सब गलत हैं।"

एनडीटीवी को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट से गुजर रही है। कोविड की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था काफी प्रभावित हुई है। हम एक गरीब देश हैं। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह की नौकरियों की जरूरत बढ़ी है, उसके लिए विकास अपर्याप्त रहा है। पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि हमें लोगों के स्किल बढ़ाने और शिक्षा के क्षेत्र में और तेजी लानी होगी। अगले 10 वर्षों में जो युवा स्नातक होकर निकलेंगे, उनको स्किल बेस शिक्षा देनी होगी, तभी नौकरियां बढ़ सकेंगी।



**बिना सलाह के फैसले के परिणाम अच्छे नहीं रहे**

रघुराम राजन ने कहा लोकतंत्र में संवाद बहुत जरूरी है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने व्यापक सलाह के बिना कई फैसले लिए- जैसे डीमोनेटाइजेशन, तीन कृषि कानून आदि, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ी और विरोध हुआ। कहा कि लोकतंत्र में यह तब काम करता है जब आप संवाद करते हैं। संवाद एक अंतहीन सिलसिला है, जो चलता रहना चाहिए। हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अर्थव्यवस्था के प्रमुख पैरामीटर के रूप में विकास का हवाला देते हुए कहा था कि मौजूदा खुदरा मुद्रास्फीति 7 प्रतिशत है और इसकी तुलना यूपीए शासन के दौरान चार साल के लिए 9 से अधिक प्रतिशत के साथ की गई है। सुश्री सीतारमण ने भारत के आर्थिक प्रदर्शन के बारे में रघुराम राजन की हालिया टिप्पणियों का भी उल्लेख किया था। रघुराम राजन ने कहा कि 'आरबीआई ने भारत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने, भारत को पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों की समस्याओं से बचाने के लिए अच्छा काम किया है।

**राज्यसभा में महंगाई पर राजद सांसद ने सरकार को घेरा**

उधर, जरूरी सामानों की बढ़ती कीमतों और महंगाई के मुद्दे पर मंगलवार को राज्य सभा में हुई चर्चा के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने कहा कि गरीबों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने इस पर चिंता जताते हुए सरकार पर महंगाई को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने दिल्ली में रहने वाले नैनसुक लाल नाम के एक सुरक्षाकर्मी का हवाला देते हुए कहा कि वह 12 हजार रुपए हर महीने पाता है और उसी में पत्नी और दो बच्चों के साथ जिंदगी गुजार रहा है। कहा कि वह चार हजार रुपए किराया, दो हजार रुपए बच्चों की ट्यूशन फीस, 12 सौ रुपए गैस सिलेंडर और तीन हजार रुपए खाने में खर्च करता है।

यानी 10,200 रुपए खर्च करने के बाद उसके पास कुछ भी नहीं बचता है। स्वास्थ्य और दूसरे खर्चों के लिए शायद ही वह कुछ बचा पाता हो। उन्होंने कहा कि नैनसुक लाल जैसे लोग हर शहर में हैं। नौकरियां नहीं होने, आय नहीं बढ़ने से युवाओं में आक्रोश है। कहा कि जॉब नहीं मिलने से बिहार अकुशल युवाओं का केंद्र बनता जा रहा है।

# सोना 208 रुपये फिसला, चांदी में 1060 रुपये की गिरावट



नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। देश के सर्राफा बाजार में बुधवार को भी गिरावट का दौर रहा। सोना-चांदी के भावों में लगातार दूसरे दिन कमजोरी देखने को मिली। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में बुधवार को सोना 208 रुपये कमजोर होकर 51,974 रुपये प्रति दस ग्राम की दर पर बंद हुआ। इससे पिछले कारोबारी सेशन में सोना 52,182 रुपये प्रति दस ग्राम की दर पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमतों में भी बुधवार को फिर गिरावट दिखी। बुधवार को प्रति किलोग्राम चांदी की कीमतें 58,973 रुपये से 1060 रुपये गिरकर 57,913 रुपये रह गईं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना संभलते हुए 1767 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस की दर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, चांदी 19.93 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के भाव से बिक रही है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के तपन पटेल के अनुसार ग्लोबल मार्केट में डॉलर के संभलने और अमेरिकी बॉन्ड्स में वृद्धि से सोना थोड़ा संभलता हुआ नजर आ रहा है। वहीं, (इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन) की वेबसाइट के अनुसार 999 प्यूरिटी वाला सोना तीन अगस्त को बाजार में 51,486 रुपये से 51,549 रुपये के बीच कारोबार कर रहा है। मल्टी कॉमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया पर अक्टूबर महीने का गोल्ड कॉन्ट्रेक्ट डिलिविरी 47 रुपये चढ़कर 51,429 रुपये प्रति दस ग्राम की दर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एमसीएक्स पर सितंबर महीने की डिलेवरी के लिए चांदी की कॉन्ट्रेक्ट 286 रुपये घटकर 57,300 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कारोबार कर रही है।

## सीएनजी और पीएनजी के दाम बढ़े

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। नेचुरल गैस की कीमतों में आई तेजी के चलते मुंबई में कॉम्प्रेस्ड नेचुरल गैस और पाइप्ड नेचुरल गैस के दाम में इजाफा हुआ है। देश की आर्थिक राजधानी, मुंबई में महानगर गैस लिमिटेड ने सीएनजी की कीमतों में 6 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी की है। इसके अलावा मुंबई में पीएनजी के दाम भी बढ़ गए हैं। इसकी कीमत में 4 रुपए प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है।

मुंबई में अब इतनी हो गई कीमत

इस बढ़ोतरी के बाद अब मुंबई में सीएनजी की खुदरा कीमत बढ़ाकर 86 रुपए प्रति किलोग्राम कर दी गई है, जबकि घरेलू पीएनजी की कीमत 4 रुपए तक बढ़ाकर 52.50 रुपए प्रति यूनिट की गई है।

**अप्रैल के बाद से छठी बढ़ोतरी**

सीएनजी और पीएनजी के दाम में इस साल अप्रैल के बाद से यह छठी बढ़ोतरी है। इससे पहले एमजीएल ने बीते 12 जुलाई को कीमतों में बढ़ोतरी की थी। उस समय सीएनजी के दाम 6 रुपए प्रति किलोग्राम और पीएनजी की कीमत 3 रुपए प्रति एससीएम बढ़ाई गई थी।

**लागत बढ़ने के कारण बढ़ी कीमतें**

एमजीएल के अनुसार गैस लागत में हो रही बढ़ोतरी के कारण लागत की भरपाई करने का फैसला किया गया है। बता दें कि गेल ने सिटी गैस कंपनियों को सप्लाई होने वाली नेचुरल गैस की कीमतों में 18% की वृद्धि की घोषणा की है। इसके ऐलान के साथ ही देश के शहरों में सीएनजी और पीएनजी के दाम बढ़ने शुरू हो गए हैं।

## 5G आने से पहले बढ़ सकता है 4G का दाम

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। देश में 5G टेलीकॉम सर्विसेज शुरू होने से पहले 4G के टैरिफ में बढ़ोतरी की जा सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स, नोमुरा और गोल्डमैन साक्स का अनुमान है कि 2022 में कंपनियां 30% तक टैरिफ बढ़ाएंगी। इसके बाद 5G के लिए प्रीमियम टैरिफ वसूलेंगी। सोमवार को खत्म 5G स्पेक्ट्रम की नीलामी में 1.5 लाख करोड़ रुपए की बोलियां लगाई गईं। 5G स्पेक्ट्रम में बड़े निवेश को देखते हुए क्रिसिल रेटिंग्स का अनुमान है कि कंपनियां 5G सेवाओं के लिए अलग-अलग दाम वसूलेंगी।

क्रिसिल के मुताबिक, 5G सर्विसेज का इस्तेमाल 4G टैरिफ के ऊपर प्रीमियम पर निर्भर करेगा। इसीलिए यह पक्का करने के लिए कि लोग बड़े पैमाने पर 5G अपनाएं, कंपनियां 4G सेवाओं का टैरिफ बढ़ा सकती हैं। नोमुरा ग्लोबल मार्केट रिसर्च का भी अनुमान है कि कंपनियां 1.5GB प्रति दिन वाले 4G प्लान्स के टैरिफ पर 30% तक प्रीमियम वसूल सकती हैं।

नोमुरा ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है, 'शुरुआती तौर पर प्रीमियम ग्राहक (जिनके पास 15,000 रुपए से ज्यादा के स्मार्टफोन हैं) 5G सेवाएं सब्सक्राइब करेंगे। ऐसे में हमारा अंदाजा है कि टेलीकॉम कंपनियां 5G पर प्रीमियम टैरिफ वसूलेंगी।' उधर गोल्डमैन साक्स ने एक नोट में कहा है, 'हमारा पहले से अनुमान रहा है कि 2022 के अंत तक टेलीकॉम कंपनियां एक बार फिर टैरिफ बढ़ाएंगी। हमारी राय में यह इस सेक्टर में आय वृद्धि का अगला पड़ाव साबित होगा।' जियो सभी 22 टेलीकॉम सर्किल में प्रीमियम 700 मेगाहर्ट्ज बैंड में 5G स्पेक्ट्रम खरीदने वाला अकेला ऑपरेटर है।

# देश में चावल की कीमतें बढ़ने का मंडराया खतरा

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। दुनिया के खाद्य पदार्थों के बाजार में चावल की कमी एक नई समस्या के रूप में सामने आ सकती है। इसका कारण भारत के कुछ इलाकों में बारिश की कमी से धान की बुआई में कमी आना है। देश में पिछले तीन सालों में धान की खेती का बुआई क्षेत्र सबसे कम हो गया है। बता दें कि भारत चावल का सबसे बड़ा निर्यातक देश है ऐसे में यहां धान की बुआई कम होने से चावल का उत्पादन कम होगा इसका असर घरेलू बाजार के साथ-साथ उन देशों पर भी पड़ेगा जहां भारत चावल का निर्यात करता है।



**इस साल धान की बुआई में आई 13% की कमी**

भारत में चावल उत्पादन पर खतरा ऐसे समय में मंडरा रहा है जब दुनियाभर के देश खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों से परेशान हैं। भारत में इस साल अब तक धान की बुआई में 13 प्रतिशत तक की कमी आ चुकी है और इसका कारण है देश के कुछ हिस्सों खासकर बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में पर्यात बारिश का ना होगा। बता दें कि सिर्फ ये दो राज्य ही मिलकर देश में लगभग एक चौथाई चावल का उत्पादन करते हैं।

चावल के व्यापारियों का मानना है कि देश में इसका कम उत्पादन जहां महंगाई के साथ लड़ाई को कमजोर करेगा वहीं हमें निर्यात पर पाबंदी लगाने के लिए मजबूर भी करेगा। अगर ऐसा होता है तो भारत के चावल पर निर्भर करोड़ों लोगों को इसके दुष्परिणाम झेलने पड़ेंगे। दुनियाभर में चावल के कारोबार में भारत की हिस्सेदारी 40% है। सरकार देश में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए गेहूं और चीनी के निर्यात पर पहले ही कई तक की बंदिशें लगा चुकी है।

उत्पादन में कमी की चिंता से बढ़ने लगीं कीमतें भारत में चावल की बढ़ी कीमतें भी उत्पादन में कमी के प्रति चिंता को जाहिर करतीं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चावल के कुछ किस्मों कीमतें पिछले दो हफ्तों के दौरान बारिश में कमी के कारण देश के बड़े चावल उत्पादक प्रदेशों पश्चिम बंगाल, ओडिसा और छत्तीसगढ़ में 10% तक बढ़ चुकी है। बंग्लादेश में मांग बढ़ने से भी इन राज्यों में चावल की कीमतों में तेजी आ रही है।

बता दें कि दुनिया में चावल का सबसे अधिक उत्पादन और उपभोग एशिया में ही किया जाता है। एशियाई प्रायद्वीप में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिहाज से यह एक अहम कड़ी है। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद गेहूं और मकई की कीमतों में उछाल आने के बाद चावल पर निर्भरता बढ़ी इससे खाद्य संकट को दूर करने में तो मदद मिली है पर चावल का पर्याप्त भंडार भी कम हो गया।

## पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें जारी

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। तेल कंपनियों ने मंगलवार को कच्चे तेल में गिरावट के बीच 3 अगस्त को पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें जारी कर दी हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश ,उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल के नए रेट में लगातार 74वें दिन कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं हाल ही में महाराष्ट्र में नई सरकार बनने के बाद वैट में कटौती की गई थी। अंतराष्ट्रीय बाजार में मंगलवार को कच्चे तेल की कीमत 99.65 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि डब्ल्यूटीआई 93.75 डॉलर प्रति बैरल पर था। बुधवार यानी कि 3 अगस्त को जारी हुए ईंधन के ताजा रेट के अनुसार, देश की राजधानी में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपए प्रति लीटर है तो वहीं डीजल की कीमत 89.62 रुपए प्रति लीटर है।

## भारतीय रेलवे ने कैंसिल कर दी यूपी-बिहार समेत अन्य जगह को जाने वाली 130 ट्रेनें

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे ने 3 अगस्त को चलने वाली 130 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। ये सभी ट्रेनें यूपी-बिहार, कोलकाता, नई दिल्ली, राजस्थान, पुणे, मध्य प्रदेश व पंजाब को जाती है। इसके अलावा रेलवे ने 22 ट्रेनों को रिशेड्यूल भी कर दिया है। साथ ही 27 ट्रेनों के रूट को डायवर्ट भी किया गया है।

रेलवे ने नई जानकारी आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। अगर आपने भी रिजर्वेशन करा लिया है या फिर रेलवे से सफर करने का प्लान कर रहे हैं तो आपको यह लिस्ट जरूर देखनी चाहिए।

## एक बार फिर डीए में बढ़ोतरी का तोहफा मिल सकता है सरकारी कर्मचारियों-अधिकारियों को

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। सातवें वेतन आयोग के आधार पर वेतन पाने वाले लाखों कर्मचारियों-अधिकारियों तथा पेंशनभोगियों को जल्द ही महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का तोहफा मिलने के आसार नज़र आ रहे हैं. ऐसे आसार हैं कि केंद्र में सत्तासीन नरेंद्र मोदी सरकार इस साल जुलाई से एक बार फिर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी कर सकती है. डीए में वृद्धि होने की सूरत में इसका लाभ केंद्र के लगभग 48 लाख कर्मचारियों-अधिकारियों तथा पेंशन पाने वाले 69 लाख लोगों को मिलेगा।

माना जा रहा है कि अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक इस साल जनवरी और फरवरी में लगभग स्थिर रहा, लेकिन मार्च, 2022 में इसमें हुई बढ़ोतरी की वजह से केंद्र सरकार महंगाई भत्ता एक बार फिर बढ़ाए जाने का फैसला ले सकती है. केंद्र सरकार हर वर्ष दो बार (1 जनवरी और 1 जुलाई) महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में संशोधन करती ही है, जिसकी घोषणा आमतौर पर मार्च और सितंबर में की जाती है, लेकिन 31 दिसंबर, 2019 के बाद से डेढ़ साल तक इसमें कोई बढ़ोतरी या संशोधन नहीं किया गया था.

जैसा हम बता चुके हैं, हर साल सितंबर के आसपास केंद्र सरकार डीए में संशोधन घोषित करती है, और मुद्रास्फीति के नए आंकड़ों के आधार पर उम्मीद की जा सकती है कि इस बार भी वेतन पाने वाले सभी कर्मियों-अधिकारियों का डीए बढ़ाया जा सकता है. अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के नए आंकड़ों के जारी हो जाने के बाद डीए में बढ़ोतरी की मज़बूत संभावना को कतई नकारा नहीं जा सकता।

# आईटीआर भरने के बाद इसे वेरिफाई करना भी जरूरी

## *रिटर्न फाइल करने के 30 दिन के अंदर करना है ये काम, यहां जानें इसकी प्रोसेस*

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख बीत चुकी है। ऐसे में अगर आपने आईटीआर फाइल कर दिया है तो अब उसका वेरिफिकेशन भी जरूरी है। इसके बिना फॉर्म अधूरा माना जाता है।

आईटीआर फाइल करने का अंतिम चरण फॉर्म सबमिट नहीं, वेरिफिकेशन होता है। आप ऑनलाइन ही इसका वैरिफिकेशन कर सकते हैं। हम आपको ऑनलाइन वेरिफिकेशन की प्रोसेस बता रहे हैं।

**30 दिन के अंदर वेरिफिकेशन करना जरूरी**

बिना वेरिफिकेशन के इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की प्रॉसेस को अधूरा माना जाता है।




वेरिफिकेशन के बाद ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आपके आईटीआर को प्रॉसेस करता है। इसके अलावा आईटीआर को अगर वेरिफाई नहीं कराया गया तो आपका रिफंड अटक जाएगा। पहले रिटर्न भरने के 120 दिनों तक वेरिफिकेशन करना होता था, लेकिन अब इस समय को घटाकर 30 दिन कर दिया गया है। अगर आप वेरिफिकेशन नहीं करते हैं तो आपका आईटीआर फाइल नहीं माना जाएगा।

5 करोड़ 83 लोगों ने भरा रिटर्न वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 5 करोड़ 83 लोगों ने इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किया है। आयकर विभाग के अनुसार, लास्ट डेट यानी 31 जुलाई को 72.42 लाख रिटर्न फाइल किए गए। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की तारीख को एक्सटेंड नहीं किया है।

आईटीआर दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई, 2022 थी। ऐसे में अगर आपने अब तक आईटीआर फाइल नहीं नहीं किया है तो इसके लिए आपको लेट फीस देनी होगी। अगर किसी इंडिविजुअल टैक्सपेयर की सालाना आय 5 लाख रुपए से ज्यादा है, तब उसे 5000 रुपए की लेट फीस देनी होगी। अगर टैक्सपेयर की ऐनुअल इनकम 5 लाख रुपए से कम है, तब उसे लेट फीस के रूप में 1,000 रुपए भरने होंगे।



# राजस्थान में कोरोना का खतरा बढ़ा, अलर्ट पर अधिकारी

## 48 घंटे में 5 की मौत, 598 पॉजिटिव; स्वास्थ्य मंत्री बोले- टेस्टिंग तेज हो



जयपुर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में कोरोना का खतरा फिर बढ़ने लगा है। पिछले 48 घंटे में 5 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 598 संक्रमित मिले हैं। इसे देखते हुए चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने राज्य में सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए है। उन्होंने उन शहरों में ज्यादा सैंपलिंग करने के लिए कहा है जहां पिछले दिनों ज्यादा केस आए है। मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर चर्चा के लिए आज मंत्री ने सभी जिले के अधिकारियों संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। इस कॉन्फ्रेंसिंग में मलेरिया, डेंगू की रोकथाम के अलावा इन बीमारियों से प्रभावित मरीजों के ट्रीटमेंट और टेस्टिंग के लिए अभी से काम शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए अभी से डोर-टू-डोर सर्वे शुरू करवाने और सस्पेक्ट लोगों के सैंपल लेकर उसकी टेस्टिंग करवाने के निर्देश दिए।

**कोविड के हर रोज एक हजार सैंपल लें**

बैठक में कोविड के बढ़ते केसों पर भी बात हुई, जिसमें अधिकारियों ने बताया कि राज्य में ये अब वापस धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। इस पर मंत्री ने सभी जिला सीएमएचओ को अपने-अपने यहां कोविड की सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़े शहर जहां पिछले दिनों केस बढ़े और ज्यादा आ रहे है वहां 1 हजार या उससे ज्यादा टेस्ट करने के निर्देश दिए है। मंत्री ने सभी जिला हॉस्पिटल के डॉक्टर्स को ये निर्देश दिए है कि यहां आने वाले खासी, जुकाम ,बुखार के मरीजों की कोविड रिपोर्ट जरूर करवाएं, ताकि ये पता चल सके कि कहीं मरीज कोरोना संक्रमित तो नहीं है।

**जयपुर में मिले है सबसे ज्यादा कोरोना मरीज**

राजस्थान में पिछले महीने जुलाई में 5837 मरीज कोविड पॉजिटिव मिले थे, जबकि 15 की डेथ हुई थी। ये संख्या पिछले 4 महीने में आए कोरोना पॉजिटिव केसों की संख्या में सबसे ज्यादा है। इसमें 1600 से ज्यादा केस तो केवल जयपुर में है। एजवाइजरी देखें तो राज्य में 50 साल या उससे ज्यादा ग्रुप के लोग पिछले दिनों ज्यादा संक्रमित हुए हैं। जयपुर का डेटा देखे तो 39 फीसदी केस 50 साल या उससे ज्यादा एजग्रुप के लोगों के है।

जयपुर के अलावा कोविड के केस जोधपुर, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, अलवर और सिरोही में भी कोविड के केस बढ़ रहे है। यहां पिछले महीने जुलाई में 200 से लेकर 1 हजार तक केस आए है।

# अंबानी-अडानी डील पर गहलोत के मंत्रियों ने निर्मला सीतारमण को दिया जवाब

जयपुर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। अडानी डील पर राजस्थान के सीएम गहलो पर हमलावर हुई केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ गहलोत के मंत्रियों ने मोर्चा खोल दिया है। मंत्री बीडी कल्ला और राजेंद्र यादव ने केंद्रीय मंत्री पर पलटवार किया है। दोनों मंत्रियों ने निर्मला सीतारमण द्वारा राजस्थान में अडानी ग्रुप को जमीन देने के बयान पर शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला और उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र यादव ने जवाब देते हुए कहा कि निर्मला सीतारमण को पता नहीं है की राजस्थान में अडानी के अलावा अन्य लोगों को भी उद्योग के लिए जमीन दी गई है। मंत्री राजेंद्र यादव ने कहा कि राजस्थान में समानता का अनुसरण किया जाता है, बिड तय होती है और जो बिड में शामिल होता है। उसको जमीन दी जाती है। केन्द्र ने हवाई अड्डे और बंदरगाह तक दे दिए। यहां तो पहले केन्द्र से एमओयू होता है और उसके बाद राज्य सरकारों को उनका अनुसरण करना पड़ता है। राजस्थान में अलग से कोई विशेष सुविधा नहीं दी जा रही है।

**मंत्री राजेंद्र यादव बोले- समानता का अनुसरण किया**

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जनसुनवाई के बाद दोनों मंत्रियों ने निर्मला सीतारमण के बयान पर खुलकर बात की। मंत्री राजेंद्र यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री को सीएम गहलोत की आलोचना करने से



पहले तथ्यों को देख लेना चाहिए। गहलोत सरकार ने केंद्र से जो एमओयू होता है। सिर्फ उसका अनुसरण किया है। बोली में जो शामिल होता है। उसके सरकार रोक नहीं सकती। राज्य सरकार ने समानता का अनुसरण किया है। इसलिए केंद्रीय मंत्री बिना सोच-समझकर सीएम गहलोत की आलोचना कर रही है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को राजस्थान में अंबानी-अडानी डील पर निर्मला सीतारमण ने सीएम गहलोत पर सीधा हमला बोला था। इसके बाद गहलोत सरकार को दो वरिष्ठ मंत्रियों ने केंद्रीय मंत्री पर पलटवार किया है।

**निर्मला सीतारमण ने गहलोत पर लगाए थे आरोप**

उल्लेखनीय है कि सोमवार को निर्मला सीतारमण ने कहा कि सीएम गहलोत अंबानी-अडाणी को बुलाकर एमओयू कर रहे हैं। जबकि राहुल गांधी जयपुर में उनके खिलाफ ही भाषण दिया था। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस आरोप लगाती है मोदी सरकार अंबानी-अडाणी के लिए काम करती है। आप लोग यही कहते हो। सिर्फ दो उदाहरण देना चाहती हूं। राजस्थान में सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए 11 जून 2022 और 15 दिसम्बर 2021 में राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत की कैबिनेट ने डिसीजन लेकर 2397 हेक्टेयर जमीन अडानी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग कम्पनी को दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने अडाणी को सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए जमीन दी है। हम अडाणी-अंबानी के चक्कर में नहीं आए। आप बुला-बुलाकर अडाणी को जमीनें दे रहे हो। उल्लेखनीय है कि सीएम गहलोत कैबिनेट ने 11 जून 2022 को अडानी रिन्यूएबल एनर्जी कम्पनी को जैसलमेर में 1000 मेगावाट सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए 2397 हेक्टेयर सरकारी जमीन कीमत लेकर अलॉट करने का भी बड़ा निर्णय लिया था।

# राजस्थान के बड़े कारोबारी समूह के 36 ठिकानों पर आयकर छापा

## जयपुर-कोटा में बेनामी संपत्तियों के राज खुलने की संभावना

जयपुर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में आज आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। आयकर विभाग की टीम ने जयपुर समेत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर छापेमारे है। छापेमार की कार्रवाई जारी है। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार होटल और ज्वेलरी समूह से जुड़े कारोबारी के करीब 36 ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमार कार्रवाई जारी है. बुधवार सुबह से ही आयकर विभाग की टीम कारोबारी के ठिकानों पर सर्च कर रही है। छापेमार कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में काली कमाई उजागर होने की संभावना जताई जा रही है।

**रामनिवास बाग इलाकों में कारोबारी के ठिकानों पर छापा**

विभागीय सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की टीमें कारोबारी के घर, दफ्तर और




प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर रही है। आयकर विभाग के अधिकारी महत्वपूर्ण दस्तावेज खंगालने में जुटे है। अधिकारियों को कुछ दस्तावेज भी मिले हैं। हालांकि, फिलहाल छामार कार्रवाई जारी है। जैसे ही अलसुबह छापामार कार्रवाई को सूचना मिली कारोबारी समूह से जुड़े कार्मिकों में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार राजधानी जयपुर में रामनिवास बाग समेत अन्य इलाकों में कारोबारी के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। जयपुर, कोटा समेत प्रदेश में अन्य जगहों पर कार्रवाई चल रही है। कोटा में दो जगहों पर छापेमार कार्रवाई चल रही है।

**दस्तावेजों की जांच पड़ताल में जुटे अधिकारी**

जानकार सूत्रों की मानें तो बड़े कारोबारी, बिल्डर और शिक्षण सेवाओं से जुड़े लोग भी आयकर विभाग की रडार पर हैं। 200 से अधिक आयकर कर्मी और पुलिसकर्मियों की टीम छापेमारी कार्रवाई में शामिल है। कारोबारी के आवास, दफ्तर, शोरूम और निर्माण इकाइयों पर आयकर विभाग की टीमें छापेमारी कार्रवाई कर रही है। आयकर विभाग की टीमें कारोबारी के बैंक लॉकर्स को भी खंगालने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही कारोबारी के ठिकानों पर दस्तावेजों की भी जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल में काली कमाई के साथ ही बेनामी संपत्तियों के राज खुलने की भी संभावना है।

# राजस्थान में मूसलाधार बारिश का कहर जारी

## माउंट आबू में रिकॉर्ड तोड़ बरसे बादल,यलो एलर्ट जारी



जयपुर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार फिर मानसून सक्रिय होने के साथ ही बारिश का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार देर शाम से लेकर बुधवार सुबह तक राज्य के जयपुर, प्रतापगढ़, सिरोही, नागौर, सवाई माधोपुर समेत 12 जिलों में 2 से लेकर 5 इंच तक पानी बरसा। पिछले 24 घंटे के दौरान माउंट आबू में सबसे ज्यादा 5 इंच(134मिमी) बरसात हुई। इसके बाद हिल स्टेशन की खूबसूरत वादियों में झरने बहने लगे।

उधर, जयपुर में भी बीती रात से बुधवार अलसुबह तक अच्छी बारिश हुई। राजधानी के प्रताप नगर, सांगानेर, बस्सी, पावटा, चाकसू में 2 इंच(60मिमी) तक पानी गिरा। इसी तरह दौसा में महुवा, बांदीकुई, चूरू में राजगढ़, रतनगढ़, भीलवाड़ा में मांडल, बारां में किशनगंज, बांसवाड़ा में जगपुरा और नागौर के डीडवाना में भी अच्छी बरसात हुई।

**आबू में अच्छी बरसात से बहने लगे झरने**

दक्षिण राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के अरनोद में 4.5 इंच(118) बारिश हुई। सिरोही के माउंट आबू में बारिश के बाद यहां पहाड़ों से झरने बहने शुरू हो गए। यहां पहुंचे पर्यटकों ने बारिश का जमकर आनंद लिया। तेज बारिश के बाद नक्की झील का भी जलस्तर बढ़ गया।

जयपुर मौसम केंद्र ने आज जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, करौली, धौलपुर, टोंक, बूंदी, अजमेर, भीलवाड़ा, जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।

# महाराष्ट्र संकट के बाद सचिन पायलट के लिए फिर बैंटिग करने लगे भाजपा नेता

जयपुर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र संकट के बाद भाजपा नेता पूर्व डिप्टी सीएम पायलट की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने पायलट की तारीफ कर अटकलों को फिर हवा दे दी है। अचानक राजस्थान के भाजपा नेताओं की सचिन पायलट के प्रति हमदर्दी नए सियासी समीकरण की ओर संकेत दे रही है। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद ने सचिन पायलट की मुक्तकंठ से तारीफ की है। जानकार इसके तरह-तरह के मायने निकाल रहे हैं। जानकारों का कहना है कि भाजपा पायलट की आड़ लेकर गहलोत को निशाने पर ले रही है। भाजपा नेता चाहते हैं कि कांग्रेस में खींचतान बढ़े और विधासनभा चुनाव 2023 में सियासी लाभ मिल सके। जानकारों का यह भी कहना है कि भाजपा नेता सचिन पायलट की तारीफ क सीधे तौर पर सीएम गहलोत पर अटैक कर रहे हैं। भाजपा नेता चाहते हैं कि गहलोत-पायलट कैंप में चुनाव तक खींचतान चलती रहे। सीएम गहलोत की ओर से निशाना साधे जाने पर खुद सचिन पायलट चुप रहते रहे है। लेकिन भाजपा नेताओं को यह रास नहीं आया है। भाजपा नेता पायलट की तारीफ करते हुए गहलोत पर करारा वार करते रहे हैं।

**भाजपा नेताओं का पायलट के प्रति प्रेम जगजाहिर**

राजस्थान की राजनीति में भाजपा नेताओं का सचिन पायलट से प्रेम जगजाहिर है। भाजपा नेता पूर्व डिप्टी सीएम पायलट की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, ओम माथुर, राजेंद्र राठौड़ और गुलाब चंद कटारिया पायलट की तारीफ कर सीएम गहलोत पर अटैक करते रहे हैं। जुलाई 2020 में ओमप्रकाश माथुर ने कहा कि पायलट भाजपा में शामिल होते है तो उनका स्वागत है। ओम माथुर ने कहा कि अगर कोई भी बीजेपी में आकर हमारी विचारधारा स्वीकार करता है, तो हम लोग हमेशा उसका स्वागत करेंगे। गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार ले दिन से ही इस सरकार में खींचतान साफ देखी जा रही है। दोनों तरफ खेमेबंदी चल रही है, एक-दूसरे के लिए नकारा, निकम्मा और अंग्रेजी बोलने वाला जैसे शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन, यह बात भी सच है कि मरी हुई पार्टी को उस व्यक्ति (सचिन पायलट) ने



अपने परिश्रम से जिंदा किया। इसको कोई नकार नहीं कह सकता। भाजपा नेताओं का कहना है कि जन समर्थन वाले पायलट, मुख्यमंत्री गहलोत की आंखों में चुभ रहे हैं। इसलिए पायलट को निकम्मा और नाकारा बताते हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि सचिन पायलट के पास जनता का समर्थन है जबकि जबकि गहलोत और धारीवाल समेत कांग्रेस के अन्य नेताओं में दम नहीं है। यही कारण है कि वह पायलट मुख्यमंत्री गहलोत की नजरों में कांटे की तरह चुभ रहे हैं और जिसे गहलोत निकालकर फेंकना चाहते हैं ताकि वह निरंकुश राज सकें।

उल्लेखनीय है कि सीएम अशोक गहलोत को भाजपा नेताओं द्वारा सचिन पायलट की तारीफ रास नहीं आ रही है। सीएम गहलोत ने इसका जवाब भी भाजपा नेताओं को दिया है। करीब दो महीने पहले सीएम गहलोत ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर निशाना साधा था।

# मंत्रियों के सामने ही बेरोजगारों का हंगामा

## मंत्री ने नियम बताए तो भड़के, कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उलझे



जयपुर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। नौकरी की मांग को लेकर एनटीटी (नर्सरी टीचर्स ट्रैनिंग ) बेरोजगारों ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मंत्रियों की जनसुनवाई में करीब 1 बजे हंगामा कर दिया। महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश और परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनसुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान नर्सरी टीचर्स ट्रैनिंग भर्ती में नियुक्ति की मांग को लेकर बेरोजगारों ने हंगामा शुरू कर दिया। नियुक्तियां नहीं होने से नाराज बेरोजगाार तुरंत भर्ती प्रक्रिया तो पूरी करने की मांग कर रहे थे। मंत्रियों की जनसुनवाई में हंगामा करने पर बेरोजगारों की पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से नोकझोंक भी हुई। बाद में पुलिस ने बेरोजगारों को कांग्रेस मुख्यालय से बाहर निकाल दिया। साल 2018 में हुई एनटीटी भर्ती के कैंडिडेट्स अपनी मांगों को लेकर कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे थे। इन बेरोजगारों ने जनसुनवाई में महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश से मिलकर जल्द नियुक्तियां देने की मांग की। इस पर मंत्री ममता भूपेश ने कानूनी अड़चनों का हवाला दिया। मंत्री जब कानूनी दिक्कतें गिनाने लगीं तो बेरोजगार नाराज हो गए। हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा कर रहे बेरोजगारों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने समझाया, लेकिन वे उनसे ही उलझ गए। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने बेरोजगारों को बाहर निकाल दिया।

एनटीटी कैंडिडेट्स ने कहा कि हम 2018 से ही भर्ती प्रक्रिया के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विभाग उन्हें नियुक्ति नहीं देकर उनके साथ अन्याय कर रहा है। हमारी मांग पर यदि जल्द से जल्द सुनवाई नहीं हुई तो हम उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे क्योंकि अब हमारे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है।

महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि 1350 एनटीटी की भर्तियों में से 850 को नियुक्ति दी जा चुकी है। कुछ लोग कोर्ट में चले गए जिसके कारण बचे हुए कैंडिडेट्स की नियुक्तियां अटक गईं। जब तक कोर्ट सये फैसला नहीं आ जाता हम नियुक्ति नहीं दे सकते। आज जनसुनवाई में आए एनटीटी कैंडिडेट्स चाह रहे थे कि सरकार बिना कोर्ट के फैसले के ही स्वविवेक से नियुक्ति दे जो संभव नहीं है। कोर्ट में विभाग का वकील भी पैरवी कर रहा है, जैसे ही फैसला आएगा योग्य कैंडिडेट्स को नियुक्ति दे दी जाएगी।

# मंत्री गुढ़ा बोले- राज्यसभा चुनाव में 25 करोड़ ऑफर हुए

## सरकार के सियासी संकट के समय 60 करोड़ दे रहे थे

जयपुर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने एक बार फिर राज्यसभा चुनावों और सियासी संकट के समय विधायकों को करोड़ों रुपए देकर खरीद-फरोख्त का दावा किया है। गुढ़ा ने कहा- राज्यसभा चुनावों के समय एक वोट के बदले 25 करोड़ रुपए का ऑफर मिला। दो साल पहले कांग्रेस में बगावत के समय आए सियासी संकट के समय 60 करोड़ रुपए के ऑफर का दावा किया है। गुढ़ा ने किसी का नाम नहीं लिया।

गुढ़ा ने सोमवार को झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी में एक प्राइवेट स्कूल के बच्चों के सवालों का जवाब देते हुए कहा- जब पिछला राज्यसभा चुनाव हुआ तो उस वक्त मुझे 25 करोड़ का ऑफर था, केवल 25 करोड़ रुपए लेकर वोट किसी एक आदमी को दे दो। मैंने पत्नी से पूछा कि 25 करोड़ आ रहे हैं, एक वोट ही देना है। पत्नी ने कहा था कि हमें पैसे नहीं चाहिए, आपकी इज्जत खराब हो जाएगी।

उससे पहले जब सरकार में उठापटक शुरू हुई, तब मेरे पास 60 करोड़ रुपए का ऑफर था। मेरा मन थोड़ा सा 60 करोड़ के




अंदर लगा भी था। मेरे बेटे-बेटी और वाइफ ने कहा कि पैसा नहीं, हमें इज्जत चाहिए। जब सारे बच्चे ऐसे सोचेंगे तो देश अपने आप ही ठीक हो जाएगा।

गुढ़ा के बयान के सियासी मायने गुढ़ा लगातार मुखर होकर बयानबाजी कर रहे हैं। गुढ़ा खुद को कम महत्व का विभाग मिलने से नाराज हैं। बसपा छोड़कर कांग्रेस में आने वाले दो विधायकों को कुछ पद नहीं मिलने और वादे पूरे नहीं करने को लेकर नाराजगी जता चुके हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि गुढ़ा ने राज्यसभा चुनाव और सियासी संकट के समय उन्हें मिले ऑफर के बावजूद सरकार का साथ देने का एहसान गिनाया है।

गुढ़ा इससे पहले यह भी कह चुके हैं कि बसपा से आने वाले विधायकों ने साथ नहीं दिया होता तो सरकार की बरसी मन चुकी होती। हालांकि सीएम गहलोत सरकार बचाने का क्रेडिट बसपा मूल के विधायकों, निर्दलियों, सीपीएम और बीटीपी विधायकों को देते आए हैं।

गुढ़ा के बयान पर शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि उनके साथ किसी ने इस तरह का ऑफर किया होगा, इसके बारे में तो वही बता सकते हैं। यह बात निश्चित है कि राजस्थान में हॉर्स ट्रेडिंग करने की कोशिश कई बार हो चुकी हैं।

जो लोकतांत्रिक पद्धति में विश्वास रखता है, वह व्यक्ति उसकी निंदा करेगा। राजस्थान को मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र बनाने की कोशिश कई बार की थी, लेकिन यह हुआ नहीं।

# कार-बस की भिड़ंत, कार के उड़े परखच्चे, भाई-बहन की मौत

बाड़मेर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात से रामदेवरा दर्शन करने जा रहे परिवार के सदस्यों की कार और बस के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कार की छत के परखच्चे बिखर गए। आगे कार पिचक गई। हादसे में एक भाई बहन की मौत हो गई। वहीं, दो पत्नी व दूसरी बहन का प्राथमिक उपचार के बाद हाई सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना बाड़मेर जिले के शिव इलाके की है। वहीं, मृतकों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बस ड्राइवर व पैसेंजर को चोट नहीं लगी।

पुलिस के अनुसार गुजरात मेहसाणा (गुजरात) से एक परिवार के चार सदस्य रामदेवरा के लिए रवाना हुआ था। बुधवार को सुबह शिव थाना इलाके के राजबेरा गांव में सामने आ रही बस ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार ड्राइवर दिनेश भाई (44) पुत्र जैसाजी ठाकुर निवासी गोकलपुरा मेहसाणा की मौके पर ही मौत हो गई।

# रेप के आरोपी से 1.40 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा

अलवर, 3 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान पुलिस का एक बार फिर शर्मनाक चेहरा सामने आया है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने पुलिस स्टेशन में 1.40 लाख की रिश्वत लेते एक हेड कॉन्स्टेबल को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। रिश्वत रेप के आरोपी से ली जा रही थी। इस केस में स्टेशन एसएचओ और रीडर के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

मामला अलवर के बानसूर पुलिस स्टेशन का है। एसीबी अलवर एएसपी विजय कुमार मीणा ने बताया कि एक अगस्त को उन्हें



हेड कॉन्स्टेबल सुरेश कुमार चौधरी, एसएचओ रविंद्र सिंह कविया के खिलाफ रिश्वत मांगने को लेकर शिकायत मिली थी। परिवादी महिला मुकेश देवी निवासी हरसोली (कोटकासिम) के अनुसार कविया ने थाने में उसके पति सतीश कुमार को अवैध रूप से पिछले 17 दिनों से थाने में बैठा रखा है। पति को गिरफ्तार नहीं करने और केस रफा-दफा करने को लेकर उससे 1 लाख 50 हज़ार की रिश्वत मांगी जा रही है।

टीम ने शिकायत का सत्यापन करवा कर डीएसपी महेंद्र मीणा के नेतृत्व में टीम बनाई। इसके बाद मंगलवार रात करीब 8 बजे पुलिस थाने में मुकेश देवी ने रिश्वत की राशि हेड कॉन्स्टेबल सुरेश कुमार को सौंपी। बाहर पहले से मौजूद एसीबी टीम ने आरोपी को 1 लाख 40 हज़ार रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

# लायंस क्लब आफ हैदराबाद राजधानी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। लायंस क्लब आफ हैदराबाद राजधानी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह व अगस्त माह की मासिक मीटिंग कल अध्यक्ष लायन लक्ष्मी नारायण राठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व शपथ ग्रहण अधिकारी के रूप में लायन डी. नरसिम्हा राजू केबिनेट सेकेट्री डिस्ट्रिक्ट 320 डी व सम्मानित अतिथि रिजन चेयरमैन रघुनाथ रेड्डी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ लायन पुरुषोत्तमदास मांधाना ने ध्वज वंदना के द्वारा किया। सर्व प्रथम अध्यक्ष लायन लक्ष्मीनारायण राठी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में मीटिंग में पधारे सभी सदस्यों का स्वागत व अभिनन्दन किया, तथा विगत विगत वर्ष के अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में सदस्यों द्वारा क्लब को नयी ऊंचाईयां प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। क्लब के मानद मंत्री लायन प्रकाश एच. भंडारी ने विगत वर्ष 21-22 में किये गये सेवा कार्य का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष में क्लब द्वारा सेवा कार्यों में कुछ कमी रही, फिर भी हमारा क्लब डिस्ट्रिक्ट का एक अग्रणी क्लब हैं, व समय समय पर क्लब को रिजन व डिस्ट्रिक्ट में विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों द्वारा क्लब को संचालित करने में प्रदत्त सहयोग व मार्गदर्शन के लिए आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरसिम्हा राजू ने अपने वक्तव्य में क्लब द्वारा किये गए सेवा व प्रशासनिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समय समय पर क्लब द्वारा सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि राजधानी क्लब द्वारा लायंस भवन में राजधानी हाल व आडिटोरियम का निर्माण अपने आप में महत्वपूर्ण कार्य हैं तथा महावीर हास्पिटल में डायलिसिस मशीनों भेंट कर मानव सेवा ही माधव सेवा को चरितार्थ किया हैं। तत्पश्चात आपने आगामी लायनिस्टिक वर्ष 22-23 के लिए क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष लायन रमेश गांधी, निवर्तमान अध्यक्ष लायन लक्ष्मी नारायण राठी, मानद मंत्री प्रकाश एच भंडारी, कोषाध्यक्ष लायन मुन्ना लाल बंग, उपाध्यक्ष लायन कमल जाजू, सह-मंत्री श्री गोपाल अट्टल, टेमर अरुण भंडारी, टेल ट्विस्टर नवल बंग, जीएलटी समन्वयक लायन पुरुषोत्तमदास मांधाना, जीएमटी समन्वयक लायन श्री किशन बंग तथा सुरज तोषनीवाल, राजेन्द्र जैन, बाल किशन नावंदर, गौतम अलिजार व गोविंद चांडक निर्देशक के पद की शपथ दिलाई।

लायन प्रकाश एच भंडारी धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास मान्धाना, श्रीकिशन बंग, राजेन्द्र जैन, मुन्ना लाल बंग, सूरज प्रकाश तोषनीवाल, कमल बजाज, रमेश गांधी, पुरुषोत्तम अटल, कमल जाजू, विट्ठल अटल, एवं दीपक अग्रवाल, अरूण भंडारी, श्रीगोपाल अट्टल, आशिष बंग आदि उपस्थित थे।



**ढोला री ढाणी में 7 अगस्त को आयोजित होने वाले रजस्थानी म्यूजिकल नंइट्स में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेने के लिए समाजसेवी नंदकिशोर व्यास बिलाल व विशेष सहयोगी धर्मीचंद कुमावत को आमंत्रित करते हुए अशोक कुमावत, रामकिशोर कुमावत, अशोक कुमार व अन्य।**



**अत्तापुर पर्ल हाइट अपार्टमेंट समाज सेवी एवं उद्योगपति अरुण डाकोतिया का सम्मान करते हुए कवि मनोहर कोसंदर एवं समाज सेवी राजेश करवा।**

## राजभवन में राज्यपाल हरिचंदन का जन्मदिन मनाया गया

विजयवाड़ा, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन का 89 वां जन्मदिन बुधवार को यहां राजभवन में धूमधाम से मनाया गया। मौजूदा कोविड-19 महामारी की स्थिति के कारण बहुत कम वीआईपी को राज्यपाल से व्यक्तिगत रूप से मिलने और उनके जन्मदिन पर बधाई देने की अनुमति दी गई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने राज्यपाल हरिचंदन से फोन पर बात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, तेदेपा के राष्ट्रीय महासचिव एन. लोकेश, जनसेना अध्यक्ष पवन कल्याण, वाईएसआरसीपी एमएलसी थलसिला रघुराम, एल. अप्पी रेड्डी और अन्य लोगों ने बधाई दी। सभी ने राज्यपाल के लंबे, सुखी और स्वस्थ जीवन की कामना की। अन्य अधिकारी और राजभवन के कर्मचारियों ने राज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। इससे पहले श्री कनक दुर्गा अम्मावरी मंदिर के पुरोहितों ने राज्यपाल और उनकी पत्नी को मंदिर का प्रसाद और आशीर्वाद दिया।

# अग्रवाल समाज हिमायतनगर शाखा की सावन की सैर 7 को, हुई बैठक



हैदराबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज हिमायत नगर शाखा की सावन की सैर 7 अगस्त, रविवार को प्राईड रिसार्टस्, बीबी नगर में आयोजित की जाएगी। हिमायतनगर स्तिथ अध्यक्ष पवन भुवानिया के निवास स्थान पर सभा में निर्णय लिया गया। शाखा के संस्थापक एवं केन्द्रीय समिति सदस्य डी.पी. 'अग्रवाल ने बताया कि रिसार्ट आने जाने के लिए शाखा के द्वारा बस की व्यवस्था की जाएगी जो प्रातः ठीक 9 बजे वशीर बाग स्थित माता के मंदिर के पास से निकलेगी। रिसार्ट में इंडोर गेम्स, आउट डोर गेस्ट, स्विमिंग, रेन डांस, वाटर गेम्स आदि उपलब्ध होते। उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल एवं सहसचिव नवीन आयात ने बताया कि इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा। सभा में संस्थापक डी.पी अग्रवाल, अध्यक्ष पवन मुवनिया सुमन भुवानिया,मुकेश गुप्ता, आनन्द पित्ती, आनंद डालमिया आदि उपस्थित थे।

# दिहाड़ी मजदूर की हत्या के आरोप में तीन में से एक महिला गिरफ्तार



आसिफाबाद, 3 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मध्य प्रदेश के सिरपुर (टी) के इटुकलपहाड़ गांव में रविवार को एक दिहाड़ी मजदूर की हत्या के आरोप में एक महिला सहित तीन लोगों को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। घटना का खुलासा मंगलवार को हुआ।

